वर्ष 72 ▸ अंक 243 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 01 जून, 2025
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 06, विक्रम संवत् 2082
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार Sunday

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com




## अहिल्याबाई का विकास मॉडल अनुकरणीय



**भोपाल।** जम्बूरी मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर को समर्पित डाक टिकट और 300 रुपए का सिक्का जारी किया। साथ ही एक स्मारिका का विमोचन किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा-देवी अहिल्याबाई होल्कर ने गुलामी के दौर में विकास का ऐसा मॉडल तैयार किया और ऐसे कार्य किए, जिसकी चर्चा आने वाली पीढ़ी कर रही है। उन्होंने 250-300 साल पहले किसानों को कपास की खेती और मसालों की फसल बढ़ाने की बात कही थी कि हम गन्ने और धान की खेती पर निर्भर नहीं रह सकते। अहिल्याबाई भारत की विरासत की बहुत बड़ी संरक्षक थीं। जब देश की संस्कृति, मंदिरों पर हमले हो रहे थे, तब लोकमाता ने उन्हें संरक्षित करने का वीणा उठाया और काशी सहित कई मंदिरों-तीर्थों का पुनर्निर्माण कराया। आहिल्याबाई दृढ़ इच्छा शक्ति का प्रतीक हैं कि चाहे जैसी भी और जितनी भी विपरीत परिस्थितियां हों, लेकिन हार नहीं मानना है।




### प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान को दी चेतावनी, कहा- गोली का जवाब गोले से देंगे, घर में घुसकर मारेंगे

# 'ऑपरेशन सिंदूर' आतंकियों के खिलाफ भारत के इतिहास का सबसे बड़ा और सफल अभियान



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवादियों के खिलाफ भारत के इतिहास का सबसे बड़ा और सफल ऑपरेशन है, जहां पाकिस्तान की सेना ने सोचा तक नहीं था, हमने उनके घर में घुसकर आतंकियों को मिट्टी में मिला दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सिंदूर हमारी परम्परा और संस्कृति का प्रतीक है। आतंकियों ने हमारी संस्कृति पर प्रहार किया। हमारे समाज को बांटने की कोशिश की। हमारी नारी शक्ति को चुनौती दी। यह चुनौती उनके और उनके आकाओं के लिए काल बन गई। उन्होंने कहा कि अब हम गोली का जवाब गोला से देंगे और घर में घुसकर मारेंगे और जो आतंकियों की मदद करेगा, उसे भी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

प्रधानमंत्री शनिवार को लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जन्मशताब्दी पर भोपाल के जम्बूरी मैदान पर आयोजित महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमने अपने इस ऑपरेशन से साफ संदेश दे दिया है कि अब छद्म युद्ध नहीं चलेगा। हम घर में घुसकर आतंकियों को मारेंगे। पीएम ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर हमारी नारी शक्ति के सामर्थ्य और ■ शेष पृष्ठ 7 पर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री मोदी को बैतूल जिले की भैरवा धातु शिल्प कला से बनी पुष्पक विमान की कला कृति भेंट की।

### सम्मान और शुभारंभ

- प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ की जनजातीय कलाकार डॉ. जयमती कश्यप को देवी अहिल्या बाई राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया।
- लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर को समर्पित डाक टिकट और 300 रुपए का सिक्का जारी किया।
- दतिया और सतना एयरपोर्ट का लोकार्पण तथा इंदौर मेट्रो का शुभारंभ किया।
- प्रदेश में 1271 नए अटल ग्राम सेवा सदन (पंचायत भवन) निर्माण के लिए प्रथम किस्त के अंतर्गत 483 करोड़ रुपए का वर्चुअल अंतरण भी किया।

### हमारी सरकार ने महिलाओं को सशक्त किया

मोदी ने कहा- हमने पिछले 11 साल में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। हमारी सरकार ने 30 करोड़ जनधन खाते खुलवाए। मुद्रा योजना का लाभ लेने वाली ज्यादातर महिला उद्यमी ही हैं। देशभर में 10 करोड़ बहनें स्व-सहायता समूह से जुड़ी हैं और कमाई कर रही हैं। सरकार ने 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने का संकल्प लिया है। नमो ड्रोन योजना के अंतर्गत अब तक 1.5 करोड़ बहनें लखपति बन चुकी हैं। देश में साइंस और मैथ्स पढ़ने वाली बेटियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। चंद्रयान 3 मिशन में 100 से अधिक महिला वैज्ञानिक शामिल थीं। देश में स्टार्टअप की संख्या बढ़ रही है, इनमें 45 प्रतिशत नेतृत्व महिलाओं के पास है। हमारी सरकार में पहली बार पूर्णकालिक महिला रक्षा और वित्त मंत्री बनीं। इस बार 75 सांसद महिलाएं हैं, पंचायतों में भी महिला प्रतिनिधियों की भागीदारी बढ़ रही है। मोदी ने कहा-हमारी सेना ने पहली बार सैनिक स्कूलों के दरवाजे बेटियों के लिए खोले हैं। अगर हम वर्ष 2014 से पहले देखें, तो तब एनसीसी में 25 फीसदी बेटियां कैडेट बनती थीं पर आज उनकी संख्या 50 प्रतिशत से भी ज्यादा हो गई है। एनडीए में भी महिला कैडेट का पहला बैच पासआउट हुआ है। सेना, नौसेना और वायुसेना में बेटियां अग्रिम मोर्चे पर तैनात हो रही हैं। दो बेटियों ने बिना मोटर की वोट में ढाई सौ दिन की समुद्री यात्रा पूरी की है।

### मोदी के नेतृत्व में शिखर पर पहुंचेगा भारतः सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि आज देश-प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देवी अहिल्याबाई के मार्ग पर पूरा शासन चल रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उपलब्धि हासिल की है और आगे भारत दुनिया में शिखर पर पहुंचेगा। प्रदेश सरकार गरीब, किसान, युवा और नारी सहित हर वर्ग के कल्याण के लिए केंद्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर कार्य कर रही है। लोकमाता अहिल्या महारानी ने एक आदर्श बहू और आदर्श पत्नी रहते हुए शासन चलाया। प्रदेश में विगत 500 साल के काल पर नजर डालें तो गोंडवाना की रानी अवंतीबाई ने तीन बार अकबर को धूल चटाई थी। इसी प्रकार रानी दुर्गावती ने भी मुगलों के सामने कभी भी आत्मसम्मान से समझौता नहीं किया। ग्वालियर की राजमाता सिंधिया ने भी भारतीय लोकतंत्र को मजबूत किया। पीएम मोदी ने इंदौर की सुमित्रा ताई को लोकसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी देकर प्रदेश का मान बढ़ाया। आज राष्ट्रपति भी एक महिला हैं। पीएम के नेतृत्व में भारतीय सेना ने आतंकी सरकार और आतंकवादियों को धूल चटाई।

### जम्मू-कश्मीर, गुजरात समेत 6 राज्यों में मॉक ड्रिल

## पाकिस्तान से सटे राज्यों में ब्लैक आउट, एयर स्ट्राइक की ड्रिल पूरी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ऑपरेशन शील्ड के तहत शनिवार को देश के 6 राज्यों जम्मू-कश्मीर, गुजरात, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में मॉक ड्रिल हुई। शाम 5 बजे से रात 9 बजे के बीच एयर स्ट्राइक, अटैक और ब्लैक आउट की ड्रिल को पूरा किया गया।

बम ब्लास्ट, फायरिंग, इमारत में आग लगने की स्थिति से कैसे निपटा जाए, इसकी भी ड्रिल हुई। इमारत में आग लगने पर लोगों को बाहर निकालने, घायलों को तुरंत रेस्क्यू कर मेडिकल हेल्प देने, एम्बुलेंस के जरिए उन्हें अस्पताल भेजने, आग पर काबू पाने की ड्रिल को अंजाम दिया गया।

रात 8 बजे से 9 बजे के बीच इन राज्यों में ब्लैक आउट भी रहा। सायरन बजने के साथ ही कई जिलों में 15 मिनट, कहीं 20 से 25 मिनट तो कहीं 30 मिनट तक ब्लैक आउट रहा। इस दौरान पुलिस की टीमें



चड़ीगढ़

पेट्रोलिंग करती रहीं। लोगों को सतर्क किया गया। इन राज्यों में पहले यह मॉक ड्रिल 29 मई को होनी थी, लेकिन किन्हीं कारणों से इसे टाल दिया गया था। इसके बाद नई तारीख 31 मई तय की गई थी। 7 मई के बाद दूसरी बार पाकिस्तान से बॉर्डर शेयर करने वाले इन राज्यों में मॉक ड्रिल को अंजाम दिया गया है। बता दें कि 7 मई को 244 शहरों में ड्रिल की गई थी। इसमें नागरिकों को हमले के दौरान खुद को बचाने की ट्रेनिंग दी गई थी। यह इसलिए किया गया ताकि युद्ध की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### ऑपरेशन सिंदूर में फाइटर जेट गिराने के सवाल पर बोले सीडीएस

## मुद्दा यह नहीं कि कितने विमान गिरे हमने अपनी गलती को फौरन सुधारा

**सिंगापुर, जेएनएन।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान ने शनिवार को सिंगापुर में पाकिस्तान के साथ संघर्ष में भारतीय फाइटर जेट गिरने के दावों पर बात की। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि पाकिस्तान ने भारत के कितने विमान गिरा दिए थे लेकिन उन्होंने जो कहा, उससे साफ हो गया कि भारत को अपने कुछ फाइटर जेट खोने पड़े। सीडीएस ने ब्लूमबर्ग से कहा-असली मुद्दा यह नहीं है कि कितने विमान गिरे, बल्कि यह है कि वे क्यों गिरे? सीडीएस शांगरी-ला डायलॉग कार्यक्रम में हिस्सा लेने सिंगापुर पहुंचे हैं।



सीडीएस ने कहा-भारत ने अपनी गलतियों को पहचाना, उन्हें जल्दी सुधारा और फिर दो दिन के भीतर दुश्मन के ठिकानों को लंबी दूरी से निशाना बनाकर प्रभावी तरीके से जवाब दिया। सशस्त्र बलों ने रणनीतिक गलतियों का विश्लेषण करने, उन्हें सुधारने और ऑपरेशन सिंदूर के रूप में जवाबी कार्रवाई करने में जो तत्परता दिखाई, उस पर बात होनी चाहिए। भारत ने साबित किया कि उसके पास एक कुशल सेना है। उन्होंने बताया, भारत ने 7, 8 और 10 मई को बड़े पैमाने पर पाकिस्तान के वायु ठिकानों को गहराई तक निशाना बनाया। हमने पाकिस्तान की वायु सुरक्षा प्रणाली को भेदते हुए सटीक स्ट्राइक की। 10 मई को हमने हर प्रकार के विमान और हथियारों का इस्तेमाल किया। उन्होंने पाक पीएम के भारत के छह फाइटरजेट गिराने के दावे को खारिज कर दिया।

इससे पहले 12 मई को एयर मार्शल एके भारती से पूछा था कि क्या ऑपरेशन के दौरान राफेल या कोई जेट गिरा था? तब उन्होंने कहा था कि वायुसेना के सभी पायलट ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### संसद का विशेष सत्र तुरंत बुलाए सरकारः खड़गे

सिंगापुर में सीडीएस के बयान के बाद कांग्रेस केंद्र सरकार पर आक्रामक हो गई है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि मोदी सरकार ने देश को गुमराह किया है। उन्होंने कहा कि संसद का सत्र तत्काल बुलाया जाए, जिसमें ऑपरेशन सिंदूर पर विस्तार से चर्चा हो सके।





**स्मृति शेष** | वन्यजीवों और पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित किया पूरा जीवन, कैंसर से थे पीड़ित

## दुनिया को अलविदा कह गए बाघों के दोस्त वाल्मीक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश के प्रसिद्ध पर्यावरणविद और टाइगर मैन के नाम से मशहूर वाल्मीक थापर का शनिवार सुबह 73 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से कैंसर से पीड़ित थे। थापर का निधन दिल्ली के कौटिल्य मार्ग स्थित उनके आवास पर हुआ। उनका अंतिम संस्कार भी शनिवार को लोधी इलेक्ट्रिक श्मशान घाट पर कर दिया गया।

वाल्मीक थापर ने अपना पूरा जीवन वन्यजीवों के संरक्षण, खासतौर पर बाघों के लिए समर्पित किया। उन्होंने वर्ष 1988 में राजस्थान के रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान से जुड़े 'रणथंभौर फाउंडेशन' की स्थापना की, जो वन्यजीव संरक्षण के लिए कार्य करता है। थापर राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड सहित 150 से अधिक सरकारी समितियों और कार्यबलों के सदस्य रहे। नई दिल्ली में वर्ष 1952 में जन्मे वाल्मीक थापर ने दून स्कूल से शिक्षा प्राप्त की और दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफंस कॉलेज से समाजशास्त्र में स्नातक किया। वे प्रसिद्ध पत्रकार रोमेश थापर के पुत्र और इतिहासकार रोमिला थापर के भतीजे थे। उन्होंने अभिनेता शशि कपूर की बेटी और रंगमंच कलाकार संजना कपूर से विवाह किया था। उनके पुत्र का नाम हमीर थापर है। वाल्मीक को वर्ष 2005 में सरिस्का बाघ अभयारण्य से बाघों के लुप्त होने की जांच और संरक्षण रणनीति के लिए गठित 'बाघ कार्य बल' का सदस्य भी बनाया गया था।



जन्म-1952
निधन-31-05-2025

### ज्यादातर समय मैदान में बिताया

थापर कोई आरामकुर्सी पर बैठे संरक्षणवादी नहीं थे, उन्होंने जितना संभव हो सके उतना समय मैदान में बिताया, चाहे चिलचिलाती गर्मी हो या बर्फीली सर्दियों की सुबह, बारिश हो या धूप, वह जटिल, संवेदनशील मुद्दों का समाधान खोजने के लिए विभिन्न समुदायों के बुजुर्गों, भारत के टाइगर रिजर्व और राष्ट्रीय उद्यानों का प्रबंधन करने वाले अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करते रहते थे। उन्होंने भारत के बाघों को दुनिया के सामने पहचान दिलाने के बहुत काम किया, इसलिए पूरी दुनिया के पर्यावरण-प्रेमियों से उनका संवाद था।

### 30 से अधिक पुस्तकें लिखीं

वाल्मीक का मानना था कि बाघों को बचाने के लिए ऐसे क्षेत्र चाहिए, जहां इंसानों का दखल न हो। बाघों के लिए एक न्यूनतम प्राकृतिक क्षेत्र होना चाहिए, जो सिर्फ उनके लिए हो। उन्होंने 30 से ज्यादा किताबें लिखीं। इनमें 'लैंड ऑफ द टाइगरः ए नेचुरल हिस्ट्री ऑफ द इंडियन सबकॉन्टिनेंट' (1997) और 'टाइगर फायरः 500 इयर्स ऑफ द टाइगर इन इंडिया' मशहूर हैं। उन्होंने वन्यजीवों पर कई फिल्में भी बनाईं। 1997 में बीबीसी की सीरीज 'लैंड ऑफ द टाइगर' में उन्होंने उपमहाद्वीप की जैव-विविधता दिखाई। 2024 में वाल्मीकि 'माई टाइगर फैमिली' नाम की डॉक्यूमेंट्री में दिखे। इसमें उन्होंने रणथंभौर में 50 साल तक बाघों को देखने का अनुभव साझा किया। वे प्रोजेक्ट चीता के आलोचक थे। उनका कहना था कि भारत में अफ्रीकी चीतों को रखने के लिए न तो सही जगह है, न शिकार और न ही विशेषज्ञता।

### 5 राज्यों के 15 ठिकानों पर एनआईए का छापा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा शनिवार को देश के पांच राज्यों में ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। जांच एजेंसी द्वारा आंतकवादी गतिविधियों से जुड़ी सूचना मिलने पर कुल 15 ठिकानों पर छापेमारी की। ये ठिकाने उत्तर प्रदेश, असम, पश्चिम बंगाल, बिहार और आंध्र प्रदेश में हैं। एनआईए की छापेमारी किसी बड़े वित्तीय लेन-देन, टेरर फंडिंग समेत संदिग्ध गतिविधियों से जुड़े मामले में हुई। हालांकि, एजेंसी ने इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया, जिससे रहस्य और गहरा गया। छापेमारी शनिवार तड़के एक साथ शुरू की गई। राज्य मुख्यालयों से टीमें ठिकानों पर पहुंचीं और जांच-पड़ताल शुरू की। छापा शाम पांच बजे तक चलता रहा। बताया जा रहा है कि सभी टीमें शनिवार देर रात एनआईए के दिल्ली स्थित मुख्यालय में कार्रवाई की समीक्षा एक बैठक में करेंगी, उसके बाद रविवार सुबह देश को छापेमारी का मकसद बताया जाएगा।

# मेधावी छात्रा सम्मान समारोह 15 जून को होगा आयोजित




**जागरण, सतना।** सामाजिक संस्था यूथ हैल्पिंग हैंड्स की विशेष बैठक 30 मई शुक्रवार को रीवा रोड स्थित ओम प्लाजा में संस्थापक रूपेश वलेचा की अध्यक्षता सम्पन्न हुई ।बैठक की शुरुवात महिला मंडल द्वारा दीप प्रज्वलित कर की बैठक की जानकारी देते हुए डॉक्टर मनीष सोई ने बताया आगामी 15 जून रविवार को मेधावी छात्रा सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय सर्व समिति से लिया गया। जिसमें क्लास 9 से 12 तक जिन बच्चियों के 85 प्रतिशत या उस से अधिक लाये है उनका सम्मान किया जाएगा यह सम्मान समारोह अमृत वाटिका आयुष्मान हॉस्पिटल के पास में शाम 4 से आयोजित किया जाएगा जिसकी तैयारियां जोर.जोर से प्रारंभ की गई। डोली भांबरी ने आगे बताया इस सम्मान समारोह में सतना एवं मैहर जिले की हर वर्ग की बेटियां शामिल हो सकती हैं अभी तक 200 बच्चियों का रजिस्ट्रेशन हो चुका हे जो बेटियां शामिल होना चाहती हैं। बैठक का सफल संचालन श्रीमती ज्योति मनवानी ने किया एवं आभार अमन जयसवाल ने व्यक्त किया। बैठक में संस्था के संस्थापक रूपेश वलेचा डॉ मनीषा सोई डॉक्टर लक्ष्मी मोहनानी डोली बमरी डॉ एकता वाधवानी डॉ आकृति गुप्ता माधुरी शर्मा सुहानी वलेचा अक्षरा दासानी ज्योति मनवानी एकता सेनानी स्वाति तिवारी श्रद्धा भीमनानी मनीष असरानी सोमेश आहूजा अमित भवनानी योगेश दासानी अमित शर्मा हिमांशु श्रीवास्तव संजय खिलवानी गुलाबराय नागदेव सोनू नागदेव और राजेन्द्र गुप्ता उपस्थित थे।

## आजाक के निलंबित बाबू नहीं दे रहे प्रभार, होगी एफआईआर

**रीवा।** अनिमितता मामले में जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग कमलेश्वर सिंह ने विभाग के दो निलंबित कर्मचारियों विकास कुमार तिवारी सहायक ग्रेड तीन और शिव प्रसाद पटेल सहायक वर्ग तीन को शासकीय अभिलेख तीन दिवस में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जिला संयोजक ने कहा है कि निलंबित कर्मचारियों द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र का तय समय सीमा में उत्तर नहीं दिया गया है तथा महत्वपूर्ण विभागीय अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। दोनों निलंबित कर्मचारी कार्यालय में उपस्थित होकर अपना प्रभार निर्दिष्ट कर्मचारियों को सौंपते हुए समस्त रिकार्ड उपलब्ध कराएं। अभिलेख न देने पर आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

## आपदा प्रबंधन की तैयारी बैठक 2 जून को


**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में 2 जून को आपदा प्रबंधन की तैयारी बैठक आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल बाढ़ नियंत्रण एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों की विभागवार समीक्षा करेंगी। बैठक साप्ताहिक टीएल बैठक के बाद आरंभ होगी। सभी संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

## बलात्संग का आरोपी गिरफ्तार

**रीवा।** मऊगंज पुलिस ने बलात्संग के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पीड़िता ने गुरुवार को अपने परिजनों के साथ पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 64, 64(2)(एम), 351(3)332(बी) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी सोनू सिंह उर्फ नीलेश कुमार सिंह पिता रामशरण सिंह 36 वर्ष निवासी अर्जुनपुर पैकान को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

# इंडो न्यूक्लियर एनर्जी एथेनॉल प्लांट के खिलाफ ग्रामीणों का हल्ला बोल, 1 जून को धरना प्रदर्शन

**जागरण, सतना।** सतना जिले के मझगवां क्षेत्र में इंडो न्यूक्लियर एनर्जी एथेनॉल प्लांट के प्रबंधन की मनमानी के खिलाफस्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। ग्राम पंचायत पटना कला के सेहा नाले पर बिना अनुमति चेक डेम में 30 फुट गहरा गड्ढा खोदने नाले को तार.जाली से बंद करने और सड़क किनारे 3 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन डालने जैसे अनियमित कार्यों ने ग्रामीणों को आंदोलन के लिए मजबूर कर दिया है। इस लापरवाही का सबसे दुखद परिणाम रहा धीरेन्द्र यादव नामक युवक की मौतए जिसके लिए ग्रामीण प्रबंधन को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। पूर्व प्रदेश सचिवए मध्य प्रदेश कांग्रेसए आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने अनुविभागीय दंडाधिकारी ;राजस्वद्धए मझगवां को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में प्रबंधन पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने और निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। इसके साथ हीए 1 जून 2025 को प्लांट के सामने सांकेतिक धरना.प्रदर्शन की घोषणा की गई है। वेस्टेज निष्कासन पर रोक प्लांट का जहरीला वेस्ट पानी खेतों में बहाया जा रहा है जिससे फसलें बर्बाद हो जाती हैं। इस पर तत्काल रोक और कार्रवाई की मांग। प्रदूषण नियंत्रण प्लांट से 5 किमी के दायरे में दुर्गंध फैल रही है जिससे मवासी आदिवासी समुदाय सहित


मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी
इंदिरा भवन, शिवाजी नगर, भोपाल- 462016 (म.प्र.)
आशुतोष द्विवेदी
पूर्व प्रदेश सचिव
मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी
दिनांक 30.05.2025

स्थानीय लोग बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। प्रदूषण यंत्रों का रखरखाव सुनिश्चित होए अन्यथा प्लांट बंद किया जाए। भारी वाहनों पर रोक धान, चावल, भूसी और कोयले के भारी ट्रकों से सड़क पर आवागमन मुश्किल हो रहा है और दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। सेहा नाला से पानी की अनधिकृत निकासी बंद हो सड़क शोल्डर की मरम्मत होए और जिम्मेदारों पर दंडात्मक कार्रवाई हो।

# आशा कार्यकर्ताओं ने विधायक से की मुलाकात



**सतना।** आशा कार्यकर्ताओं ने विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के कार्यालय पहुंचकर मुलाक़ात की एवं अपनी समस्याओं से विधायक को अवगत कराया जिस पर उन्होंने तत्काल निराकरण करने हेतु आश्वासन दिया। साथ ही विधायक ने कहा की आशा बहनों के लिए हर संभव सहायता सुनिश्चित करूँगा समाज के लिए आप सभी बहनो का सहयोग महत्वपूर्ण है ।

# विश्व हिंदू महासंघ की बैठक सम्पन्न



**जागरण, रामपुर बाघेलान।** विश्व हिंदू महासंघ भारत के मध्य प्रदेश अध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल के निर्देशों का पालन करते हुए 30 मई को सायं 5 बजे आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया है जिस पर योगी जी के जन्मदिन को लेकर कुछ विशेष चर्चाएं की जाएगीए और संगठन विस्तार पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए। आयोजित बैठक में मुख्य रूप से मुख्यरूप से पुष्पराज सिंह बघेल प्रदेश अध्यक्ष मप्र विश्व हिंदू महासंघ भारतए रामानंद सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष, दीपक चुगवानी प्रदेश महामंत्री, प्रणव धाराधर नगर अध्यक्ष,ज्ञानेंद्र चतुर्वेदी जिला उपाध्यक्षए राकेश गुप्ता जिला कोषाध्यक्ष,नीतेंद्र सिंह परमार ब्लॉक अध्यक्ष कोटर, दिलीप द्विवेदी ब्लॉक अध्यक्ष बिरसिंहपुर, डॉ दीपक सोईए समाजसेवी संजीव शर्मा, मातृशक्ति से मिथिलेश सिंह बघेल प्रदेश महामंत्री, पूजा चतुर्वेदी प्रदेश उपाध्यक्ष ,जयश्री द्विवेदी प्रदेश मीडिया प्रभारी संदीप गुप्ता जिला अध्यक्ष आरती गुप्ता जिला उपाध्यक्षए सुनीता शर्मा जिला उपाध्यक्ष,निशा सोनी जिला मंत्री,डॉ मनीषा सोई सहित अन्य विश्व हिंदू महासंघ भारत के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे और 5 जून से 11 जून तक आयोजित वाले कार्यक्रमों के विषय में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

# शराब तस्करों के विरुद्ध 51 प्रकरण दर्ज

**जागरण, सतना।** रामपुर बाघेलान टीआई संदीप चतुर्वेदी ने थाना क्षेत्र के अंतर्गत अभियान चलाकर अवैध शराब तस्करो के विरूद्ध 51 प्रकरण दर्ज कर 392 लीटर अवैध शराब जप्त करने में सफलता पाई है वहीं दो आरोपियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही आईजी रीवा रेंज गौरव राजपूत द्वारा नशा के विरूद्ध चलाये गये अभियान के तहत एसपी आशुतोष गुप्ता क निर्देश एएसपी विक्रम सिंह , डीएसपी मुख्यालय वीरेन्द्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में रामपुर टीआई संदीप चतुर्वेदी एवं सभी बीट प्रभारी व चौकी प्रभारी द्वारा की गई है।



**196 लीटर देशी व 135 लीटर अंग्रेजी शराब जप्त :** पुलिस ने बताया कि कार्यवाही के दौरान 52 आरोपियों के कब्जे से अंग्रेजी एवं 196.680 लीटर देशी शराब 135.900 लीटर अंग्रेजी, 60 लीटर हाथ भट्टी शराब जप्त की गई है। इस कार्यवाही में 1 लाख 88 हजार 690 रूपये की शराब जप्त हुई है। 50 प्रकरणो में धारा 34-1 एवं एक प्रकरण में धारा 34-2 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने जिन दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है उसमें विनोद सिंह पटेल पिता स्व. जय लाल पटेल उम्र 36 साल एवं प्रमोद सिंह पटेल उर्फ रज्जन पिता स्व. जयलाल पटेल उम्र 33 साल दोनो निवासी ग्राम गणेशा थाना रामपुर बाघेलान का नाम शामिल है। इनके पास से पुलिस ने 8 कार्टून मे भरी 72 लीटर गोवा शराब जप्त की है जिसकी कीमत 91 हजार 2 सौ रूपये बताई गई है।

## भाजपा सरकार को गांव गरीब और छोटे शहरों की भी चिन्ता



**जागरण, सतना।** सतना जिले के लिए ऐतिहासिक दिन रहा जब जिले में पहली बार विमान सेवा की शुरुआत हुई। इस नई सेवा का उद्घाटन देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी' ने भोपाल से डिजिटल माध्यम के जरिए किया। सतना की हवाई पट्टी पर स्थानीय लोगों नेताओं और अधिकारियों ने इस ऐतिहासिक पल को देखा और सराहा। भाजपा जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय ने इस अवसर पर कहा यह उड़ान सेवा सतना के लिए एक नई उम्मीद है। यह सिद्ध करता है कि भाजपा सरकार सिर्फ महानगरों तक सीमित नहीं बल्कि गांव गरीब और छोटे शहरों को भी विकास की मुख्यधारा में ला रही है। मोदी जी की उड़ान योजना ने साबित कर दिया कि अब हवाई चप्पल पहनने वाले भी हवाई यात्रा कर सकते हैं। श्री पाण्डेय ने शीर्ष नेतृत्व विशेषकर प्रधानमंत्री मोदी की और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा की नीति हमेशा छोटे और मध्यम शहरों के विकास को प्राथमिकता देने की रही है। उन्होंने जानकारी दी कि उन्होंने स्वयं इस नई सेवा के तहत भोपाल की यात्रा की उनके साथ भाजपा के जिला महामंत्री रमाकांत गौतम भी मौजूद रहे। इस यात्रा को उन्होंने एक प्रेरणादायक अनुभव बताया।

# भंडारे का हुआ आयोजन



**जागरण, अमदरा ।** श्री राधा कृष्ण मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा का समापन 30 मई को हुआ जबकि 31 मई को विशाल भंडारे का आयोजन मंदिर परिषद में किया गया इस अवसर में हजारों की संख्या में श्रद्धालूओं ने भागवत का प्रसाद ग्रहण किया सुबह लगभग 11: 30 बजे से भंडारे का शुभारंभ हुआ जो देर रात तक चलता रहा भंडारे का शुभारंभ कन्याओं से प्रारंभ हुआ भंडारे के शुभ अवसर में मेरे राम पोड़ी धाम के महाराज ओम शास्त्री महाराज भी राधा कृष्ण मंदिर में उपस्थित होकर अपना आर्शीवाद वचन सबको दिया इस अवसर पर सभी लोगों ने बढचढ कर सहयोग किया।

# विट्स में कार्यशाला का आयोजन

## छात्रों ने जानी रिसेंट टेक्नालॉजी ट्रेंड्स आधारित स्टार्ट-अप की बारीकियां



**जागरण, सतना।** विट्स महाविद्यालय में इंस्टिट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के तत्वाधान में हाउ टू प्लान फॉर स्टार्ट अप एण्ड लीगल एण्ड इथिकल स्टेप्स विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को रिसेंट टेक्नालॉजी ट्रेंड्स आधारित स्टार्टअप व उससे जुड़ी बारीकियों के बारे में अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया। विट्स प्राचार्य डॉ पी के शुक्ला ने बीटेक कम्प्यूटर साईंस सेकण्ड ईयर व थर्ड ईयर छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें इमर्जिंग टेक्नालॉजी पर आधारित स्टार्ट-अप पर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रुप में कारखाना मेकर्स स्पेस के फाउडर एवं सीईओ सिद्धार्थ भट्टर ने छात्रों को रिसेंट टेक्नालॉजी ट्रेंड्स पर मार्गदर्शित करते हुए बताया कि आज की तेज रफ्तार दुनिया में स्टार्टअप की सफलता में टेक्नालॉजी एक महत्वपूर्ण कारक है। यह उद्योगों में विकास, नवाचार और व्यवधान के लिए उत्प्रेरक का काम करता है। स्टार्टअप अभिनव विचारों और जटिल समस्याओं को हल करने की दृष्टि से पैदा होते हैं, लेकिन टेक्नालॉजी का लाभ उठाए बिना, ये विचार अप्रयुक्त क्षमता बने रह सकते हैं। टेक्नालॉजी स्टार्टअप को अपने विचारों को ऐसे स्केलेबल समाधानों में बदलने में सक्षम बनाती है जो वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का समाधान कर सकते हैं, जिससे उन्हें संचालन को सुव्यवस्थित करके, उत्पादकता बढ़ाकर और ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाकर प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलती है। स्टार्ट अप के 6 चरणों प्री-सीड, सीड, अर्ली-स्टेज, ग्रोथ स्टेज, एक्सपेंशन स्टेज व एक्जिट स्टेज पर जोर देते हुए उन्होंने बताया कि प्री-सीड एक आधारभूत चरण है जहाँ उद्यमी अपने विचारों को मान्य करते हैं, बाजार पर शोध करते हैं, और संभावित ग्राहकों की पहचान करते हैं। सीड स्टेज में, संस्थापक अपने उत्पाद या सेवा के लिए व्यवहार्य बाजार मांग प्रदर्शित करते हैं और निवेशकों को दिखाने के लिए न्यूनतम व्यवहार्य उत्पाद (एमवीपी) बना सकते हैं। स्टार्टअप और लीगल एंड एथिकल स्टेप्स पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस के नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग व डीप लर्निंग पर आधारित टीचेबल मशीन, ओपन सी.वी. ड्रिवेन ऑब्जेक्ट डिटेक्शन, पॉस्चर डिटेक्शन पर प्रमुखता से जोर दिया। कार्यक्रम के आयोजन में प्रो. मदन मोहन मिश्रा, आईआईसी प्रेसीडेंट डॉ धर्मपाल सिंह, डॉ उदय सिंह कुशवाहा, प्रो. धीरेन्द्र प्रताप सिंह की भूमिका महत्वपूर्ण रही। कार्यशाला के अंत में आईआईसी प्रेसीडेंट डॉ धर्मपाल सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौके पर मौत

**जागरण, रीवा।** मनगवां थाना क्षेत्र के गंगेव चौकी अंतर्गत टिकुरी गांव के समीप बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया जिससे घटना स्थल पर ही युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव का गंगेव स्वास्थ्य केंद्र की मर्चुरी में रखवाया था, जिसे शुक्रवार को पीएम के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीती रात मृतक सोनू सेन निवासी मढ़ी खुर्द अपने बाइक से गढ़ से मढ़ी खुर्द घर जा रहा था इसी दौरान पीछे की तरफ से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मारते हुए कुचल दिया ।जिससे मौके पर ही उसकी जान चली गई। घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी थी।



# भोपाल में छिपा था अवैध नशीली कफ सिरप का सरगना



## चोरहटा पुलिस ने सायबर सेल की मदद से किया गिरफ्तार 4 दिन की रिमाण्ड में आरोपी

**जागरण, रीवा।** लंबे समय से फरार एनडीपीएस एक्ट मामले में फरार शातिर आरोपी को पुलिस ने सायबर सेल की मदद से भोपाल में धर दबोचा। आरोपी भोपाल में बैठकर रीवा संभाग के कई जिलों ने अवैध नशीली कफ सिरप की बिक्री के लिए सिंडिकेट चला रहा था। पकड़े गए आरोपी की तलाश पुलिस द्वारा सन 2023 से की जा रही थी। जिले के अलग-अलग थाना में उसके खिलाफ 20 से अधिक प्रकरण पंजीबद्ध थे। आरोपी के खिलाफ न्यायालय ने वारण्ट जारी किया था, साथ ही अलग-अलग थानों की पुलिस उसकी तलाश कर रही थी, करीब 50 हजार रुपए का ईनाम उसके ऊपर घोषित किया गया था। चोरहटा थाना प्रभारी आशीष मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई जिसके बाद सायबर सेल की टीम से मिले लोकेशन पर आरोपी को भोपाल से गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। शुक्रवार को चोरहटा पुलिस ने आरोपी विजय साहू उर्फ बुच्ची निवासी करहिया को रीवा लाया जहां उसे न्यायालय में पेश कर 4 दिन की रिमाण्ड में लिया गया है।

**छोटे-बड़े तस्करों तक पहुंच सकती है पुलिस :** पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी अवैध नशे के कारोबार में लंबे समय से लिप्त रहा है, जिलेभर के कई थानों में उसके खिलाफ आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध थे, पुलिस को पता लगा था कि भोपाल से आरोपी सिंडिकेट चलाते हुए अवैध नशे का कारोबार संचालित कर रहा था, सायबर सेल की मदद से पुलिस आरोपी के गिरेबा तक पहुंचने में सफल हुई। माना जा रहा है कि पुलिस गिरफ्त में आया आरोपी पुलिस पूछताछ में अवैध नशे के कारोबार से जुड़े कई छोटे-बड़े आरोपियों का नाम उगल सकता है, जिसके बाद पुलिस उन तक भी आसानी से पहुंचेगी।

**आईजी के एक्शन के बाद तेज हुई कार्रवाई :** पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत अवैध नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने एक्शन मोड में हैं, जिसके बाद से अवैध नशीली कफ सिरप के खिलाफ लगातार कार्रवाई सामने आ रही है, यूपी बॉर्डर से सटे इलाकों के साथ ही चोरहटा व रायपुर कर्चुलियान पुलिस लगातार नशीली कफ सिरप के कारोबार से जुड़े आरोपियों की पतासाजी कर कार्रवाई में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि भोपाल से पकड़ा गया आरोपी मेडिकल नशे के सबसे बड़े कारोबारी है। आरोपी आधा दर्जन से ज्यादा मामलों में फरार था जिसकी पुलिस लगातार तलाश कर रही थी । पुलिस की मानें तो आरोपी रीवा संभाग का सबसे बड़ा मेडिकल नशे का कारोबारी है जिससे कई राज निकलकर सामने आ सकते है।

## गांजा की तस्करी करते दो गिरफ्तार 2.93 क्विंटल गांजा जब्त



**आरोपियों से मनगवां पुलिस कर रही पूछताछ**

**रीवा।** कार से गांजा की तस्करी करते मनगवां पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब 2 क्विंटल 93 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 44 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार कर अवैध गांजा तस्करी से जुड़े अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ कर रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस को मुखबिरों से सूचना मिली थी कि अमवा नहर के पास कार सवार दो युवक गांजा की सप्लाई के लिए आए हुए हैं, जिसके बाद पुलिस टीम ने आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। कार की तलाशी पर पुलिस को अलग-अलग पैकेट में करीब तीन क्विंटल गांजा मिला है। पुलिस ने मामले में आरोपी शुभम जायसवाल उर्फ गोलू पिता मुद्रिका जायसवाल 25 वर्ष निवासी इटौरा बायपास थाना विश्वविद्यालय व अरुण मिश्रा पिता रामलखन मिश्रा 45 साल निवासी सिरकनी थाना रायपुर कर्चुलियान को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि गांजा की बड़ी खेप पुलिस के हाथ लगी है, पकड़े गए आरोपी उक्त गांजा कहा से और किससे लाए थे, इसकी जानकारी आरोपियों से पुलिस लगा रही है। संभावना है कि अवैध गांजा कारोबार से जुड़े अन्य आरोपी सामने आ सकते हैं,जिसे लेकर जल्द ही पुलिस बड़ा खुलासा कर सकती है।

## विमान परिचालन सुविधा की सौगात स्वागत योग्य : सुरेंद्र शर्मा



**सतना।** जदयू राष्ट्रीय समिति के पूर्व सदस्य अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने सतना को विमान परिचालन की सुविधा मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सतना से हवाई यात्रा की शुरुआत होने से लोगों को आवागमन में सुगमता होगी इस सौगात को देने के लिए प्रधानमंत्री ने वर्चुअल रुप से नव निर्मित सतना एयरपोर्ट का उदघाटन किया वह स्वागत योग्य है अब एयरपोर्ट की लम्बाई बढाने का कारगर प्रयास भी हो। इस उपलब्धि के लिए विभागीय मंत्री, सांसद गणेश सिंह सहित प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से शामिल सभी बधाई के पात्र हैं।

## नगर परिषद् गुढ़ की अध्यक्ष के खिलाफ सोशल मीडिया में लिखे गए अमर्यादित शब्द

**जागरण, रीवा ।** गुढ़ नगर परिषद की अध्यक्ष के खिलाफ सोशल मीडिया में अपमानजनक अमर्यादित शब्द लिखने का मामला पिछले एक सप्ताह से चल रहा था। सोशल मीडिया में उनके खिलाफ किए गए अमर्यादित शब्दों के प्रयोग से आहत अर्चना सिंह ने मामले की शिकायत गुढ़ थाना के साथ ही रीवा पुलिस अधीक्षक से की थी, जिसके बाद बुधवार को गुढ़ पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पीड़िता नप अध्यक्ष ने शिकायत की थी कि उमेश त्रिपाठी पिड़िहा निवासी गुढ़ द्वारा उनके एवं उनके परिवार के बारे में सोशल मीडिया में अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया गया है। जिससे उनको सामाजिक एवं मानसिक क्षति पहुंची है। मामला संज्ञान में आने के बाद गुढ़ पुलिस ने मामले में उमेश त्रिपाठी पिड़िहा के खिलाफ धारा 351, 352, 356 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। नगर परिषद अध्यक्ष अर्चना सिंह ने कहा कि हमने कोई अगर भ्रष्टाचार किया हो किसी को कोई तकलीफ हो तो वह किसी भी जांच एजेंसी से जांच करा सकता है। लेकिन मेरे व मेरे परिवार के बारे में अमर्यादित शब्दों का प्रयोग कर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लिखना अश्लील शब्दों का प्रयोग करना मेरी सामाजिक क्षवि को धूमिल करना मुझे मानसिक प्रताड़ित करना यह बर्दाश्त से बाहर है।

## बिजली गुल होने पर लोगों का फूटा आक्रोश, एमपीईबी कार्यालय में तोड़फोड़ का आरोप



**जागरण, रीवा।** शहर के अमहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गल्ला मंडी स्थित एमपीइबी कार्यालय में बीती रात हंगामे की स्थित निर्मित हो गई। बिजली गुल होने से नाराज रहवासी विद्युत मंडल कार्यालय पहुंचे थे लेकिन जब उन्हे बिजली गुल होने के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो वो आक्रोशित हो गए। बताया जा रहा है कि तकरीबन 2 घंटे तक बिजली गुल होने की वजह से परेशान करीब आधा सैकड़ा रहवासी विद्युत मंडल कार्यालय पहुंच गए और बिजली बंद होने का कारण पूछने लगे इसी बात को लेकर कर्मचारी और लोगों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। कार्यालय के कर्मचारियों का कहना है की भीड़ के द्वारा तोड़फोड़ की गई और हाथापाई की जा रही थी तभी विद्युत मंडल के कर्मचारी भी एकत्रित हो गए, इस दौरान कुछ लोग गाड़ी छोड़कर वहां से भाग खड़े हुए। घटना के संबंध में कार्यपालक यंत्री ने बताया कि नगरिया और एस के स्कूल फीडर के ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई थी जिसका सुधार कार्य चल रहा था इस दौरान काफी लोगों के फोन आ रहे थे तभी कार्यालय के अंदर भीड़ पहुंच गई और विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही अमहिया पुलिस भी मौके पर पहुंची तब तक लोग वहां से भागने लगे इस दौरान कुछ लोग अपनी गाड़ी छोड़कर भागे।

दैनिक जागरण रीवा 01 जून 2025 www.dainikjagranmpcg.com

# सीधी जागरण

11 राज्य 31 संस्करण

सूर्य उदय - अस्त
06.46 अस्त : आज
05.14 उदय : कल

शहर का तापमान
37.0 0 अधिकतम
28.0 0 न्यूनतम



मध्य प्रदेश ● उत्तर प्रदेश ● दिल्ली ● हरियाणा ● उत्तराखंड ● पंजाब ● जम्मू-कश्मीर ● बिहार ● झारखंड ● हिमाचल प्रदेश ● पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

# कोयला भंडारकों पर कार्यवाही से गुरेज, उठ रहे सवाल



जागरण अनदेखी

## उत्तर प्रदेश पहुंच रही अवैध कोयले की खेप

## भंडारकों के पास नही है विभागों की एनओसी

जागरण, सीधी

जिले में खनिज सम्पदाओं का दोहन जमकर किया जा रहा है इस समय खनिज विभाग की सह पर कोयले का कारोबार यहां जमकर फल-फूल रहा है। कोयला माफिया नियम विरूद्ध तस्करी करते हुए शासन के राजस्व को क्षति पहुंचा रहे है जबकि प्रशासनिक अमला इस काली कमाई से अपनी जेंबे भर रहा है। जिले में खनिज विभाग द्वारा दर्जनों कोयला भंडारण की अनुमति प्रदान की है जो कोयले के व्यापार में लिप्त है। लेकिन इनमें से कई व्यापारियों द्वारा भंडारण के नियमों का पालन नही किया जा रहा है और संबंधित विभाग नियमों को दरकिनार कर व्यापार करने वालों पर लगाम नही कस पा रहा है। इस संबंध में सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले में खनिज विभाग से अनुमति प्राप्त कर कोयले का व्यापार करने वाले सभी व्यापारियों को अपना मासिक पत्रक खनिज विभाग में जमा करना होता है लेकिन एक-दो व्यापारियों को छोड़ दिया जाय तो किसी के भी द्वारा मासिक पत्रक नही जमा किया जाता है। जबकि इन व्यापारियों द्वारा काफी लंबे समय से कोयले का व्यापार किया जा रहा है। मौजूदा समय में किस कोयला भंडारण में कितना कोयला भंडारित किया गया है। इस संबंध में किसी के पास कोई जानकारी नही है। जिससे यह साबित हो रहा है खनिज विभाग की सह से बहरी अंचल में यह काला कारोबार जमकर फल-फूल रहा है। सूत्रों की माने तो हर महीने कोयले की काली कमाई अधिकारियों के टेबिल में पहुंच जाती है जिसके चलते यहां खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई नही की जा रही है। विडंबना यह है कि कोयला का कारोबार अवैध है या फिर वैध है इसकी जांच एवं कार्यवाही का जिम्मा भी खनिज विभाग के ऊपर ही है।



### सीधी में भी कोयले का अवैध कारोबार

जिला मुख्यालय सीधी में भी कोयले का अवैध कारोबार चल रहा है। इसमें कुछ लायसेंसी तो कुछ बिना लायसेंस के भी कोयला के कारोबार में संलिप्त हैं। जानकारों के अनुसार कुछ लायसेंसी कारोबारियों द्वारा भी अपने ठिकाने में कोयला की व्यवस्था अवैध रूप से बनाई जाती है। सिंगरौली जिले से कोयला का जो अवैध कारोबार चलता है उसके ठिकाने सीधी जिले में भी तेजी के साथ बढ़ते जा रहे हैं। बताया गया है कि कोयला परिवहन में लगे वाहन टीपी लेकर चलते हैं और उसकी आड़ में नजदीकी ठिकानों में कई ट्रिप कोयला डंप करते हैं। टीपी जारी होने के साथ ही कोयला के अवैध परिवहन की पूरी कार्ययोजना तैयार कर ली जाती है। इसके लिए रास्ते में होने वाली जांच के दौरान सुविधा शुल्क दिया जाता है। जिसके कारण उनके ऊपर कोई कार्यवाही नहीं होती। कोयला के अवैध कारोबार पर कार्यवाही भी सीधी जिले में नहीं होती।

### कोयला भंडारकों के पास नहीं है रिकार्ड

बहरी अंचल में कोयला भंडारित कर व्यापार करने वाले व्यापारियों के पास कोयला कहां से आ रहा है और कहां जा रहा है, इसकी जानकारी नही संधारित की जा रही है। संधारित हो भी कैसे जब एक नंबर का कोयला आयेगा तब तो सभी रिकार्ड मेंटेन रहेगें लेकिन यहां दो नंबर का कोयला पहुंच रहा है जिसके चलते इन व्यापारियों द्वारा किसी भी प्रकार का रिकार्ड संधारित नही किया जा रहा है।

### क्षमता से ज्यादा हो रहा भंडारण

सूत्रों की माने तो बहरी अंचल में संचालित कोयला भंडारकों के यहां अनुमति से ज्यादा कोयले का भंडारण किया जा रहा है। इस बात की पुष्टी गत वर्ष खनिज निरीक्षक के भ्रमण से हो चुकी है। मजे की बात यह है कि इन दिनों खनिज अधिकारी का प्रभार खनिज निरीक्षक के पास ही है, ऐसे में उन्हें सब कुछ जानकारी होने के बाद भी वह कार्यवाही नहीं कर रहें हैं।

### नहीं है इनके पास एनओसी

बहरी में कोयला का व्यापार करने वाले व्यापारियों द्वारा सिर्फ खनिज विभाग से भंडारण की अनुमति लेकर मुक्त हो गए है लेकिन इनके द्वारा न तो पर्यावरण की एनओसी ली गई है और न ही अन्य विभागों से एनओसी प्राप्त की गई है। बावजूद इसके पूरा कोयला यूपी ईंटा खदानों में भेज दिया जाता है। यूपी में ईंटा भट्ठा ज्यादा होने के कारण कोयले की मांग ज्यादा रहती है जिसके कारण बहरी पहुंचने वाले कोयले में मिलावट करने के बाद पूरा कोयला उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भेज दिया जाता है।

# सड़क हादसे में मिनी ट्रक एवं ऑटो ड्राइवर की मौत



## तेज रफ्तार में ट्रक की चपेट में आया मिनी ट्रक और ऑटो

## शहर के बाईपास में सुबह हुआ भीषण सड़क हादसा

जागरण, सीधी

शहर के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 बाईपास में आज सुबह करीब 5:30 बजे तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक की चपेट में मिनी ट्रक एवं ऑटो रिक्शा के आने से दोनो वाहनों के चालकों की मौत हो गई। हादसे के दौरान ट्रक अनियंत्रित होकर ऑटो के ऊपर ही पलट गया था। बाद में पुलिस द्वारा क्रेन बुलाकर ट्रक को हटाते हुए ऑटो में फंसे ड्राइवर को बाहर लहूलुहान हालत में निकाला गया। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर घटना स्थल से फरार हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची जमोड़ी पुलिस को मौके पर ही मिनी ट्रक ड्राइवर अभिषेक अहिरवार उम्र 20 वर्ष निवासी रायसेन मध्य प्रदेश मृत मिला। वहीं गंभीर रूप से घायल ऑटो ड्राइवर बिजेन्द्र वर्मा उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम महसुआ, थाना रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां परीक्षण के दौरान डॉक्टर ने ऑटो ड्रायवर को भी मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार घटना के समय ट्रक क्रमांक यूपी 64 बीटी 8469 का चालक काफी तेज रफ्तार से जा रहा था। वहीं बाईपास में एकता फर्नीचर के समीप सामने से आ रहे मिनी ट्रक क्रमांक एमपी 09 जीएफ 2447 तथा ऑटो क्रमांक एमपी 17 जेडएम 1311 को ट्रक द्वारा ठोकर मार दिया गया। काफी तेज रफ्तार में हादसा होने के कारण तीनो वाहन घटनास्थल में पलट गए। मिनी ट्रक चालक अभिषेक अहिरवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं रीवा की ओर से पात गोभी लोड कर सीधी थोक सब्जी मंडी जा रहा ऑटो चालक बिजेन्द्र वर्मा भी गंभीर रूप से चोंटिल हो गया। जिला अस्पताल पहुंचाने पर उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जमोड़ी थाना पुलिस ने आरोपी ट्रक ड्रायवर के विरुद्ध अपराध क्रमांक 0/2025 धारा 281, 106(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस द्वारा दोनो शवों का पोस्टमार्टम कराने के पश्चात परिजनों को सौंप दिया गया। घटना की मर्ग विवेचना भी पुलिस द्वारा की जा रही है।

## खड्डी अंचल के महीनों से खराब हैंडपंपों का नहीं हो रहा सुधार



**जागरण, सेमरिया।** चुरहट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत इन दिनों समूचे जिले में पड़ रही भीषण गर्मी से तमाम तरह की परेशानियां सामने आ रही हैं। इसी बीच जिले के चुरहट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खड्डी अंचलों में लगे हैंडपंपों के खराब होने के कारण यहां के रहवासियों की समस्या और बढ़ गई है, खड्डी अंचल के कई ऐसे गांव हैं, जहां के हैंडपंप खराब पड़े हैं और शिकायत के बावजूद इनमें सुधार नहीं किया जा रहा है। हालांकि पीएचई विभाग का दावा है, कि शिकायत मिलते ही हैंडपंपों में सुधार कराया जा रहा है, अधिकारियों से शिकायत पर भी सुनवाई नहीं हुई। खड्डी अंचल के युवा समाजसेवी विनय पाण्डेय, अंकुश मोहनी ने बताया कि ग्राम चकडौर में आदिवासी बस्ती लक्ष्मण सिंह मास्टर के घर के पास का हैंडपंप एक माह से खराब पड़ा हैं। सतोहरी चढ़ाई के पास एवं ग्राम रिमारी में साहू बस्ती एवं कालिका माता मंदिर, ग्राम मोहनी में केवट बस्ती पर महेश केवट के घर के पास के हैंडपंपों के सुधार हेतु पीएचई अधिकारियों को इस समस्या से अवगत करा चुके हैं। इसके बावजूद आज तक हैंडपंपों में सुधार नहीं हो सका है। श्री पाण्डेय ने कहा कि खड्डी अंचल के ग्रामीण हैंडपंप खराब होने के कारण जलसंकट से जूझ रहे हैं।

## सीटू स्थापना दिवस पर मझिगवां में फहराया गया झंडा



**जागरण, सीधी।** सीटू संगठन की स्थापना दिवस पर श्रमिक कार्यालय मझिगवां में झंडा फहराया गया। इस दौरान अध्यक्ष तेजप्रताप दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि सीटू संगठन की स्थापना 30 मई 1970 को हुई थी। हमारे देश में मजदूरों के बहुत से संगठन बने होने के बावजूद जब 1970 में सीटू की स्थापना की गई तो बहुत से लोगों द्वारा सीटू के संस्थापक नेताओं का विरोध भी किया गया था। यह कहते हुए कि बहुत सारे संगठनों के बावजूद नये संगठन खडे होने से मजदूरों की ताकत कमजोर होगी। आज देश के पैमाने पर सीटू संगठन ने साबित कर दिखाया कि मजदूरों की समस्याओं को सबसे ज्यादा उठाने एवं उनके लिए लडने वाला अगर कोई संगठन साबित हुआ है तो वह संगठन सीटू ही है। इकाई के अध्यक्ष तेज प्रताप दुबे ने कहा कि सीटू संगठन की स्थापना जिन उद्देश्यों को लेकर की गई थी। सीटू का मूल मंत्र है ऐकता कायम कर संघर्ष करना ओर सफलता प्राप्त करना। यही एकमात्र रास्ता है, गुलामी से बचने एवं जिंदा रहने के लिए के लिए ही 9 जुलाई 2025 को आम हड़ताल की जा रही है जिसे हम सभी को मिलकर सफल करने की लड़ाई लड़नी है लड़ेंगे तो जीतेंगे जरूर। ध्वजारोहण के दौरान अरविंद सिंह बघेल, संजीव कुमार मिश्रा, विक्रम सिंह, दीप नारायण तिवारी, विभूतिभूषण शर्मा, बापू नाथ योगी, विनय त्रिपाठी, सत्येंद्र सिंह, रूद्र प्रसाद शुक्ला, संपत, नीलकंठ तिवारी, ज्ञानेंद्र सिंह, बृजेश सिंह सहित सभी पदाधिकारी व कार्यकारी एवं आम सदस्य उपस्थित रहे।

## पुलिस ने दो नाबालिग बालिकाओं को किया दस्तयाब

**जागरण, सीधी।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा गुमशुदा/अपहृत बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत, पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी के नेतृत्व में उप निरीक्षक शेषमणि मिश्रा एवं टीम द्वारा दो अलग-अलग मामलों में नाबालिग-बालिकाओं को दिल्ली एवं गुजरात से दस्तयाब कर वैधानिक कार्यवाही उपरांत सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस के अनुसार दिनांक 20 मई 2025 को थाना रामपुर नैकिन में एक महिला द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री घर से अचानक लापता हो गई है, जिसकी आस-पड़ोस व रिश्तेदारों में तलाश के बावजूद कोई पता नहीं चला। रिपोर्ट पर थाना रामपुर नैकिन में अपराध पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की गई। पुलिस टीम द्वारा लगातार मेहनत, तकनीकी विश्लेषण एवं साइबर सेल के सहयोग से उक्त नाबालिग बालिका को वलसाड गुजरात से दस्तयाब किया गया। वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। एक अन्य प्रकरण में चौकी पिपरांव में फरियादी द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री के घर से बिना बताए गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। संदेह व्यक्त किया गया कि कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। रिपोर्ट पर चौकी पिपरांव में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने सघन प्रयासों से उक्त नाबालिग बालिका को दिल्ली से दस्तयाब किया तथा वैधानिक कार्यवाही उपरांत उसे सकुशल परिजनों के हवाले किया गया।

## विशेष अभियान के तहत 31 फरार आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, सीधी।** जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान के अंतर्गत जिले भर में फरार आरोपियों की धरपकड़ हेतु साप्ताहिक कॉम्बिंग गश्त की गई। जिसमें विभिन्न अपराधों जैसे हत्या, लूट, डकैती, मारपीट, आबकारी आदि के प्रकरणों में न्यायालय से जारी कुल 31 वारंट, 6 स्थाई वारंट एवं 25 गिरफ्तारी वारंट की तामील कर संबंधित आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान थाना स्तर पर की गई कार्रवाई में थाना कोतवाली 1 स्थाई वारंट एवं 1 गिरफ्तारी वारंट, थाना जमोड़ी 3 गिरफ्तारी वारंट, थाना चुरहट 1 स्थाई वारंट एवं 4 गिरफ्तारी वारंट, थाना रामपुर नैकिन 1 स्थाई वारंट एवं 3 गिरफ्तारी वारंट, थाना कमर्जी 2 गिरफ्तारी वारंट, थाना अमिलिया 1 स्थाई वारंट एवं 5 गिरफ्तारी वारंट, थाना बहरी 1 स्थाई वारंट एवं 3 गिरफ्तारी वारंट, थाना कुसमी 1 स्थाई वारंट एवं 1 गिरफ्तारी वारंट, थाना सेमरिया 1 गिरफ्तारी वारंट, थाना भुइमाड़ 2 गिरफ्तारी वारंट शामिल हैं।

## लोककला के उत्थान हेतु सोमालोब साधनारत: विश्वामित्र





**जागरण, सीधी।** बघेली लोककलाओं यथा लोकगीत, लोकनाट्य, लोकनृत्य एवं संस्कृति और साहित्य के उन्नयन हेतु सोंधी माटी लोनी बघेली साहित्यिक मंच सीधी अनवरत साधनारत है। सोमालोब साहित्यिक मंच लोक-संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु संकल्पित है। उक्त आशय का अध्यक्षीय उद्बोधन सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक ने 30 मई 2025 को सोमालोब के तत्वावधान एवं डॉ. श्रीनिवास शुक्ल सरस के मार्गदर्शन में आयोजित रमाकांत द्विवेदी सावन के पुस्तक देखा बोलि देब हम के विमोचन समारोह में दिया। सावन की काव्यकृति का विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमहंस आचार्य अयोध्याधाम ने कहा कि बघेली बोली की यह पुस्तक बघेलखण्ड के लिए एक धरोहर है। समारोह में अतिथियों का स्वागत करते हुए सोमालोब के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्रीनिवास शुक्ल सरस ने पुस्तक के शीर्षक को कालजयी कहते हुए बताया कि कैसे शीर्षक अपने आप में एक संदेश है। तदोपरांत कृतिकार रमाकांत द्विवेदी सावन ने विमोचित कृति से काव्यपाठ किया जो श्रोताओं द्वारा सराहा गया। विषय प्रवर्तन करते हुए डॉ. महेश शुक्ला प्राध्यापक टीआरएस कॉलेज रीवा ने काव्यकृति में समाजिक विद्रूपताओं पर तीखे व्यंग्यों पर प्रकाश डाला साथ ही अपने वक्तव्य में विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अशोक शुक्ला ने कृतिकार को शुभकामनाएं दी। समारोह में कवि डॉ. प्रदीप द्विवेदी, कमलेश कुमार कायल, हरिविलास गुप्त हरि, सतीश पाण्डेय शलभ, रोहित पाण्डेय, आचार्य ब्रजमोहन ब्रजेश, अरुणेंद्र सिंह, राजबहोर पाठक मनोज, डॉ. सुरेश गौतम, शंभुदयाल विश्वकर्मा दयाल, कवि अनपढ़, कुंजल साकेत कुंज आदि ने काव्यपाठ किया। इस अवसर पर डॉ. लहरी सिंह, मुकुटधारी सिंह, कमलापति गौतम कमल, मनोज तिवारी प्राचार्य, एलके शर्मा पूर्व बीइओ, कामदा गौतम प्राचार्य अमिलिया, शिवकुमार गुप्त प्राचार्य कुचवाही, अंबिका पनिका प्राचार्य मड़वा, राजेंद्र बहादुर सिंह, यदुनाथ सिंह एडवोकेट, उमापति सिंह गहरवार, डॉ. संजीव त्रिपाठी सहित शहर के अन्य कई गणमान्य नागरिक, पत्रकार, साहित्यकार आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। मंच का सफल संचालन डॉ. शिवार्चन शुक्ल मधुर ने तथा आभार ज्ञापन सोमालोब के महानिदेशक राजबहोर पाठक मनोज ने किया।

## हनुमानगढ़ में विकसित कृषि संकल्प यात्रा में सांसद ने की सहभागिता



**जागरण, सीधी।** किसानों को कृषि की नवीन तकनीकी से अवगत कराने तथा कृषि के क्षेत्र में किए गए नवाचारों के प्रचार प्रसार के उद्देश्य के साथ जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के रामपुर नैकिन विकासखंड के हनुमानगढ़ में आयोजित शिविर में सांसद डॉ. राजेश मिश्रा द्वारा सहभागिता की गई। सांसद डॉ. मिश्रा ने कृषि में उन्नत तकनीक को अपनाकर उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही जैविक तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया। सांसद ने विकसित कृषि संकल्प अभियान में अधिक से अधिक किसानों से भाग लेने की अपील की तथा किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया।

## श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन

**जागरण, मोहनिया।** चुरहट के समीप ग्राम पंचायत मोहनिया के गन्नौड में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 28 मई से 3 जून तक किया जा रहा है। कथाव्यास आचार्य कृपाशंकर जी महराज के मुखारविंदों से अमृतमई कथा की वर्षा हो रही है। कथा के मुख्य स्त्रोता रामस्वरूप-रामवती पटेल के द्वारा सैकड़ों श्रद्धालु स्त्रोताओं के साथ कथा का श्रवण किया जा रहा है। कथा का समापन 3 जून को होगा और 4 जून बुधवार को ब्राम्हण भोजन एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालुओं से अपनी सहभागिता सुनिश्चित कराने की अपील रामस्वरूप पटेल, राकेश कुमार पटेल, राजेश कुमार पटेल द्वारा की गई है।

## भदौरा के मुकेश ने हरियाणा में हासिल किया गोल्ड मैडल



**जागरण, सीधी।** कुसमी ब्लॉक के भदौरा गांव के मुकेश गुप्ता पिता रामसजीवन गुप्ता ने हरियाणा मे चल रहे एथलेटिक्स ओपन कम्पटीशन प्रतियोगिता के 100 मीटर रेस में प्रथम स्थान अर्जित कर गोल्ड मैडल हासिल कर भदौरा गांव ही नही बल्कि सीधी जिले और मध्यप्रदेश का नाम रोशन किया है, जिन्हे हरियाणा के प्रदेश मंत्री एवं विधायक द्वारा सम्मानित किया गया। जानकारी मिलते ही धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, आनंद सिंह ददुआ, इन्द्रप्रकाश गुप्ता छोटे, दिनेश गुप्ता शिक्षक, अश्वनी गुप्ता, राकेश गुप्ता, रोशनलाल गुप्ता, उदयराज गुप्ता, भाजपा नेता ज्ञानचंद गुप्ता, समाजसेवी अनिल गुप्ता भदौरा, कोच स्वयंवीर गुर्जर हरियाणा ने बधाई शुभकामनायें प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किए हैं।

# पीड़ित विधवा महिला ने मुख्यमंत्री से की न्याय की अपील

## न्याय के लिए दर दर भटक रही है विधवा महिला

## सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है पीड़िता की अपील

जागरण, सीधी



जानलेवा हमला के बाद आरोपियों पर पुलिस के द्वारा कार्यवाही ना किये जाने पर पीड़ित विधवा महिला के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से न्याय दिलाने की अपील का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो को अच्छा खासा जनसमर्थन भी मिल रहा है। वायरल वीडियो में मुख्यमंत्री से न्याय दिलाने की अपील करते हुए पीड़िता बेबा अर्चना मिश्र ग्राम पंचायत कपुरी कोठार, थाना रामपुर नैकिन ने कहा कि मुख्यमंत्री जी आप प्रदेश की सभी बहनों के रखवाले हैं, आप जो हर महीने मदद करते हैं उससे हम जैसी बहनों का चूल्हा जलता है। लेकिन मै न्याय के लिए दर-दर भटक रही हूं। पुलिस हमें न्याय नहीं दे रही है। सीधी पुलिस लगता है कि मेरे जीते जी मुझे न्याय नहीं दिला पायेगी। लगता है कि सीधी पुलिस मेरे मरने का इंतजार कर रही है। मुख्यमंत्री जी मैं अकेली विधवा महिला अपने छोटे-छोटे बच्चों को लेकर कहां जाऊं। आप मेरी रक्षा करिये। मेरे जेठ हनुमान प्रसाद मिश्र, जेठानी अंतिमा मिश्रा, भतीजा अनुरूद्ध मिश्रा हमें घर से निकाल दिये और मेरी सम्पत्ति हड़प ली। 17 मई को रात 8 बजे किराये के गुण्डे बुलाकर मेरे ऊपर जानलेवा हमला कराया, जिसमें मेरे सिर और काफी चोटे आई। हमला करने वाले रामबिहारी पाण्डेय, बसंत द्विवेदी, सीताराम पाण्डेय, अनुरूद्ध मिश्रा आदि मेरा चीर हरण करना चाहते थे। ये लोग मेरे साथ मारपीट करते हुए अश्लील हरकतें करने की भी कोशिश की। ये लोग मेरे जेठ हनुमान प्रसाद मिश्र के कहने पर मुझे जान से मारना चाहते किन्तु समय पर पुलिस आ गई तो मेरी जान बच गई। जिसकी रिपोर्ट मेरे द्वारा पुलिस चौकी पिपरांव में की गई, तो पुलिस ने एक के खिलाफ साधारण मारपीट का मामला दर्ज किया और शेष को छोड़कर दिया। घटना के बाद प्रतिदिन हनुमान प्रसाद मिश्र, अनुरूद्ध मिश्रा, रामबिहारी पाण्डेय, बसंत द्विवेदी, सीताराम पाण्डेय, सुधाकर द्विवेदी लाठी-डंडा लेकर मेरे घर के सामने मंदिर में रात्रि 7 बजे से रात्रि 11 बजे बैठक कर मुझे अश्लील गाली देकर जान से मारने की धमकी देते हैं। जिसके कारण मैं और मेरे बच्चे इतने डरे हुए हैं कि मैं शाम होते ही घर के अंदर घुस जाती थी और दिन में भी घर के बाहर नहीं निकलती थी। मुझे जान से मारने की कोशिश की जाती थी। जिसके कारण मैं चुपचाप घर छोड़कर कर भाग निकली ताकि अपने बच्चों की जान बचा सकूं। मेरा स्वयं का कच्चा घर होने के बाद भी मैं भिखरियों की तरह जीवन यापन कर रही हूं। मुझे सीधी पुलिस कोई सुरक्षा नहीं दे पा रही और ना ही मेरे ऊपर गलत नजर रखने वाले वा मुझे जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपियों पर कार्रवाई कर रही है। मुख्यमंत्री जी मेरी सहायता करिए और मुझे न्याय दिलाइये। मैं अकेली विधवा महिला अपने बच्चों को लेकर कहां जाऊं। मेरे आगे पीछे कोई नहीं है। हमें पूरा भरोसा है कि आप न्याय की मूर्ति है सबको न्याय दिलाते हैं तो मुझे भी न्याय दिलाइये। अन्यथा मेरे और मेरे बच्चों के जीवन का कोई भरोसा नहीं है। मुख्यमंत्री जी मेरी आपसे हाथ जोड़ कर बिनती है कि एक अबला महिला की पुकार जरूर सुनिये और मेरे जीवन की रक्षा करिए।

RUKMINI RISING STAR HIGH SCHOOL SIDHI

Admission open for session 2025-26 NUR. TO 10TH

| Sr. | Subject | No of vacancy |
| --- | --- | --- |
| 1. | Math | 01 |
| 2. | Social science | 01 |
| 3. | English | 01 |
| 4. | Computer | 01 |
| 5. | Sanskrit | 01 |


Address:- Infront of Ramagovind palace Collage Stadium Road North Karaundiya sidhi

Mob. No.- 7024967935, 6264798158, 7898612068

RAISBEAN CITY HIGH SCHOOL PADRA

Medium:- Hindi/English

TEACHERS REQUIRED



ADMISSION OPEN 2025-26

| Sr. | Subject | Qualification | vacant seat |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | Mathematics | M.Sc., B.Ed. | 2 POST |
| 2. | English | M.A., B.Ed. | 2 POST |
| 3. | Social science | M.A., B.Ed. | 1 POST |
| 4. | Science | M.Sc., B.Ed. | 2 POST |
| 5. | Physical Education | BPED with sound English | 1 POST |
| 6. | Music and Dance teacher | ___ | 1 POST |
| 7. | Computer Teacher | CPCT & PGDCA | 1 POST |

Walk in interview - 15/06/2025, Time 11am to 1 pm

Our Special Features
* Trained and Qualified staff.
* Big play Ground.
* Computer Lab.
* Music art and yoga, Dance Class
* Big Library.
* Full Emphasis on Spoken Class
* Teaching through digital smart board Audio vedio and play way method of teaching.
* Well Maintained and safe Transport Facility.

Fully secured and CCTV Sureillance campus

Add- Nh. 39 Rewa Singrauli By Pass Road padra Sidhi (M.P.)
E-mail:- rchspadra@gmail.com
Contact No.:- 9752847634, 6267295254, 6261514926

शिक्षा महाविद्यालय सीधी (म.प्र.)

सम्बद्ध-अ.प्र. सिंह विश्वविद्यालय रीवा (म.प्र.)

प्रवेश प्रारंभ

संचालित पाठ्यक्रम

| | | |
| --- | --- | --- |
| B.A. (Computer) — 12वीं पास (कला समूह) | B.Sc (Computer) — 12वीं पास (विज्ञान विषय) | BA.Bed (All Sub. 4 Year) — 12वीं पास (सभी समूह के विषय) |
| B.A. (Plain) — 12वीं पास (कला समूह) | B.Sc (CBZ) — 12वीं पास (विज्ञान विषय) | B.Ed (2 Year) — स्नातक पास (सभी समूह) |
| B.Com (Computer) — 12वीं पास (वाणिज्य विषय) | B.Sc (PCM) — 12वीं पास (विज्ञान विषय) | DELED (2 Year) — 12वीं पास (सभी समूह के विषय) |
| B.Com (Plain) — 12वीं पास (वाणिज्य विषय) | B.Sc (Bio. Tech.) — 12वीं पास (विज्ञान विषय) | L.L.B. (3 Year) — स्नातक पास (सभी समूह) |

शिक्षा महाविद्यालय, पनवार सेंगरान, सीधी म.प्र.

सम्पर्क सूत्र :- 6261003429, 9981861520

### वर्षा एवं बाढ़ आपदा प्रबंधन की बैठक में निगमायुक्त ने दिये अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश

# वर्षाकाल से पूर्व हर हाल में नालियों एवं सड़कों के निर्माण पूर्ण करायें

**कार्यादेश के बाद भी काम शुरू नहीं करने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करें**

**जल भराव वाले क्षेत्रों में नालियों की सफाई प्राथमिकता से करने के निर्देश**

जागरण, रीवा

नगर निगम सभागार में वर्षा ऋतु की तैयारियों एवं बाढ़ आपदा प्रबंधन के संबंध में शुक्रवार को महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे द्वारा वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए शहर में चल रहे नालियों एवं सड़कों के निर्माण कार्यों को वर्षाकाल से पूर्व हर हाल में जून माह के अंत तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन ठेकेदारों द्वारा कार्यादेश जारी होने के पश्चात भी कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाए। उन्होंने वार्डवार समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यों की प्रगति का भी जायजा लिया। और सभी निर्माण कार्यों को जून माह के अंत तक गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। शहर में चल रहे सीवर लाइन कार्य को शीघ्र पूर्ण करने एवं वर्षा से पूर्व सभी संबंधित स्थलों पर रोड रेस्टोरेशन का कार्य गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया कि संभावित जलभराव वाले क्षेत्रों में पूर्व वर्षों जैसी स्थिति उत्पन्न न हो। पिछली बारिश में जहां समस्या थी वहां सैंकशन नालियों का तत्काल कार्य शुरू कर बारिश से पहले पूर्ण करें जिससे समस्या से निजात मिले। निगमायुक्त ने कहा कि कुछ जगहों में जलभराव की मुख्य वजह नालियों का चोक होना है। प्राथमिकता के साथ नालियों की सफाई कराई जाए। स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया कि नालियों में जमी गंदगी को प्राथमिकता से साफ कराया जाए। नाला गैंग को रोस्टर बनाकर संवेदनशील क्षेत्रों में पहले सफाई कार्य कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, एम.एस. सिद्दीकी, कार्यपालन यंत्री एच.के. त्रिपाठी, राजेश सिंह, सहायक आयुक्त रुपाली द्विवेदी, रामनरेश तिवारी, के.एन. साकेत, सहायक यंत्री पी.एन. शुक्ला, एस.के. गर्ग, अम्बरीश सिंह, राजेश मिश्रा, सहायक राजस्व अधिकारी नीलेश चतुर्वेदी, रविप्रकाश मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी बालगोविंद चतुर्वेदी, मुरारी कुमार, उपयंत्री, स्वच्छता निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



#### जोनवार वालंटियर्स टीम गठित करने के निर्देश

बैठक में नगर निगम के सभी जोनों में मोटर पंप की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया ताकि जहां लो-लाइन एरिया में अत्यधिक जलभराव की आपातकालीन स्थिति में तेजी से जल निकासी की जा सके। बाढ़ आपदा से निपटने के लिए शहर में आश्रय स्थलों एवं बाढ़ राहत केंद्रों की चेकलिस्ट तैयार कर सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने तथा जोनवार वालंटियर्स की टीम गठित करने के भी निर्देश दिए गए। निगमायुक्त ने वार्डवार समस्याओं समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि वार्ड में नाली निर्माण में बाधा उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही के साथ सीमांकन कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये। जिन क्षेत्रों में तत्काल कच्ची नाली की आवश्यकता हो, वहां चिन्हांकन कर जेसीबी मशीन के साथ आवश्यक तैयारी पूर्ण करने को कहा गया। जहां सीवर कार्य पूर्ण हो चुका है, वहां रोड मोर्टेबल एवं रेस्टोरेशन के लिए गुणवत्ता युक्त मेटीरियल के उपयोग का निर्देश दिया गया।

#### मशीनों से करायें प्रमुख नालों की सफाई

बैठक में निगमायुक्त द्वारा झिरिया नाला, अमहिया नाला एवं अन्य प्रमुख नालों की मशीनों की सहायता से जल्द सफाई कराए जाने के निर्देश दिए गए। बैजू धर्मशाला के पास पुलिया की सफाई, बोदाबाग हनुमान मंदिर से स्टेडियम तक नाले की सफाई, वार्ड 9 में पीएम आवास के पास नाले का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। नाले पर किए गए अतिक्रमण को हटाने हेतु नोटिस जारी करने के सख्त निर्देश दिए।

## सीवरेज एवं जलप्रदाय परियोजनाओं का मुख्य अभियंता ने किया निरीक्षण

**रीवा।** मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के रीवा प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंटेशन यूनिट के अंतर्गत संचालित सीवरेज एवं जलप्रदाय परियोजनाओं का निरीक्षण मुख्य अभियंता शैलेंद्र शुक्ला द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री शुक्ला मैहर नगर के वार्ड क्रमांक 9 स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का अवलोकन किया। उन्होंने कार्य की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। जीआईएस मैपिंग कर जीटी कंस्ट्रक्शन का कार्य प्राथमिकता से आरंभ करने के भी निर्देश दिए गए। इससे पहले श्री शुक्ला ने कोठी, कोटर, जैतवारा और बिरसिंहपुर के लिए निर्माणाधीन परियोजना जल प्रदाय परियोजना का निरीक्षण किया। गोरैया में प्रस्तावित इंटेक वेल के निर्माण की धीमी गति पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि परियोजना के प्रमुख अवयवों में हो रही देरी अस्वीकार्य है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इंटेक वेल हेतु प्रस्तावित एप्रोच ब्रिज का कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हुआ है, जो पूरी परियोजना को प्रभावित कर सकता है। निरीक्षण के अगले चरण में कोटर टाउन में निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का जायज़ा लिया गया। यह परियोजना कोठी, कोटर, जैतवारा और बिरसिंहपुर नगर परिषदों को जल आपूर्ति के उद्देश्य से विकसित की जा रही है। निरीक्षण के उपरांत श्री शुक्ला ने संविदाकार को दो दिवस के भीतर आगामी कार्यों हेतु विस्तृत माइक्रो प्लान प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

### शिक्षकों के लंबित स्वत्वों के भुगतान की कार्यवाही एक सप्ताह में पूर्ण करें: कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने शिक्षकों के सभी लंबित स्वत्वों के भुगतान की कार्यवाही एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने क्रमोन्नति, डीए एरियर्स तथा वेतनमान के लंबित भुगतान एक सप्ताह में करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने वित्त विभाग के अधिकारियों के साथ शिक्षा विभाग के अधिकारियों को समन्वय बनाकर स्वत्वों के भुगतान सुनिश्चित कराने तथा पेंशन प्रकरण निराकृत करने के निर्देश दिये।

**नाम एवं जन्मतिथि सुधार सूचना**

मैं ममता मिश्रा उम्र 54 वर्ष पति मानसराज मिश्रा निवासी 414 चचाई तहसील सेमरिया जिला रीवा म.प्र. की निवासी हूँ। मेरा आधार कार्ड नं.– 7697 1473 0819 है। मै उक्त पते की मूल निवासी हू और शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मेरा सही नाम ममता मिश्रा है जो कि मेरे सभी शासकीय और अशासकीय दस्तावेजो में दर्ज है। जैसे आधार कार्ड, वोटर आई डी एवं बैंक पासबुक इत्यादि में है। मेरे पति मानसराज मिश्रा जो कि भारतीयसेना से सेवा निवृत्त है उनके सर्विस रिकार्डो में ऑन लाईन और ऑफ लाईन में मेरा नाम ममता देवी अंकित है। ममता मिश्रा व ममता देवी दोनो मेरे स्वयं के ही नाम है। मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरी जन्म दिनांक 01/07/1968 है जो कि गलत है, जबकि मेरी सही जन्म दिनांक– 20/07/1970 है। अत: मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम ममता मिश्रा और मेरा सही जन्म दिनांक 20/07/1970 दर्ज किया जाए एवं पढ़ा, लिखा व जाना जाए।

RN-82614 ममता मिश्रा

**विधिक सूचना**

प्रति,
श्रीमती आरती सिंह, पिता समशेर सिंह
टी.एम.टी. यूनिसेक्स सेलून, एफ.बी. 4/5, 4/6 शिल्पी प्लाजा, बी–ब्लॉक, रीवा, म.प्र.

यह कि आपके एवं मेरे मध्य शिल्पी प्लाजा बी–ब्लाक एफ–बी 4/5, 4/6 वार्ड क्र. 18 रीवा, जिला–रीवा स्थित दुकान का किरायानामा दिनांक 28.05. 24 को मासिक किराया रू. 50,000/– अवधि केवल 11 माह हेतु निष्पादित किया गया था जो कि अप्रैल 2025 मे समाप्त हो चुका है। यह कि माह अप्रैल में ही दुकान रिक्त करने की आपको मौखिक सूचना दिये जाने तथा इसके बाद लिखित विधिक सूचना जरिये अधिवक्ता रजिस्टर्ड डाक द्वारा दुकान रिक्त करने के संबंध मे प्रषित करने के बावजूद भी आपके द्वारा दुकान खाली नहीं की गई है तथा बिना किसी अधिकार के वर्तमान मे भी आप मेरी दुकान पर काबिज है। अस्तु आप से निवेदन है कि समस्त बकाया किराये का भुगतान करके पावती लेकर इस सूचना के प्रकाशन के तीन दिवस के अंदर दुकान का रिक्त अधिपत्य वापस प्रदान करे अन्यथा आपके विरूद्ध उचित आपराधिक एवं सिविल कार्यवाही सक्षम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जावेगी जिसके लिये आप स्वत: जिम्मेदार होगी।
दिनांक– 31.05.25

प्रेषक
श्रीमती रत्ना तिवारी
पति राजेन्द्र प्रसाद तिवारी
निवासी अमहिया वार्ड क्र. 23, अमहिया रोड, तहसील–हुजूर, जिला–रीवा (म.प्र.)
RN-82264

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना** दिनांक : 29.05.2025

वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

ई-निविदा सूचना संख्या : JHS-N-W-17-25 | कार्य लागत लगभग : Rs. 3698963.64

कार्य का नाम : कम्प्रेहैन्सिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ़ इंटीग्रेटेड पैसेंजर इनफार्मेशन सिस्टम एट महोबा, टीकमगढ़ महाराजा छत्रसाल स्टेशन छतरपुर एंड खजुराहो (प्लेटफार्म न 2 एंड 3) स्टेशनस ऑफ़ झाँसी डिवीज़न (फॉर पीरियड ऑफ़ थ्री इयर्स)।

धरोहर राशि : Rs. 74000/- | निविदा प्रपत्र का मूल्य : Nil

निविदा खुलने की तिथि : 24.06.2025 Time 15:00

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि : 36 माह

• निविदा दिनांक 24.06.2025 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S ANDT) पर देखें। 944/25 (D)

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल यॉत्रिक इंजीनियर (डीजल), उत्तर मध्य रेल, झॉसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा सं. : झॉसी-एम-डीजल-डब्ल्यू0सी0-टी0-05-2025-26

कार्य का विवरण : डीजल लोको शेड झॉसी में 8 पहिया डीईटीसी टावर वैगन स0 18009 मेक- आईसीएफ चेन्नई 2018 (इंजन कमिंस: एनटीए 855 आर) के डीजल इंजन और संबंधित उपकरणों की आवधिक ओवरहालिंग।

निविदा मूल्य : रू0. 1,84,42,532.66/- | बयाना राशि : रू0 2,42,200/-

निविदा बंद होने की तिथि : 27.06.2025 | निविदा प्रपत्र कीमत : रू0. 0.00/-

समापन अवधि : 12 माह

• निविदाकार दिनांक 27.06.2025 को 15:00 बजे तक निविदा आनलाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखें। 938/25 (AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

## मिट्टी परीक्षण एवं नई कृषि तकनीकी पर वैज्ञानिकों का जोर

**12 जून तक चलेगा विकसित कृषि संकल्प अभियान**

**रीवा।** विकसित कृषि संकल्प अभियान का आरंभ 29 मई से हो चुका है। अभियान 12 जून तक संचालित होगा। इसका उद्देश्य किसानों को कृषि की वैज्ञानिक तकनीकों, नवाचारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करके उनकी उत्पादकता और आय को बढ़ाना है। अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिक दल गांवों में जाकर किसानों को नई कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण देंगे। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत रीवा एवं मऊगंज जिले में कृषि वैज्ञानिकों के दलों द्वारा अभियान का संचालन किया गया। रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड के बड़ागांव, बघमड्डा व करौंदी, विकासखण्ड जवा के छदहना, बढ़ाछ व खारा, विकासखंड गंगेव के कैंदला, दुड़की व डिहिया में तथा मऊगंज जिले के विकासखंड हनुमना के टटिहरा, धौसड़ व तेंदुआ बेलन में कृषि वैज्ञानिक दलों द्वारा अभियान का संचालन किया गया। कृषि वैज्ञानिक दल किसानों के बीच पहुंचे और उन्हें सलाह दी कि वे अपने खेतों की मिट्टी का परीक्षण अवश्य करवाएं, क्योंकि यह फसल उत्पादन बढ़ाने और मिट्टी के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मिट्टी परीक्षण से मिट्टी में मौजूद पोषक तत्वों जैसे नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटैशियम और अन्य सूक्ष्म पोषक तत्वों की मात्रा का पता चलता है, जिससे किसान उर्वरकों का संतुलित उपयोग कर सकते हैं। इससे न केवल फसल की गुणवत्ता और उत्पादन में वृद्धि होती है, बल्कि अनावश्यक उर्वरक उपयोग से होने वाली लागत में कमी और पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलती है। कृषि वैज्ञानिकों ने सुझाव दिया कि किसान अपने खेतों से मिट्टी के नमूने सही तरीके से एकत्र करें। इसके लिए खेत के 8–10 विभिन्न स्थानों से 15 सेंटीमीटर गहराई तक मिट्टी लेकर, उसे मिलाकर लगभग 500 ग्राम का नमूना तैयार करें। नमूना लेते समय खाद के ढेर, पेड़ों की छाया या जलभराव वाले क्षेत्रों से बचना चाहिए। यह नमूना स्थानीय कृषि विस्तार अधिकारी या नजदीकी मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में जमा करवाया जा सकता है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे स्थानीय कृषि विस्तार अधिकारियों से संपर्क करें, जो मिट्टी के नमूने एकत्र करने और परीक्षण प्रक्रिया में सहायता प्रदान कर सकते हैं। वैज्ञानिकों ने जोर देकर कहा कि समय पर मिट्टी परीक्षण और उसकी रिपोर्ट के आधार पर उर्वरकों का उपयोग किसानों की आय बढ़ाने और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कृषि विभाग और वैज्ञानिकों ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे इस सुविधा का लाभ उठाएं और अपने खेतों की मिट्टी का परीक्षण नियमित रूप से विशेष रूप से बुवाई से एक माह पहले, करवाएं। किसान अधिक जानकारी के लिए अपने नजदीकी कृषि विभाग के कार्यालय या मृदा परीक्षण प्रयोगशाला से संपर्क कर सकते हैं।



## अत्याचार पीड़ितों को तत्परता से सहायता राशि दें: कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों में एफआईआर दर्ज होने के बाद थाना प्रभारी तत्काल प्रकरण जनजातीय कार्य विभाग को उपलब्ध कराएं। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग सहायता राशि के प्रकरण तत्परता से निराकृत कर पीड़ितों को समय पर राहत राशि प्रदान करें। इसमें किसी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। पीड़ितों को राहत राशि के प्रकरणों में मानवीयता और संवेदनशीलता से कार्यवाही करें। कलेक्टर ने कहा कि अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत सलाहकार समिति की प्रत्येक त्रैमास में बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित करें। राहत राशि के प्रकरण हर सप्ताह प्रस्तुत करें। पीड़ितों को शिक्षा, स्वरोजगार, विवाह सहायता तथा अधिनियम के प्रावधानों के तहत मिलने वाली हर संभव सहायता देने का प्रयास करें। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक लाल ने बताया कि सहायता राशि के एक भी प्रकरण पुलिस थानों में लंबित नहीं हैं। अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज होते ही उसे जनजातीय कार्य विभाग को प्रस्तुत किया जाता है। बैठक में अनुसूचित जनजाति के 22 तथा अनुसूचित जाति के 12 पीड़ितों के राहत प्रकरणों को मंजूरी दी गई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग कमलेश्वर सिंह उपस्थित रहे।

**मांग सूचना पत्र**

मेरा पक्षकार उमाकान्त तिवारी पिता श्री राजराखन तिवारी निवासी मैहर, एच.गैस. के पास कटनी रोड, मैहर थाना व तहसील मैहर, जिला–सतना (म.प्र.) सी./ओ. माधव इन्टर प्राइजेज प्रो. प्रा. पुष्पा तिवारी पत्नी उमाकान्त तिवारी से शशि कांन्त मिश्रा उर्फ शिब्बू मिश्रा पिता राजेन्द्र कुमार मिश्रा निवासी मकान न. 2573 वार्ड न. 04 शिब्बू सदन नई बस्ती शान्ती बिहार कालोनी पडरा थाना चुरहटा जिला रीवा (म.प्र.) सी.ओ. शिब्बू इण्टर प्राइजेज प्रो. राजेन्द्र कुमार मिश्रा ने सीमेण्ट की लेन देने की राशि 11,41,900/– (ग्यारह लाख इकतालिस हजार नौ सौ रूपयें) जो बकाया राशि थी, उस उक्त राशि को वसूली किया जाना था। इस मांग सूचना पत्र के जरिये आप शशि कान्त मिश्रा उर्फ शिब्बू मिश्रा को सूचित किया जाता है कि इस सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर मेरे पक्षकार की बकाया राशि का भुगतान करते हुये मेरे पक्षकार से, पावती प्राप्त कर लेवें। अन्यथा बीते अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा सक्षम वाद माननीय न्यायालय में दायर करेगा। इस सूचना प्रकाशन को मांग नोटिस की पावती स्वरूप अदालती कार्यवाही में उपयोग लायी जावेगी।

भवदीय
विकास कुमार पाठक
(एडवोकेट)
सिविल कोर्ट मैहर,
जिला मैहर (म.प्र.)
RN- 82266

**पश्चिम मध्य रेल**

इंजीनियरिंग विभाग–खुली निविदा

निम्नलिखित कार्य के ई.निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक– डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी. 86–2025 दिनांक 28.05.2025, कार्य का नाम लोकेशन सहित** – मंडल अभियंता (उत्तर) जबलपुर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत दो विविध कार्य: **भाग–1:** सहायक मंडल अभियंता (उत्तर) सतना उप मंडल के तहत सतना और रीवा स्टेशन में ऑफ साइड प्लेटफॉर्म परीक्षा पर सीसी पाथवे का निर्माण। (कार्य का भाग – जबलपुर जबलपुर, सतना, कटनी मुडवारा और रीवा स्टेशन पर सुरक्षित रूप से परीक्षा कराने की सुविधाओं को अपग्रेड करना।) **भाग–2:** सहायक मंडल अभियंता (उत्तर) सतना उप मंडल के तहत सतना में नए स्क्रैप यार्ड की व्यवस्था। (कार्य का भाग: सतना डाउन यार्ड सतना में सामान्य प्रकाश व्यवस्था को अपग्रेड करके एलयूएक्स स्तर में सुधार। **कार्य का अनुमनित मूल्य रुपये – 1,67,11,376/–, बयाना राशि– 2,33,600/–,समापन अवधि– 12 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एंव समय 15:00 बजे– 20.06.2025, निविदा खुलने की तिथि एवं समय 15:15– 20.06.2025, निविदा सूचना क्रमांक– डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी. 87–2025 दिनांक 28.05.2025, कार्य का नाम लोकेशन सहित** – सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर के अंतर्गत दो वर्षों के लिए सेप्टिक टैंक, सीवर लाइन और चेम्बरों की सफाई। **कार्य का अनुमनित मूल्य रुपये – 70,85,580/–, बयाना राशि– 1,41,700/–,समापन अवधि– 24 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एंव समय 15:00 बजे– 20.06.2025, निविदा खुलने की तिथि एवं समय 15:15 20.06.2025,** उपरोक्त ई–निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट "https://ireps.gov.in" उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी। (हस्ता.)

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्यवाही से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## बारिश से मंडी प्रांगण में रखा गेंहू भीगा

**जरूरत पर भी नहीं बन पाये वेयरहाउस**

**रीवा।** भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय किसान समन्वय समित के सदस्य किसान सुब्रत ने जिला प्रशासन एवं मंडी बोर्ड से आग्रह किया है कि स्थानीय कृषि उपज मंडी प्रांगण रीवा का निरीक्षण कर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की तत्काल पहल करें। कृषि उपज मडी प्रांगण रीवा मे बरसों से व्यापारी एव किसानो की मांग रही है कि उच्च क्षमता के एक दो वेयरहाउस का निर्माण कराया जाय। भूमि भी उपलब्ध है। इसके बाद भी वेयरहाउस आज तक नहीं बन पाये। किसान व्यापारी दोनों की उपेक्षा की जा रही है। मंडी प्रांगण में करोड़ों के कार्य हो रहे हैं उनमें वेयर हाऊस के निर्माण को प्राथमिकता से शामिल ना किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। वेयर हाऊस सबसे अधिक जरूरत है और उसकी अनदेखी की जा रही है। किसान एव व्यापारी दोनों परेशान हैं। मंडी प्रांगण मे खरीदे अनाज के भंडारण के लिए कोई व्यवस्था ना होने से खरीदा हुआ आनाज आखिर कहां ले जायें। आवक ज्यादा होने एवं बाहर से मांग कम होने पर खरीदा अनाज रखा रहता है। शेड में बहुत कम जगह रह जाती है। मजबूरी में किसानों को आनाज शेड से लगी सड़क में ढेरी बनानी पड़ती है। शुक्रवार को डाक होने के बाद आसमयिक बारिश से किसानों व्यापारियो द्वारा खरीदा गया आनाज भीग गया। ऐसे में शीघ्र वैकल्पिक व्यवस्था की जाय। कुछ शेड व्यापारियों के लिए खाली रखे जाएं जिससे बारिश के मौसम में किसान शेड के अन्दर अनाज की बिक्री करा सकें।



### स्वसहायता समूह से जुड़कर स्वाबलंबी बनीं मंजूषा

**रीवा।** मेहनत और लगन से किया गये कार्य के सार्थक परिणाम सामने आते हैं। किटवरिया ग्राम की रहने वाली मंजूषा पाण्डेय एक साधारण ग्रामीण महिला थी जिसके परिवार में पति व बच्चों का भरण पोषण बमुश्किल होता था। घरेलू कामकाज से समय न मिल पाने से बच्चों का लालन पालन भी ठीक ढंग से नहीं हो पाता था तथा ऋण लेकर परिवार के खर्चे चलते थे। मंजूषा पाण्डये स्वसहायता समूह से जुड़कर मेहनत और लगन से डेयरी व्यवसाय प्रारंभ कर दूध विक्रय करना प्रारंभ किया। उन्होंने समूह से बीस हजार की ऋण लेकर एक भैंस खरीदी और धीरे-धीरे उनका व्यवसाय चलने लगा। मंजूषा के डेयरी से प्रति दिवस 25 से 30 लीटर दूध का विक्रय हो जाता है। अब उनकी आर्थिक स्थिति भी सुधर गई है। उनका परिवार भी खुशहाल है।

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकीय विभाग खण्ड सीधी(म0प्र0)**

सम्राट चौराहा के पास, ई–मेल eephedsid@nic.in फोन नम्बर 07822–292508

निविदा सू0क0 02/नि.प्र./व.ले.लि./का0य0/लो0स्वा0यां0वि0/25–26 सीधी दिनांक 27.05.2025

निम्न कार्यो हेतु निविदा का आनलाईन बेबसाइड http//mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 11.06.2025 सायं 5:30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 13.06.2025 को 11:00 बजे है। निविदा में संशोधन की स्थिति उपरोक्त बेबसाईट पर देखी जा सकती है।

Name of work- **Providing a complete utility vehicle for handpump maintanance (per thousand number of handpump)** विकासखण्ड मझौली के ग्रामों में स्थापित निम्नानुसार स्थापित हैण्डपम्पों का संधारण कार्य की निविदा।

| S. N. | Tender ID | Block and HP No | Mo of Hand Pump | PAC(Rs. in Lakh) | E-EMD in Rs | Cost of Tender | NO.Of Calls |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE_PHED_426997_1 | मझौली ग्रुप–बी | 1300 | 13.91 | 27820 | 2000 | III Call |

G- 13636/25

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकीय विभाग
खण्ड सीधी (म0प्र0)

**कार्यालय थाना प्रभारी थाना जवा जिला रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक– थाना जवा/353 A/2025
इस्त.क्र. 01/25,02/25
थाना जवा

दिनांक– 31/05/2025
धारा 25 पुलिस एक्ट
जिला रीवा

धारा 25 पुलिस एक्ट मे जप्त वाहन

**आम इश्तहार सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि पुलिस थाना जवा जिला रीवा के इस्तागास क्र 01/25,02/25 धारा 25 पुलिस एक्ट में जप्त शुदा सामग्री दो पहिया वाहन विभिन्न कम्पनियों के /माल क्रमश / 32 नग वाहन एवं 10 सायकल मेक /क्र/नरजर एवं कबा हालत में है जो काफी समय से कण्डम की स्थिति में थाना प्रांगण थाना जवा में रखे हुये है।

उपरोक्त जप्तसुदा दो पहिया वाहन / अन्य माल 32 नग धारा 25 पुलिस एक्ट में है इन वाहनों के स्वामित्व धारको को आम इश्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है दिनांक 25.05.25 तक पुलिस थाना जवा जिला रीवा में मूल दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर अपना स्वामित्व अधिकार प्रस्तुत करें। नियत तिथि तक उपस्थित नही होने पर दिनांक 01/07/25 के बाद उक्त जप्त शुदा वाहनों की निलामी की कार्यवाही निष्पादित की जावेगी नियत तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**थाना जवा जिला रीवा धारा 25 पुलिस एक्ट मे जप्त सुदा वाहनो की सूची**

| क्र | गाड़ी नं. | मॉडल | रंग | चेचिंस नंबर | इंजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | MP19MN-1476 | Pulsar 150 | Black | MD2DHDHZZCF80018 | DHOBTF89246 |
| 2. | MP19MB-6402 | Bajaj platina | Black wine | MD2DDDZZZPWJ78353 | DUMBPJ09073 |
| 3. | UP70BE-5929 | Pulsar | Black, red | MD2UHDHZZTCA91442 | DHCBIA80772 |
| 4. | MH12EP-9967 | Hero Honda huck | Red,black | MBLKCI3EA8GA06879 | KC13EA8GA06718 |
| 5. | GJ01MW-6291 | Pulsar 220 | Black, blue | MDZA13EZ5GCE13760 | DKZCGE30448 |
| 6. | JH01AK-1580 | HeroHonda shine | All black | ME4JC36EAB8159889 | JC36E2238255 |
| 7. | MP17MS-9932 | Tvs | Black,red | MD625FF17J3D06525 | FF1DJ1920380 |
| 8. | CG04CP-6110 | Pulsar | Black,silver | MD2DHOHZZNCB51390 | DHGBNB88708 |
| 9. | MP21ME-6933 | Splender pro | Black,blue,silver | MBLHAL0APDH00005 | HA10EKDHD00065 |
| 10 | - | Apache 160 | Black,blue,silver | MD634KBSXC2F36887 | OE6FC2162403 |
| 11. | UP70EA-8305 | Dream yoga | Black,red | ME4JC58DHH2033974 | JC58E6034032 |
| 12. | UP70BM-6455 | HeroHon pass pro | Black,red | MBLHA10EWBCE4844B | HA—EBBGEDE3101 |
| 13. | MP18MP-5344 | HF-deluxe | Black, silver | MBLHAW020KGB16669 | घिसा हुआ हैं |
| 14. | UP70AP-0185 | Bajaj platina | Black, silver | MD2DDDZZZHWJ00191 | DUMCNH71768 |
| 15. | लाल रंग की पुरानी इस्टमाली एच एफ डीलक्स | | | MBLHA11AGF9E00425 | HALEHF9E02343 |
| 16. | पुराना इस्तमाली बॉक्सर काले रंग की | | | HCK7382 ............... | 31MBCK63714 |
| 17. | लाल रंग की पुराना इस्तमाली स्टार सिटी | | | MD625FF11K1D00832 | FF1DK1800910 |
| 18. | लाल रंग की पुराना इस्तमाली एच एफ डीलक्स | | | MBLHAR205HGJ1284 | HA11ENHGJ13038 |
| 19. | साफेद रंग की पुराना इस्तमाली आपची | | | MD534E60H2DO7437 | CE6DH200787 |
| 20. | लाल रंग की पुराना इस्तमाली हीरो होण्डा | | | MBLHA11ENA9G07201 | HA11ECA9G15194 |
| 21. | काले रंग की पुराना इस्तमाली कवासकी | | | BKE94011...... | DMMBKE84971 |
| 22. | काले रंग की पुराना इस्तमाली प्लसर | | | MD2K13EIXF.... | DH...OFMO6 |
| 23. | काले रंग की पुराना इस्तमाली स्पेलेण्डर | | | .....01A20E0036 | 01A18E00619 |
| 24. | काले रंग की पुराना इस्तमाली अपाची | | | MD634KE45821 | OE4H82116529 |
| 25. | लाल व काले रंग की पुराना इस्तमाली एच एफ डीलक्स | | | MBLHA11ESD9K00601 | HA11ECD9K10530 |
| 26. | काले रंग की पुराना इस्तमाली स्पेलेण्डर | | | MBLHA10A.... | HA10EKDHM01399 |

नोट – 01. 06 मोटर सायकल पुरानी कंडम हालत मे।
02. 10 सायकल पुरानी कंडम हालत मे।

थाना प्रभारी
थाना जवा, जिला रीवा (म.प्र.)

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जेल परिसर में हुआ कार्यक्रम




## जीवन में सुख नहीं पायेगा, धुआं बनकर रह जाएगा - ब्रह्माकुमारीज

**लवकुशनगर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के बैनर तले विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में नगर के कई स्थानों सब जेल मॉडर्न पब्लिक कोचिंग सेंटर नगर के पंकज पार्क सहित ग्राम रनमऊ, ग्राम मड़ा में हुए कार्यक्रम जिसमें ब्रह्मकुमारी बहनों ने सभी को नशे से मुक्त होने की प्रतिज्ञा कराई साथ ही नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया।

### खुद को जगा दो नशे को भगा दो

ब्रह्माकुमारी सुलेखा बहन ने कहा कि युवा जिसे हम देश का भविष्य कहते हैं रीड़ की हड्डी कहते हैं आज वही युवा पीढ़ी नशे का शिकार हो रही है आज फैशन और व्यसन के युग में हमारे भारत का भविष्य खतरे में नजर आ रहा है क्योंकि चारों तरफ जितने भी गलत काम हो रहे हैं एवं दुर्घटनाएं हो रही हैं जिसने कई घरों के चिरागों को बुझा दिया मां-बाप के सपनों को रख कर दिया उसका मुख्य कारण यही बताते हैं कि वह नशे का शिकार था। युवा हर तरफ से हर प्रकार के नशे में लिप्त है और ऐसे में हम सभी को चाहिए कि युवा को एक नई दिशा प्रदान करें पढ़ाई के साथ-साथ आध्यात्मिकता से भी जुड़े युवा ताकि वह अपने भविष्य को संवारे और राष्ट्रहित में समाज हित में देश हित में अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। आज देश को जरूरत है ऐसे युवा साथियों की जो जोश में नहीं होश में रहकर अपने जीवन काल में कुछ नया करके दिखाएं क्योंकि यह वही समय होता है जब हमारे पास आंतरिक ऊर्जा होती है सोचने समझने की शक्ति होती है निर्णय लेने की शक्ति होती है जिसे हम अच्छे कार्य में लगाकर एक श्रेष्ठ समाज एवं राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं युवा खुद जागेगा तब नया भारत का निर्माण होगा इसलिए खुद को जगाओ और नशे को भगाओ।

### वैश्विक स्तर पर चलाए जा रहा है अभियान

यह अभियान गांव में शहर में और देश के कोने-कोने में वैश्विक स्तर पर चलाए जा रहा है और अब तक लाखों लोगों का जीवन नशा मुक्त बना है। राजयोग के निरंतर अभ्यास से हम अपने जीवन को नशा मुक्त बना सकते हैं। मेडिटेशन का अभ्यास कराते हुए बहन सुलेखा ने बताया कि राजयोग का निरंतर अभ्यास करने से जीवन में कई प्रकार के नशे से मुक्त हो सकते हैं और यह अभ्यास ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में रोज सुबह, शाम सिखाया जाता है जो निशुल्क है कभी भी आप आकर कर सकते हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्रह्माकुमारी सुलेखा बहन उषा बहन सहित सब जेल अधीक्षक अनिल पाठक, मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य प्रदीप सिंह शामिल रहे।

# विद्युत विभाग ने काटे कई स्कूलों के बिजली कनेक्शन

**छतरपुर।** बकाया बिल न चुकाने के कारण विद्युत विभाग ने शहर के कई स्कूलों के बिजली कनेक्शन काट दिए हैं, जिससे आगामी 2 जून से शुरू होने वाली कक्षा पांचवीं और आठवीं की सप्लीमेंट्री परीक्षाओं पर संकट मंडरा रहा है। शहर के महलों के समीप स्थित शासकीय नवीन माध्यमिक शाला सहित कई अन्य स्कूलों में पिछले कुछ दिनों से बिजली आपूर्ति ठप है। विद्युत विभाग ने बकाया बिलों के भुगतान न होने के कारण इन स्कूलों के कनेक्शन काट दिए हैं। आगामी 2 जून से कक्षा पांचवीं और आठवीं की सप्लीमेंट्री परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं और स्कूलों में पंखे, लाइट और अन्य आवश्यक सुविधाएं बंद हैं। इस संबंध में जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) ए.एस. पांडेय से बात करने पर उन्होंने आश्वासन दिया कि परीक्षा से पहले बिजली व्यवस्था को ठीक कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा, हम इस मामले को गंभीरता से ले रहे हैं और विद्युत विभाग से बात कर जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल कराने का प्रयास करेंगे ताकि छात्रों की परीक्षा प्रभावित न हो।

# गुंडे-बदमाशों पर नकेल कसने की तैयारी में छतरपुर पुलिस

## आधा दर्जन से अधिक पर प्रस्तावित की गई जिला बदर की कार्रवाई



**छतरपुर।** छतरपुर पुलिस ने आदतन अपराधियों और गुंडा-बदमाशों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए मई 2025 में सात बदमाशों के खिलाफ जिला बदर की प्रस्तावित कार्रवाई की है। पुलिस ने इनके खिलाफ प्रतिवेदन तैयार कर जिला दंडाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह कार्रवाई जिले में अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है।

छतरपुर पुलिस लगातार निगरानी बदमाशों और गुंडों पर नजर रख रही है और समय-समय पर उन्हें थानों में बुलाकर आवश्यक निर्देश दे रही है। मई 2025 में थाना कोतवाली और ओरछा रोड पुलिस ने सात आदतन अपराधियों के खिलाफ जिला बदर का प्रस्ताव तैयार किया। इनमें कोतवाली थाना क्षेत्र के राहुल मिश्रा उर्फ संजू भूरा निवासी सर्किट हाउस के पास छतरपुर, दशरथ अहिरवार निवासी अमानगंज मोहल्ला छतरपुर, फैयाज अली निवासी नया मोहल्ला छतरपुर, युसूफ राइन निवासी बड़ी कुंजरहटी छतरपुर, और ओरछा रोड थाना क्षेत्र के सत्यम यादव निवासी ग्राम हतना, हर्ष उर्फ सिक्सर निवासी ग्राम नारायणपुरा तथा संतोष शर्मा निवासी ग्राम टुरया शामिल हैं। पुलिस ने इनके आपराधिक रिकॉर्ड की समीक्षा के बाद जिला बदर की कार्रवाई प्रस्तावित की है। प्रतिवेदन जिला दंडाधिकारी कार्यालय में भेजा जा रहा है, जहां अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

# बस स्टैंड पर सवारियां भरने को लेकर हुआ विवाद, जमकर चले लात-घूंसे और बेल्ट

**छतरपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड पर दो बसों के स्टाफ के बीच सवारियां भरने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों के बीच जमकर लात-घूंसे चले और एक युवक ने दूसरे की बेल्ट से मारपीट की। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें खुलेआम गाली-गलौज और मारपीट देखी जा सकती है। हैरानी की बात यह रही कि इस गुंडागर्दी के दौरान न तो पुलिस और न ही यातायात पुलिस मौके पर दिखाई दी। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि एक युवक ने दूसरे को बेल्ट से पीटा, जबकि आसपास मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे। इस दौरान बस स्टैंड पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की गंभीरता के बावजूद, कोतवाली पुलिस और यातायात पुलिस की अनुपस्थिति ने स्थानीय लोगों में नाराजगी पैदा की है।

# ग्राम पंचायत गोरखपुर से प्रारंभ हुई यात्रा ग्राम पंचायत मोहतरा में हुआ रात्रि विश्राम



## ग्रामीणों को पौधरोपण करने व जल संरक्षण व संवर्धन का दिया संदेश

**जागरण डिंडोरी।** मां नर्मदा जी के जल को निर्मल तथा प्रवाह को अविरल बनाये रखने के उद्देश्य से यात्रा के छठवें दिन 30 मई को ग्राम पंचायत गोरखपुर से प्रारंभ हुई, जो ग्राम मोहतरा पहुंची, जहां रात्रि विश्राम हुआ। इस दौरान ये यात्रा जिले की पांच ग्राम पंचायत से होकर निकाली गई। यात्रा के दौरान ग्रामीणों को जल गंगा संवर्धन अभियान का संदेश ,नर्मदा नदी को स्वच्छ बनाये रखने, पौधरोपण करने और जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया।

यात्रा के छटवे दिन 30 मई को ग्राम गोरखपुर से प्रातः काल यात्रा प्रारंभ हुई। इस दौरान शिवनी संगम में नर्मदाष्टक एवं नर्मदा आरती तथा सामूहिक रूप से घाट में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके पश्चात ग्राम पंचायत गोरखपुर, चांदना, मूसामुंडी , धवाडोगरी, मोहतरा से होकर यात्रा निकाली गई और चौपाल कार्यक्रम आयोजित किये गये। ग्राम चौपाल के माध्यम से जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद श्री धर्मेंद्र चौहान ने बताया कि नर्मदा जी के तटों में पौधरोपण करने और स्वच्छता बनाये रखने के लिए हम सभी को पहल करनी चाहिये। इसके अलावा जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। अभियान के तहत नर्मदा नदी सहित अन्य नदियों के घाटों में स्वच्छता अभियान, गांव में जल संचयन के लिए कंटूर ट्रेंच निर्माण, खंती निर्माण के अलावा पौधरोपण करने का संदेश दिया तथा ग्रामीणों को जल गंगा संवर्धन अभियान की शपथ दिलाई गई ।

# हम सब मिलकर नशामुक्त समाज का निर्माण करने का संकल्प लें : कलेक्टर

**जागरण मंडला।** 31 मई विश्व तम्बाखू निषेध दिवस के अवसर पर जिला योजना भवन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिवकुमार वर्मा, उपसंचालक सामाजिक न्याय श्री रोहित बड़कुल शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा ने कहा कि समाज में नशा एक सामाजिक बुराई है जिसे मिटाने के लिए हम सबको जिम्मेदारी उठानी पड़ेगी, इसके लिए आवश्यक है कि हम सभी मिलकर समाज में जागरूकता फैलाएं। नशे के कारण हमारे समाज में बहुत से घर उजड़ जाते हैं। तम्बाखू तथा तम्बाखू से बने हुए उत्पाद मानव जीवन के लिए कितने घातक हैं इसके विषय में लोगों को जागरूक करते हुए इस नशे से दूर करने में हमें अपनी भूमिका निभानी पड़ेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कहा कि किसी भी समाज में किसी भी प्रकार का नशा व्यक्ति के लिए न सिर्फ अपमान का कारण बनता है बल्कि यह




उनकी पीढ़ियों को भी नुकसान पहुंचाता है। नशे के दुष्प्रभाव के कारण मनुष्य को आर्थिक और मानसिक क्षति होती है। व्यसन से शारीरिक नुकसान तो होता ही है साथ ही नशे के कारण होने वाली बीमारियों से परिवार आर्थिक रूप से भी नुकसान उठाता है। हम सब मिलकर नशामुक्त समाज का निर्माण करने का संकल्प लें और हर एक व्यक्ति कम से कम 10 लोगों को नशे से मुक्त कराने का प्रयास करे। आजकल नशामुक्ति के बहुत से केन्द्र भी इस कार्य में लोगों का सहयोग कर रहे हैं। प्रशासन, पुलिस और सामाजिक संगठन तो यह प्रयास कर ही रहे हैं इसमें यदि आमजन भी कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करेंगे तो निश्चित ही हम अपने समाज को नशामुक्त बनाने में सफल हो सकेंगे। नशामुक्ति अभियान के इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा ने उपस्थितजनों को नशामुक्ति संकल्प की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रजापिता ब्रम्हकुमारी आश्रम की स्वयंसेविकाएं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, लोक कलाकार तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# जिला चिकित्सालय डिंडोरी में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया

**जागरण डिंडोरी।** कलेक्टर महोदया नेहा मारव्या के निर्देशन पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रमेश सिंह मरावी एवं शिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ अजय राज जिला डिंडोरी के मार्गदर्शन में तथा जिला नोडल अधिकारी (ह्वञ्जक्ष्ट) डॉ धर्मवीर मार्को एवं जिला किशोर स्वास्थ्य समन्वयक ओम प्रकाश उरैती के नेतृत्व में विश्व तंबाकू निषेध दिवस 31 मई 2025 को दुनिया भर में लोगों को तंबाकू सेवन और इससे होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विश्व स्वास्थ्य संगठन मनाया जाता है (ङ्ख॥ह्र) द्वारा वर्ष 2025 का घोषित विषय/थीम आकर्षण का पर्दाफाश तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति का खुलासा करना।




### यह जानना अत्यंत जरूरी

1. भारत में 13 से 14 लाख लोगों की मृत्यु तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारियों के कारण हो जाती है। 2. सभी प्रकार के कैंसर में एक तिहाई तंबाकू सेवन के कारण होते हैं। 3. 38त्न टी. बी. से होने वाली मौतें तंबाकू सेवन से सम्बंधित होती है। 4. तंबाकू सेवन कैंसर, हृदय रोग (सीवीडी), मधुमेह, पुरानी फेफड़ों की बीमारी, स्ट्रोक, बांझपन, अंधापन, तपेदिक (टीबी) आदि का एक प्रमुख जोखिम कारक है।

### मध्य प्रदेश में तंबाकू सेवन की स्थिति

1. ग्लोबल एडल्ट टोबैको सर्वे (त्रञ्जस् 2016) के अनुसार मध्य प्रदेश में *34.2 प्रतिशत वयस्क*( 15 वर्ष से अधिक उम्र के) किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं जिसमें 50.2त्न पुरुष और 17.3त्न महिलाएं शामिल हैं।

2. ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे (त्रङ्घञ्जस् 2019) के अनुसार मध्य प्रदेश में 13 से 15 वर्ष के आयु वर्ग के *3.9 प्रतिशत स्कूली छात्र* (4.4त्न लड़के और 3.5त्न लड़कियां) किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं।

### बच्चे एवं युवा तंबाकू उत्पादों के प्रति क्यूँ आकर्षित होते हैं

**( अ ) ग्लैमराइज्ड मार्केटिंग**

1. विभिन्न सेलिब्रिटीज द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से प्रचार एवं प्रसार। 2. तंबाकू उत्पादों की दुकानों में आकर्षित तरीके से प्रदर्शन जैसे एल. ई. डी. डिस्प्ले, स्टीकर, लुभावनी स्कीम आदि। 3. तम्बाकू उत्पादों का कहीं भी किसी भी उम्र के व्यक्ति को आसानी से उपलब्ध होना या बचा जाना। 4. ओ. टी. टी. एवं अन्य सोशल मीडिया पर अभिनेताओं/अभिनेत्रियों द्वारा तंबाकू उत्पादों का सेवन करते हुए प्रदर्शन। 5. तंबाकू उत्पादों का विभिन्न स्वादों/फ्लेवर्स का प्रचार के साथ उपलब्ध होना। 6. प्रतिबंधित ई सिगरेट जैसे उत्पादों को बीड़ी सिगरेट से काम हानिकारक बताकर एक स्वस्थ विकल्प के रूप में पेस करना।

**( ब ) भ्रामक डिज़ाइन**

1. तंबाकू उत्पादों की भ्रामक एवं मनोरंजक डिज़ाइन, रंग और पैकेजिंग।

2. कुछ तंबाकू उत्पाद मिठाई, कैंडी और यहां तक कि कार्टून चरित्रों की नक़ल करते हैं - ऐसी चीजें बच्चों को स्वाभाविक रूप से आकर्षित करती हैं।

**( स ) कूलेंट्स और एडिटिव्स**

1. तम्बाकू उत्पादों में मिलाए गए पदार्थ जैसे कूलेंट्स (मेथोल आदि) ओर एडिटिव्स उत्पादों के निरंतर उपयोग को बढ़ाने में सहायक होते हैं और तम्बाकू छोड़ने की संभावना को कम कर देते हैं।

### विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 2025 के अभियान का लक्ष्य

तंबाकू उत्पादों के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, नीति परिवर्तन एवं तम्बाकू उत्पादों की मांग कम करना।

**क्या करने की जरूरत है :** 1. बच्चों युवाओं एवं आम जनता को तंबाकू उत्पादों के अप्रत्यक्ष, भ्रामक प्रचार प्रसार एवं आकर्षण से अवगत करना। 2. तंबाकू उत्पादों के भ्रामक एवं अप्रत्यक्ष विज्ञापन प्रचार और प्रयोजन पर प्रतिबंध। 3. विभिन्न फ्लेवर स्वादों में उपलब्ध तंबाकू उत्पादों पर प्रतिबंध।

4. तंबाकू उत्पादों की डिजाइन को विनियमित कर उन्हें कम आकर्षक बनाया जाए। 5. तंबाकू उत्पादों की सादी पैकेजिंग हो। 6. सार्वजनिक स्थान को तंबाकू मुक्त बनाना। 7. तंबाकू छोड़ने के लिए परित्याग केंद्रों की उपलब्धता एवं उनके सशक्तिकरण किया जाना। 8. तंबाकू उत्पादों पर अधिक से अधिक कर बढ़कर इस अत्यधिक महंगा बनाया जाए। बच्चों एवं युवाओं को तंबाकू आपदा से बचाने के लिए लिए इस विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ तंबाकू मुक्त भविष्य बनाने के अभियान में शामिल हूं। तंबाकू छोड़ने के लिए भारत सरकार की हेल्पलाइन 1800112356 (टोल फ्री)

### शपथ प्रारूप

मैं नाम.......... विश्व तंबाकू निषेध दिवस 31 मई 2025 को शपथ लेता हूं कि तंबाकू उत्पादों के भ्रामक प्रचार प्रसार,आकर्षण के बारे में अवगत कराकर लोगों को जागरूक करूंगा।

मैं सत्य निष्ठा पूर्वक शपथ लेता हूं कि जीवन पर्यंत तंबाकू का सेवन नहीं करूंगा और दूसरे लोगों को भी तंबाकू सेवन की लत छुड़वाने में मदद करूंगा।

मैं यह भी शपथ लेता हूं कि अपने क्षेत्र के सभी सार्वजनिक स्थल को तंबाकू मुक्त बनाने में अपना योगदान दूंगा। उक्त कार्यक्रम में हॉस्पिटल प्रबंधक योगेंद्र उईके, राजेश मरावी, राजकुमार साहू, पूनम सिंह, नविता पटेल जिला समस्त चिकित्सा अधिकारी, और विभाग के अन्य कर्मचारियों/अधिकारियों एवं नर्सिंग स्टाफ किशोर /किशोरी अन्य जन मानस के द्वारा ओपीडी में शपथ ग्रहण की गईं।

# सीईओ जिला पंचायत ने महर्षि संदीपनी स्कूल भवन टिकरिया का किया निरीक्षण

**जागरण मंडला।** सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने शनिवार को जनपद पंचायत नारायणगंज क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन महर्षि सांदीपनी स्कूल टिकरिया में चल रहे निर्माण कार्यों अवलोकन किया। सीईओ जिला पंचायत ने स्कूल भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल, कक्षाएं, मध्याह्न भोजन कक्ष और डाईनिंग रूम का बारीकी से निरीक्षण किया और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता देखी। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री कूमट ने निर्माण की प्रगति के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि शेष बचे हुए कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत नारायणगंज गौरीशंकर डहेरिया सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



# जल संरचनाओं के संरक्षण के कार्यों को परिणामदायक बनाएं : श्री कूमट



**जागरण मंडला।** सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने शनिवार को नारायणगंज क्षेत्र के प्रवास के दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत संचालित गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि जल संरचनाओं के संरक्षण के कार्यों को परिणामदायक बनाएं। जन सहयोग से जल संरचनाओं को पुनर्जीवित करें। इस दौरान सीईओ जनपद पंचायत गौरी शंकर डहेरिया सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। नारायणगंज विकासखंड के ग्राम कोबरीकला में स्टॉप डेम का निरीक्षण करते हुए सीईओ जिला पंचायत श्री कूमट ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल स्त्रोतों के कार्यों को पूरी गंभीरता से करें। स्थानीय लोगों का सहयोग प्राप्त करते हुए उन्हें जल स्त्रोतों की सुरक्षा के लिए प्रेरित करें। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए उन्हें जल संरक्षण तथा वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

प्रसंगवश

# अहिल्याबाई: सुशासन और महिला स्वावलंबन की प्रणेता

डॉ. मोहन यादव



पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती अवसर पर शत-शत नमन...। आज भोपाल में लोकमाता देवी अहिल्याबाई महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसका समूचा दायित्व मातृशक्ति संभाल रही हैं। इस महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन महोत्सव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भोपाल पधार रहे हैं। मैं मध्यप्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता की ओर से प्रधानमंत्री का आत्मिक स्वागत करता हूं। देवी अहिल्याबाई होलकर ने परिपूर्ण सुशासन व्यवस्था, स्वावलंबी, आत्मनिर्भर समरस समाज, सुरक्षित समृद्ध राज्य का एक आदर्श प्रस्तुत किया है। एक तरफ उन्होंने महिलाओं की सैनिक टुकड़ी बनाकर सुरक्षा की चौकस व्यवस्था की। वहीं, दूसरी ओर महिलाओं के सामाजिक सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए क्रांतिकारी निर्णय लिये। उन्होंने महिलाओं को संपत्ति में अधिकार, विधवा को दत्तक पुत्र लेने का अधिकार तथा विधवा पुनर्विवाह के अधिकार प्रदान किये और दहेज प्रथा पर रोक लगाने के नियम बनाये। सेना में बलिदान हुए सैनिकों की पत्नियों के लिये महेश्वर में महेश्वरी साड़ी उद्योग की स्थापना की और महिला समृद्धि का विश्व में कीर्तिमान स्थापित किया। उन्होंने महेश्वर को शिल्प, कला, संस्कृति, शिक्षा, साहित्य, उद्योग और व्यापार का केन्द्र बनाया और देशभर में विस्तारित किया। उनके शासनकाल में होलकर राज्य प्रभावी सूचना तंत्र, पंचायती राज, न्यायालय, सुरक्षा की चौकस व्यवस्था, सशक्त सेना के साथ ग्रामीण तथा नगरीय नियोजन का उदाहरण बन गया। जीवनभर वे भगवान शिव और समाज के लिए समर्पित रहीं। मध्यप्रदेश में उनके जीवन, कृतित्व और व्यक्तित्व पर आधारित विविध कार्यक्रम संपन्न हुए। अहिल्याबाई के व्यक्तित्व निर्माण, परिवार समन्वय,पर्यावरण संरक्षण, समाज निर्माणऔर राष्ट्रनिर्माण के सूत्र समाज के सामने लाये गये।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विश्व में सबसे समृद्ध और सशक्त राष्ट्र बनाने के लिये विकास के साथ विरासत का सूत्र दिया है। इस सूत्र के अनुरूप ही हमने अपनी विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रदेश की गौरवशाली विरासत को सहेजने और आदर्श महानायकों के व्यक्तित्व से समाज को प्रेरित करने का अभियान चलाया। प्रदेश के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए हमने

> पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर महासम्मेलन और जयंती समारोह को आगामी एक वर्ष तक आयोजित किये जाने का शुभारंभ मध्यप्रदेश से किया जा रहा है।

डेस्टिनेशन कैबिनेट की ऐतिहासिक पहल की है। यह पहल प्रधानमंत्री पर्यटन को बढ़ावा देने की अवधारणा को धरातल पर साकार करती है। आधुनिक विकास के साथ अपनी गौरवशाली विरासत का स्मरण और आदर्श महानायकों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने के उद्देश्य से हमने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की स्मृति में दो कैबिनेट बैठकें कीं। पहली बैठक 24 जनवरी 2025 को महेश्वर के किले में और दूसरी बैठक 20 मई 2025 को इंदौर के राजवाड़ा में संपन्न हुई। पहली बैठक में प्रदेश के 19 पवित्रस्थलों में शराब बंदी लागू करने का निर्णय लिया। इस निर्णय से धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनाये रखने के साथ महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को बल मिलेगा,वहीं दूसरी बैठक में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने का फैसला लिया गया है।

पुण्यश्लोका, लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के 300वें जन्म जयंती वर्ष में चौथे स्तम्भ 'नारी' के समग्र विकास के लिये देवी अहिल्याबाई नारी सशक्तिकरण मिशन बनाकर कार्य आरंभ किया गया। मुझे पूर्ण विश्वास है कि महिलाओं की यह समृद्धि परिवार, समाज, प्रदेश और राष्ट्र को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। लोकमाता अहिल्याबाई ने महिलाओं को सबल बनाने के लिए जो प्रयास किये हैं, वो निरंतरता और प्रगति के साथ मध्यप्रदेश की धरती पर आकार लेते हुए दिखाई दे रहे हैं।

**(लेखक, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)**

# विदेशी छात्रों पर रोक से अमेरिकी छवि को नुकसान

अमेरिकी विश्वविद्यालयों की स्वायत्ता और उनमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर ट्रंप का रुख अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत से ही रूखा रहा है। वीजा पर ताजा कदम को उससे अलग करके नहीं देखा जा सकता। ट्रंप हर तरह से यूनिवर्सिटीज पर दबाव बनाना चाहते हैं। कार्यकाल की शुरुआत में ही उन्होंने भारतीय समेत कई विदेशी स्टूडेंट्स का वीजा इस आधार पर रद्द कर दिया था कि वे कानून विरोधी गतिविधियों में शामिल थे। इसके बाद हार्वर्ड से जुड़ा विवाद सामने आया। ट्रंप चाहते हैं कि दुनिया की टॉप यूनिवर्सिटीज में उनके मन मुताबिक फैसले लिए जाएं, लेकिन इसका विपरीत असर अमेरिका की छवि पर पड़ रहा है। ट्रंप अपने हर फैसले को मेक अमेरिका ग्रेट अगेन की शक्ल दे देते हैं। विदेशी स्टूडेंट्स पर रोक को भी इस तरह प्रचारित किया जा रहा है, मानो अमेरिकी विश्वविद्यालयों की सारी सीटें बाहर के छात्रों से ही भर जाती थीं और स्थानीय लोगों को मौका नहीं मिल पाता था। हालांकि असल बात यह है कि विदेशी स्टूडेंट्स बिना किसी सरकारी मदद के पढ़ते हैं और ज्यादा फीस देते हैं। उन पर रोक से अमेरिकी यूनिवर्सिटीज को आर्थिक झटका लगेगा।

हार्वर्ड पर तो पहले ही सरकारी अनुदान में कटौती की मार पड़ी है। ग्रेट यानी महान होने का मतलब केवल आर्थिक और सैन्य ताकत बनना नहीं होता। महान बनने का मतलब यह भी है कि वहां सभी के लिए बराबरी के मौके हों और अभी तक अमेरिका की यही पहचान रही है ।

विदेशी स्टूडेंट्स सबसे ज्यादा अमेरिका जाते हैं। 2023-24 सेशन में, अमेरिका में पूरी दुनिया से सबसे ज्यादा 11.26 लाख स्टूडेंट्स पहुंचे थे । केवल भारत से ही 3.3 लाख स्टूडेंट्स गए थे। लेकिन, ताजा हालात में ये सभी आशंकाओं से भरे हुए हैं। हाल ही में एक रिपोर्ट आई थी, जिसमें बताया गया था कि पिछले कुछ वर्षों में भारत से अमेरिका पढ़ाई के लिए जाने वाले छात्रों की संख्या तेजी से बढ़ी है। खासकर 2023-24 के शैक्षणिक सत्र में भारत के छात्र अमेरिका में चीनी छात्रों की संख्या से अधिक हो गए हैं।

# मां अहिल्या से लाडली बहनों तक... प्रदेश में नारी सशक्तिकरण की स्वर्णिम परंपरा

**भारत** की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरा पर यदि कोई शहर मां अहिल्या बाई होल्कर जी की करुणा, नीति एवं लोक कल्याण की प्रेरणा से ओतप्रोत है, तो वह है अपना इंदौर। यह वही पावन भूमि है, जहां मां अहिल्या ने धर्म, न्याय तथा सेवा का ऐसा स्वर्णिम अध्याय रचा, जो आज भी शासन, प्रशासन और समाज के लिए पथप्रदर्शक है। 31 मई 2025 को यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कर कमलों से मेट्रो ट्रेन की शुरुआत इंदौर की आत्मा को आधुनिकता के साथ जोड़ने की संकल्पना है।

यह कितना सुंदर संयोग है कि इसी दिन रानी कमलापति की नगरी भोपाल के जंबूरी मैदान में महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन का आयोजन भी हो रहा है, जिसे प्रधानमंत्री जी स्वयं संबोधित करेंगे। वहीं इस ऐतिहासिक अवसर पर मां शारदा की पावन भूमि सतना तथा मां पीताम्बरा की धरा दतिया को हवाई अड्डे की सौगात मिलेगी। यह सभी कार्यक्रम एक ही धागे से बंधे हैं...यानी विकास और विश्वास, गति और गौरव, परिवहन और परिवर्तन।

**टेम्पो से लेकर अब मेट्रो तक की विकास यात्रा अद्भुत** : इंदौर की विकास यात्रा टेम्पो से लेकर आज मेट्रो ट्रेन तक आ पहुंची है। सब कुछ कितनी तेजी से गुजर गया और अपना इंदौर अब मेट्रो शहर बन गया। शहर में मेट्रो की शुरुआत एक सुगम परिवहन सुविधा के साथ संपूर्ण जीवनशैली का परिवर्तन है। यह परियोजना इंदौर की स्वच्छता, अनुशासन और नवाचार की पहचान को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। मेट्रो का प्रथम चरण यातायात की सुगमता, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक समृद्धि के नए द्वार खोलेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के दूरदर्शी नेतृत्व में यह परियोजना मध्यप्रदेश को स्मार्ट स्टेट बनाने की दिशा में भी सशक्त कदम है।

जैसा कि कहा गया है...

शास्त्रेषु नगरस्य लक्ष्मणानि सप्त- स्वछता, जल व्यवस्था, परिवहन, नागरिक अनुशासन, पर्यावरण, सुरक्षा योजना एवं सांस्कृतिक चेतना।

इंदौर मेट्रो इस सप्तम स्तंभ को और सशक्त करेगी। इंदौरवासियों की आकांक्षाओं को पंख देगी।



राष्ट्र के लिए समर्पित रहा है। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व अनमोल निधि है। उनके कालजयी विचार हर युग में बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय का संदेश देते हैं। आज हमारी सरकार इसी ध्येय के साथ जनकल्याण के पथ पर अग्रसर है।

> मैंने राजनीति में जो सीखा, वह मां अहिल्या की भूमि से सीखा। एक सार्वजनिक सेवक के रूप में, जब विकास की बात आती है तो मेरे मन में केवल एक ही ध्येय होता है...हमारा देश, हमारा प्रदेश, हमारी संस्कृति और हमारा गौरव। मुझे संतोष है कि अपना इंदौर आज सबसे स्वछ शहर होने के साथ नारी शक्ति का प्रतीक है। इसी क्रम में हमने तय किया है कि इंदौर मेट्रो के पहले स्टेशन का नामकरण मां अहिल्या बाई के नाम पर किया जाएगा।

यह न्यू अर्बन इंडिया की जीवंत मिसाल है, जो स्वछता के सिरमौर इंदौर को वैश्विक नगरीय गौरव के शिखर पर स्थापित करेगी।

**नारी शक्ति अर्धांगिनी नहीं, समाज के उत्थान की अधिष्ठात्री** : हमारी डबल इंजन की सरकार में महिला सशक्तिकरण केवल नीतियों का विषय नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना का पुनर्जागरण है। मां अहिल्या बाई होल्कर इसकी प्रतीक हैं। उन्होंने राजसिंहासन पर बैठकर धर्म, न्याय तथा लोककल्याण की ऐसी मिसाल कायम की, जो आज भी प्रासंगिक है। उनके द्वारा निर्मित सैकड़ों घाट, समाज के वंचित वर्गों के लिए अन्न क्षेत्र और खुले दरबार न केवल उनके शासन को सुराय बनाते थे, बल्कि यह भी दर्शाते कि नारी शक्ति अर्धांगिनी नहीं, समाज के उत्थान की अधिष्ठात्री है।

मां अहिल्या का जीवन समाज, संस्कृति और प्रदेश में लागू लाडली बहना योजना, लाडली लक्ष्मी योजना और स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण जैसे कार्यक्रम उसी परंपरा का आधुनिक स्वरूप हैं। इसी क्रम में मध्यप्रदेश में शहरी क्षेत्र की बहनों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए दीनदयाल जन आजीविका योजना संचालित की जा रही है।

जैसा कि संस्कृत में कहा गया है कि

**यत्र नार्यस्तु पूयन्ते, रमन्ते तत्र देवताः**

जहां नारी का सम्मान होता है, वहां समृद्धि और शांति का वास होता है। यह हमारी नीति और दृष्टि का मूलमंत्र है। संपूर्ण विश्व ने बहनों के सिंदूर की ताकत अभी हाल ही में देखी है। अब भोपाल में आयोजित होने जा रहा महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन भारत की मातृशक्ति को नमन और उनके सामर्थ्य को सशक्त करने का महायज्ञ है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा लागू की गई उज्वला योजना, जनधन खाता, मातृत्व वंदना योजना और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे कार्यक्रमों ने करोड़ों बेटियों, बहनों के जीवन को नई दिशा दी है। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में महिलाओं को संपत्ति में अधिकार, शिक्षा, रोजगार और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। यह मां अहिल्या के आदर्शों, न्याय, करुणा एवं शक्ति के संतुलन का साकार रूप है।

**इंदौर में स्वछता, संस्कृति और सशक्तिकरण का संगम** : मैंने राजनीति में जो सीखा, वह मां अहिल्या की भूमि से सीखा। एक सार्वजनिक सेवक के रूप में, जब विकास की बात आती है तो मेरे मन में केवल एक ही ध्येय होता है...हमारा देश, हमारा प्रदेश, हमारी संस्कृति और हमारा गौरव। मुझे संतोष है कि अपना इंदौर आज सबसे स्वछ शहर होने के साथ नारी शक्ति का प्रतीक है। इसी क्रम में हमने तय किया है कि इंदौर मेट्रो के पहले स्टेशन का नामकरण मां अहिल्या बाई के नाम पर किया जाएगा।

अब जब 31 मई को इंदौर मेट्रो की पहली ट्रेन दौड़ेगी और भोपाल में लाखों बहनें प्रधानमंत्री जी के प्रेरक विचारों को सुनेंगी, तब यह केवल आयोजन नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश के नवयुग का शंखनाद होगा। यह मां अहिल्या के आदर्शों को आधुनिकता के साथ जोड़ने का संकल्प होगा।

मैं इंदौर और मध्यप्रदेश की जनता को इस ऐतिहासिक अवसर की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। यह गर्व का क्षण है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में हम मध्यप्रदेश की धरा को विकास और सम्मान के नए शिखर पर ले जा रहे हैं।


---

**(लेखक मध्यप्रदेश सरकार में नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री हैं।)**

# अहिल्या बाई ने लोक कल्याण के लिए की थी धर्मराय की स्थापना

**पुण्यश्लोक** महारानी अहिल्याबाई होल्कर 31 मई 1725 को अहमदनगर (अहिल्या नगर) के नाम से प्रसिद्ध जनपद के चौंडी गांव में जन्मी थी। यह वर्ष उनके जन्म का त्रिशताब्दी वर्ष है उनके सुशासन, लोक कल्याणकारी नीतियों एवं आसेतु हिमाचल सांस्कृतिक उत्थान के कार्यो को जन-जन तक पहुंचाने के लिए उनका 300 वाँ जयंती वर्ष संपूर्ण देश मना रहा है। समाज जीवन में सक्रिय अनेक सामाजिक संगठनों ने इस कार्य को बड़े उत्साहपूर्वक संपन्न किया है । भारतीय जनता पार्टी ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा जी के नेतृत्व में 21 मई से 31 मई तक 10 दिवसीय अभियान लोकमाता अहिल्याबाई की स्मृति को समर्पित किया है । महारानी अहिल्याबाई होल्कर के बहुआयामी व्यक्तित्व एवं उनके प्रेरणा प्रद जीवन से प्रेरित प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की ग़रीब कल्याण की योजनाओं एवं विकास से विरासत के उनके संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने का काम भाजपा के कार्यकर्ता कर रहे है। बौद्धिक संवाद, प्रदर्शनी, छात्र-छात्राओं के बीच प्रतियोगिताएँ, मंदिरों व घाटों की स्वछता, आरती एवं शोभायात्राओं के माध्यम से यह कार्य संपन्न हो रहा है । रायों की सरकारे एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा भी अनेक योजनाओं एवं संस्थाओं का नाम महारानी अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर किया गया है ।

पश्चिमी विद्वानों ने भारत के संबंध में दुष्प्रचार करते हुए कहा कि हिन्दु शासन व्यवस्था अराजक थी , जेम्स मिल ने लिखा था कि भारत नैतिक रूप से खोखला और स्वार्थी समाज था जो शासन योग्य नहीं था। जबकि पश्चिमी देशों में धर्म के नाम पर भीषण अत्याचार हो रहे थे । तब भारत में महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने लोक कल्याणकारी धर्मराय की स्थापना की थी । भारत में धर्म एक व्यापक कल्पना है, जो आर्थिक एवं नैतिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है । धर्म व्यक्तिगत जीवन में अर्थोपार्जन एवं मानवीय गुणों के विकास से लेकर मोक्ष तक का मार्ग सिखाता है। वहीं शासनकर्ताओं के लिए आर्थिक समृद्धि को बढ़ाने वाली नीतियों एवं योजनाओं तथा व्यक्तिगत जीवन में परस्पर आत्मीय व्यवहार, समाज , प्रकृति आदि के साथ अपना संबंध सिखाता है। इसी को ऋषि कणाद द्वारा वैशेषिक



शिवकुमार जी

> महारानी अहिल्याबाई होल्कर के बहुआयामी व्यक्तित्व एवं उनके प्रेरणा प्रद जीवन से प्रेरित प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की ग़रीब कल्याण की योजनाओं एवं विकास से विरासत के उनके संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने का काम भाजपा के कार्यकर्ता कर रहे है। बौद्धिक संवाद, प्रदर्शनी, छात्र-छात्राओं के बीच प्रतियोगिताएँ, मंदिरों व घाटों की स्वछता, आरती एवं शोभायात्राओं के माध्यम से यह कार्य संपन्न हो रहा है । राज्यों की सरकारे एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा भी अनेक योजनाओं एवं संस्थाओं का नाम महारानी अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर किया गया है ।

सूत्र में कहा गया है कि :

**यतो अभ्युदय निःश्रेयस सिद्धिः स धर्मः**

जो समाज में अभुदय ( भौतिक उन्नति) , निश्रेय ( आध्यात्मिक उन्नति) सिखाता है वही धर्म है। भारत में धर्म के आधार पर चलने वाले शासन को ही आदर्श शासन माना गया है। जिसमें सभी सुखी एवं निरोगी हो ।अर्थात भौतिक दृष्टि से आर्थिक समृद्ध , सभी को स्वस्थ जीवन प्रदान करने वाली नीतियाँ, परस्पर प्रेम, भय रहित वातावरण, सभी अपने धार्मिक कर्तव्यों का पालन कर सकें ऐसा वातावरण ही आदर्श राय का उदाहरण बना ।ऐसा योग्य शासन प्रभु श्री राम ने दिया, इसलिए रामराय सभी के लिए आदर्श एवं अनुकरणीय राय हो गया । रामराय के इसी आदर्श का पालन करने का प्रयास सम्राट विक्रमादित्य, राजा भोज, सम्राट हर्षवर्धन जैसे अनेक राजाओं ने किया । विदेशी आक्रमणों के समय इन्हीं मूल्यों की रक्षा करने के लिए महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज सरीखे शासनकर्ताओं ने अपने प्राण को न्योछावर कर दिया । 300 वर्ष पूर्व महारानी अहिल्याबाई होल?कर भी इन्हीं शाश्वत मूल्यों का पालन करने वाली महारानी थी ।

महारानी अहिल्याबाई ने अपने ससुर की मृत्यु के पश्चात 1967 में मालवा राय का शासन संभाला। नर्मदा के प्रति भक्ति, व्यावसायिक एवं सामरिकता से उन्होंने अपनी राजधानी नर्मदा के तट पर महेश्वर को बनाया ।28 वर्ष उन्होंने अपनी मृत्यु पर्यन्त यह शासन सत्ता संभाली । किसानों के विकास की योजनाएं , भूमिहीन किसानों को भूमि प्रदान करना , जनजातीय विकास , अपने शासन को अपराध मुक्त करना , रोजगारपरक अर्थनीति , महिला सशक्तिकरण उसके लिए महेश्वरी साड़ी का निर्माण एवं सैनिक कल्याण उनके शासन की विशेषताएँ थीं । 500 महिलाओं की सैनिक टुकड़ी का निर्माण कर एक महिला फौज भी उन्होंने तैयार की थ । महेश्वर साड़ी आज भी उनकी महिला केंद्रित उद्योग नीति को दर्शाती है ।प्रजा के प्रति वात्सल्य भाव के कारण उन्हें जनता ने लोकमाता की उपाधि प्रदान की थी।

अपने राय की आर्थिक उन्नति के साथ-साथ भारत के सांस्कृतिक उत्थान में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है । मालवा राय की महारानी होने के बाद भी सांस्कृतिक उत्थान का कार्य उन्होंने आसेतु हिमाचल किया। जो उनकी अखिल भारतीय दृष्टि को प्रकट करता है । सभी धाम , सभी योतिर्लिंग , समस्त शक्ति पीठ सहित असंख्य मंदिरों का निर्माण , नदियों के घाटों का निर्माण , यात्रियों के रुकने के लिए धर्मशालाओं की व्यवस्था यह उनके द्वारा होने वाले अतुलनीय कार्यों की श्रृंखला है । हिमालय में स्थित बद्रीनाथ , केदारनाथ, काशी स्थित भगवान श्री विश्वनाथ , सोमनाथ , द्वारिका, पुरी जगन्नाथ, रामेश्वरम, सभी के पुनर्निर्माण में उनकी भूमिका है। देश भर में उनके द्वारा कराए गए इन कार्यों की संख्या लगभग 12500 से अधिक है ।इसका भी वैशिष्ट्य है कि यह कार्य उनको प्राप्त स्वयं की सम्पत्ति से कराया राजकोष से नहीं । संस्कृत पाठशाला का प्रारंभ एवं विद्वानों का सम्मान उनकी शिक्षा के प्रति गहरी रुचि को प्रकट करता है ।शिवकामिनी अहिल्याबाई अपने शासन को शिव का शासन मानती थी ।इस कारण उनकी शासन मुद्रा पर उनका नाम नहीं अपितु श्री शंकरः आज्ञे वरुणः अंकित था ।वह सर्वस्व त्यागी भाव से प्रजा सेवा ही प्रभु सेवा मानकर अपना शासन चलाती थीं ।विदुर नीति में अछे राजा का वर्णन करते हुए कहा हैः

**चक्षुषा मनसा वाचा कर्मणा च चतुर्विधम् ।**
**प्रसादयति यो लोकं तं लोको नु प्रसीदतिः**

जो राजा नेत्र ,मन , वाणी और कर्म इन चारों से प्रजा को प्रसन्न करता है प्रजा उसी से प्रसन्न रहती है । इन्ही गुणों के कारण महारानी अहिल्याबाई होल्कर को पुण्यश्लोक उपाधि से विभूषित किया गया । महारानी अहिल्याबाई की 300 वीं जयंती पर हम सुशासन एवं सांस्कृतिक पुनर्जागरण के केंद्र बनकर विश्वकल्याण के प्रति प्रतिबद्ध हों । यही लोकमाता अहिल्याबाई के प्रति सची श्रद्धांजलि होगी ।

---

**लेखक- भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं।**

# देवी अहिल्याबाई और महेश्वरी साड़ी : परंपरा, पहचान और नारी सशक्तिकरण की त्रिवेणी का संगम

सुश्री निर्मला भूरिया

भारत की सांस्कृतिक धरोहर में जब भी बात होती है, मध्यप्रदेश का नाम गौरव से लिया जाता है। इस धरती ने अनेक महान व्यक्तियों को जन्म दिया है। इनमें से एक हैं लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर। उनका जीवन, कार्य और दर्शन आज भी महिला नेतृत्व, सेवा, न्याय और संस्कृति की प्रेरणा है। उनके ही कालखण्ड में जन्मी महेश्वरी साड़ी न केवल एक वस्त्र है बल्कि कला, परंपरा और महिला कौशल की जीवंत पहचान बन चुकी है।

नर्मदा नदी के किनारे स्थित भारत के प्राचीन मंदिर नगरों में से एक, महेश्वर अपनी महेश्वरी सिल्क के लिए प्रसिद्ध है। महेश्वर का शाब्दिक अर्थ है शिव की भूमि। चाहे आप आध्यात्मिक रूप से जुड़ाव रखते हों या नहीं, महेश्वर के आकर्षण से बच पाना कठिन है। इसके घाटों और किलों की जीवंतता एक अलग ही तरह की शांति प्रदान करती है। मनमोहक घाट और रोमांचकारी किले के अलावा, महेश्वर की गलियाँ रंग-बिरंगे लकड़ी के घरों और सुंदर बालकनियों से सजी हुई हैं। यह स्थान अत्यंत मोहक और शांतिपूर्ण है। लोकमाता देवी अहिल्याबाई ने 18वीं शताब्दी में जब शासन की बागडोर संभाली, तब उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि एक महिला भी कुशल प्रशासक, समाजसेविका और संस्कृति संरक्षिका हो सकती है। महेश्वर ने रानी अहिल्याबाई होल्कर के शासनकाल में सांस्कृतिक ऊंचाइयों को छुआ। रानी अहिल्याबाई न केवल मध्यप्रदेश का गर्व हैं, बल्कि भारत की सबसे साहसी रानियों में से एक मानी जाती हैं। रानी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने समय में कला, शिक्षा, संस्कृति और को न केवल संरक्षण दिया, बल्कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई पहल भी कीं। साथ ही नर्मदा नदी के तट पर बसे महेश्वर को एक सांस्कृतिक केन्द्र के रूप में विकसित किया। आज भी उन्हें महिला नेतृत्व की एक महान प्रतीक के रूप में याद किया जाता है। रानी उन महानतम स्थापत्य शिल्पियों में से एक थीं, जिन्होंने किलों, मंदिरों और नगरों का निर्माण कराया। एक निर्भीक योद्धा और कुशल राजनीतिज्ञ होने के नाते, रानी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने लोगों को कई कठिन परिस्थितियों से सुरक्षित रखा। देवी अहिल्याबाई ने भारत में अनेक मंदिरों, घाटों और अन्य संरचनाओं के निर्माण का आदेश दिया। रानी अहिल्याबाई विधवा होते हुए भी मराठा साम्राय की सबसे शक्तिशाली और प्रेरणादायक व्यक्तित्वों में से एक बन गईं। उनकी सफलता ने दुनिया को दिखा दिया कि महिलाएं क्या कुछ कर सकती हैं।



महेश्वरी सिल्क अपने समय में रानी अहिल्याबाई होल्कर ने अन्य रायों से बुनकरों को महेश्वर में बसने के लिए आमंत्रित किया और उन्हें प्रेरित किया कि वे किले की जटिल डिजाइनों को कपड़े पर उतारें। यही महेश्वरी सिल्क की उत्पत्ति थी, जो आज व्यापक रूप से प्रसिद्ध और अनुपम मानी जाती है। महेश्वरी हैंडलूम की सादगी और उसकी सुरुचिपूर्ण शैली इसी महान परंपरा से प्रेरणा लेती है। महेश्वरी साड़ी की खास बात यह है कि इसकी बुनाई प्रक्रिया में स्थानीय महिलाएँ अहम भूमिका निभाती है। पांरपरिक हथकरघा तकनीक से बनी यह साड़ी केवल परिधान नहीं, बल्कि हर धागे में स्वाभिमान और परिश्रम की कहानी समेटे होती है। इसका हर डिजाइन चाहे वह नारियल, फूल नर्मदा की लहरें या मंदिर की आकृति हो, मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को दर्शाता है। महेश्वरी साड़ियाँ अपनी जटिल डिज़ाइनों के लिए प्रसिद्ध हैं, जो महेश्वर किले की दीवारों पर उकेरे गए पैटर्न से प्रेरित होती हैं। इन साड़ियों की सुनहरी किनारी, चेक डिज़ाइन और बेहद महीन बुनावट इन्हें खास बनाती है। किनारे की कोमलता और संवेदनशीलता बहती हुई नदी से प्रेरणा लेती है। हर किनारे का एक अनूठा नाम होता है, जो उसकी प्रवाहशीलता और भावना को दर्शाता है। उदाहरण के लिए, नर्मदा नाम की बॉर्डर में उसी नदी जैसी प्रवाहशीलता होती है। एक और साड़ी होती है गंगा-जमुना, जिसकी किनारी दो अलग-अलग रंगों और डिज़ाइनों में होती है। सूती और रेशमी धागों के बेहतरीन मिश्रण से बनी महेश्वरी सिल्क एक सुंदर भारतीय शिल्प है, जो बुनावट और रंग दोनों में हल्की होती है। यह इसे हर मौसम के लिए उपयुक्त और अत्यंत सुरुचिपूर्ण बनाती है। होल्कर वंश की रानी अहिल्याबाई राजसी मेहमानों को तोहफे में जो खास साड़ियां देती थीं आज वही महेश्वरी साड़ियां देश-दुनिया में खास और आम महिलाओं के तन पर सजती हैं। देवी अहिल्याबाई ने ये साड़ियां बनवाने के लिए खास हुनर वाले बुनकरों को मध्यप्रदेश के महेश्वर में बसाया था और वहां से निकलकर आज ये साड़ियां पूरे देश में पहुंच गई हैं। पहले इनकी मांग कुछ शहरों में ही थी मगर सोशल मीडिया के दौर में नई डिजाइनों की वजह से इनकी शोहरत बढ़ी और आज पूरे देश में महेश्वरी साड़ियां बेची-खरीदी जाती हैं। लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर का जीवन इस बात का प्रमाण है कि जब एक महिला को अवसर मिलता है, तो वह समाज को नई दिशा दे सकती है। आज जब हम महिला सशक्तिकरण की बात करते हैं, तो महेश्वरी साड़ी इसके सबसे सुंदर और प्रामाणित उदाहरणों में से एक है। यह न केवल हजारों महिलाओं को रोजगार देती है बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और स्वाभीमानी जीवन जीने का अवसर भी प्रदान करती है। रानी अहिल्याबाई होल्कर ने भारत के कोने-कोने में अनेकों मंदिर और धर्मशालाओं का निर्माण, पुनर्निर्माण और जीर्णोद्धार कराया। मंदिरों का पुनर्निर्माण और महेश्वरी साड़ी, रानी अहिल्याबाई की जीवंत विरासतों में शामिल हैं। महेश्वर नगर और महेश्वरी हैंडलूम बुनाई अब एक-दूसरे के पर्याय बन चुके हैं। महेश्वर की बुनाई इस नगर की अधिकांश जनसंख्या की आजीविका का प्रमुख स्रोत है। महेश्वर की गलियों में रंग-बिरंगी हैंडलूम साड़ियाँ हमेशा देखने को मिलती हैं। नगर के बुनकर घरों में करघों की लयबद्ध ध्वनि, जो धागे-धागे से कपड़े को बुनती है, हमेशा कानों को आनंद देती है।

**(लेखकः मध्यप्रदेश की महिला, बाल विकास मंत्री हैं)**

# रात 3 बजे लोगों ने घेर लिया बिजली घर, ऊर्जा मंत्री तोमर ने भी डाला डेरा

**जागरण, डबरा।** 18-18 घंटे अघोषित कटौती झेल रहे डबरा के लोगों ने गत रात 3 बजे बिजली घर का घेराव कर दिया। बिजली न मिलने से नाराज लोगों ने रात को ही ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को भी फोन लगा दिया। लोगों की समस्या सुन मंत्री तोमर भी तत्काल ग्वालियर से डबरा पहुंच गए। वहां पहुंचते ही मंत्री ने पॉवर हाउस के इंजीनियरों को फटकार लगाते हुए पूछा - क्या व्यवस्थाएं चल रही हैं आपके यहां। अव्यवस्था से नाराज मंत्री ने भी वहीं डेरा डाल दिया। उन्होंने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहाकि जब तक व्यवस्था बहाल नहीं होगी, मैं डबरा नहीं छोड़ने वाला। लंबे समय से बिजली कटौती की मार से त्रस्त हो चुके डबरा के सैकड़ों लोग देर रात बस स्टैंड स्थित बिजली घर पहुंच गए। नारेबाजी करते हुए लोगों ने पॉवर हाउस का घेराव कर दिया। लगातार हो रही अघोषित कटौती की शिकायत लोगों ने मंत्री को भी रात में ही फोन पर की। साथ ही वहां के अधिकारियों की मनमानी भी बताई। लोगों की समस्याएं सुन ऊर्जा मंत्री रात को ही डबरा पहुंच गए और लोगों से बातचीत की। लोगों ने ऊर्जा मंत्री को बताया कि डीई शुभम कुमार ग्वालियर से डबरा अप-डाउन करते हैं। इतना सुन ऊर्जा मंत्री ने डिविजनल इंजीनियर (डीई) को फोन पर ही जमकर फटकार लगाई। मंत्री ने डीई से कहा तत्काल यहां आओ। मैं



डबरा बैठा हूं। आपके यहां बहुत दिक्कत है। क्या व्यवस्थाएं चल रही हैं आपके यहां? मेरे से झूठ नहीं बोलें। मेरे सामने आकर बात करिए। आपसे तो मैं बाद में बात करूंगा। जब तक बिजली की सप्लाई पूरी तरह बहाल नहीं हो जाती मैं डबरा नहीं छोड़ूंगा। जांच करिए। जो भी आपका अधिकारी-कर्मचारी दोषी हो, उसका नाम दीजिए। मंत्री के इस कदम से पूरे विभाग में खलबली मच गई। डीई के साथ ही एई इकबाल आसिफ समेत विद्युत कंपनी के सीनियर अफसर भी ग्वालियर से डबरा पहुंच गए।

### डीई को दीवार फांदकर रेस्ट हाउस के चौकीदार को जगाया

ग्वालियर से डबरा पहुंचे ऊर्जा मंत्री पहले रेस्ट हाउस पहुंच गए। मगर रेस्ट हाउस में अंदर से ताला लगा था। काफी देर आवाज लगाने के बाद कोई नहीं आया तो मंत्री के साथ आया एक कर्मचारी दीवार पर चढ़कर रेस्ट हाउस में पहुंचा। फिर उसने चौकीदार को जगाया, लेकिन गेट खुलने के बाद ऊर्जा मंत्री रेस्ट हाउस की बजाय सीधे पॉवर हाउस पहुंच गए। लोगों की समस्या सुलझाने के बाद मंत्री दोबारा रेस्ट हाउस पहुंचे और बिजली व्यवस्था बहाल होने के बाद ही यहां से ग्वालियर के लिए निकले।

### पूरे दिन नहीं रहती बिजली

लोगों ने मंत्री को बताया कि 18 घंटे की कटौती तो आम बात है। कई बार तो 24 घंटे ही लाइट नहीं रहती। गांवों में तो दो-दो दिन बिना बिजली के ही काटना पड़ रहे हैं। विद्युत कंपनी की तरफ से एई (ग्रामीण) इकबाल आसिफ को डबरा का प्रभार दिया गया है जबकि यहां परमानेंट और रेगुलर एई होना चाहिए। मानसून के पहले यह हाल है तो बताइए बारिश में डबरा की स्थिति क्या होगी। बिजली कंपनी के अधिकारी अधिक लोड को कटौती की वजह बताते रहे। इससे एक जगह सही करते हैं तो दूसरी जगह फॉल्ट हो जाता है। स्टाफ की कमी भी एक बड़ा कारण है। मंत्री ने बिजली अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त खबरें

### अब 10 तक होंगे तबादले सरकार का आदेश जारी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में अब सरकारी अधिकारी कर्मचारियों के तबादले 10 जून तक हो सकेंगे। इसके लिए शुक्रवार को राज्य सरकार ने आदेश जारी कर दिया है। पहले स्थानांतरण 31 जून तक किए जाने थे। पिछली कैबिनेट की बैठक में मंत्रियों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से तबादलों के अधिक और समय देने का आग्रह किया था। मंत्रियों द्वारा अलग-अलग कारण बताए गए थे। इस पर सीएम ने उन्हें आश्वासन दिया था। कैबिनेट की बैठक के बाद लगभग तय हो गया था कि अब 10 जून तक तबादले किए जाएंगे। इस पर शुक्रवार को सामान्य प्रशासन विभाग ने मुहर लगाते हुए आदेश जारी कर दिया है। जिसमें कहा गया है कि राज्य एवं जिला स्तर पर अधिकारियों/कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति द्वारा 1 मई से 30 मई 2025 तक की अवधि के लिये स्थानांतरण पर प्रतिबंध शिथिल किया गया था। राज्य शासन ने स्थानांतरण पर प्रतिबंध से शिथिलता अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया है। स्थानांतरण पर प्रतिबंध से शिथिलता अवधि को बढ़ाकर 10 जून 2025 किया गया है। गौरतलब है कि अभी दो -तीन विभागों द्वारा ही अपनी स्थानांतरण सूची जारी की है, लेकिन अधिकतर विभागों में अब तक महज स्थानांतरण की प्रक्रिया ही प्रारंभ हो सकी है।

## बीयू सीयूईटी से देगा लॉ, एग्रीलक्चर और क्लीनिकल सायकलाजी में प्रवेश

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने सत्र 2025-26 में यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स (यूटीडी) में संचालित कोर्स की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यार्थी एक जून तक पंजीयन और सत्यापन कर पाएंगे। बीयू बीएएलएलबी, बीएससी एग्रीकल्चर और एमए क्लीनिक सायकलाजी में सीयूईटी (कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट) से ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके अलावा शेष यूटीडी में संचालित सभी कोर्स में सीयूईटी और नॉन सीयूईटी (ऐसे छात्र जो सीयूईटी-यूजी व पीजी में शामिल नहीं होंगे) दोनों तरह के विद्यार्थियों को प्रवेश दिए जाएंगे। बीयू ने 75 फीसदी सीट पर नान सीयूईटी और 25 फीसदी सीयूईटी से प्रवेश देने के लिए काउंसलिंग शुरू कर दी है। विद्यार्थी प्रवेश लेने के लिए एक जून तक पंजीयन और सत्यापन करा सकते हैं। बीयू के करीब दो दर्जन विभागों में करीब 1200 सीटों पर प्रवेश होना है। बीएएलएलबी, बीएससी एग्रीकल्चर और एमए क्लीनिकल सायकलाजी में प्रवेश सिर्फ सीयूईटी से ही दिए जाएंगे। प्रवेश देने बीयू ने काउंसलिंग शुरू कर दी है। विद्यार्थी एक जून तक पंजीयन और सत्यापन कर सकते हैं। बीयू दो जून को मेरिट के साथ सीटों का आवंटन करेगा। विद्यार्थी तीन से पांच जून तक फीस जमा कर प्रवेश ले पाएंगे। इसके बाद रिक्त सीटों पर प्रवेश देने के लिए दूसरे राउंड की काउंसलिंग में चार से 12 जून तक पंजीयन और सत्यापन होंगे। 13 जून को मेरिट जारी कर सीटें आवंटित होंगी। विद्यार्थी 14 से 16 तक फीस जमा कर प्रवेश पुख्ता करेंगे।

### आरक्षित सीटें होंगी सामान्य में मर्ज

दो राउंड की काउंसलिंग में आरक्षित वर्ग की सीटों को सामान्य वर्ग में शामिल कर 17 जून को पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। शेष रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए नये सिरे से 18 से 24 जून तक पंजीयन और सत्यापन किया जाएगा। 25 जून को मेरिट सूची जारी कर सीटों का आवंटन होगा। विद्यार्थी 26 से 30 जून तक आनलाइन फीस जमा कर प्रवेश ले पाएंगे। पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) कोर्स में बीते वर्षों में सीयूईटी स्कोर के आधार पर पर्याप्त प्रवेश नहीं हो सके। विवि में अधिकत्तर विद्यार्थी नान सीयूईटी श्रेणी से ही आवेदन करते हैं, इसलिए पीजी कोर्स के लिए भी 75 प्रतिशत सीटें नान सीयूईटी विद्यार्थियों के लिए आरक्षित की गई हैं।

## हमीदिया में हाथापाई, मरीज के परिजनों को सुरक्षाकर्मियों ने पीटा

### गार्ड का आरोप, नशे की हालत में थे अटेंडर

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** हमीदिया अस्पताल में एक बार फिर हाथापाई हो गई। कुछ दिन पहले जहां जूनियर डॉक्टर और मरीज के अटेंडर के बीच झगड़ा हुआ था, वहीं इस बार मामला सुरक्षाकर्मियों और अटेंडर के बीच का है। जानकारी अनुसार गुरुवार रात इमरजेंसी मेडिसिन विभाग में मरीज के परिजनों और सुरक्षा गार्ड के बीच जमकर विवाद और मारपीट हुई। परिजनों का आरोप है कि सुरक्षा गार्डों और जूनियर डॉक्टरों ने उन्हें वार्ड में बंद कर पीटा। हालांकि प्रबंधन ने इस बात से इंकार किया है। प्रबंधन का कहना है कि परिजन शराब के नशे में थे और उन्होंने ही मारपीट शुरू की थी। जानकारी के अनुसार विवाद गुरुवार रात 10.30 बजे हुआ। शाहजहांनाबाद निवासी एक मरीज इमरजेंसी मेडिसिन विभाग में भर्ती था। रात को करीब एक दर्जज से ज्यादा लोग वार्ड में जाने की कोशिश करने लगे। इस पर गार्ड ने उन्हें बाहर रोक कर सिर्फ एक व्यक्ति को ही जाने की बात कही। प्रबंधन के मुताबिक इस पर परिजनों में शामिल एक व्यक्ति अत्यधिक शराब पिए हुए था। वह अंदर जाने की जिद करने लगा। जब गार्ड ने उसे रोकने की कोशिश की तो उसने गार्ड को थप्पड़ मार दिया। इसी दौरान वहां एक जुनियर डॉक्टर को भी धक्का दे दिया। मामले में मरीज के परिजनों का कहना है कि हम लोग सिर्फ अंदर जाकर अपने मरीज को देखने की मांग कर रहे थे। इस पर गार्ड ने बदतमीजी करते हुए धक्का देकर बाहर कर दिया। हमने जब विरोध किया तो वहां और भी गार्ड आ गए। उन्होंने महिलाओं को बाहर कर वार्ड अंदर से बंद कर दिया और बचे तीन लोगों को जमकर मारा। किसी तरह तीनों ने अपनी जान बचाई।

### पुलिस ने कराया मामला शांत

मामले में हमीदिया अस्पताल प्रबंधन का कहनाा है कि अटेंडर नशे में था। रात को सिर्फ एक व्यक्ति ही वार्ड में जा सकता है, इसलिए उसे अंदर नहीं जाने दिया। अटेंडर ने नशे की हालत में गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी।

> गुरुवार रात हुए विवाद में सुरक्षाकर्मियों ने नशे में होने की वजह से एक अटेंडर को अंदर जाने से रोका था। वहीं, उसके साथ मौजूद महिलाओं को जाने के लिए कहा था। लेकिन, वे सभी एक साथ जाने पर अड़े हुए थे।
>
> ■ **डॉ. सुनीत टंडन**, अधीक्षक हमीदिया अस्पताल

## शाह के खिलाफ कब होगी कार्रवाई: जीतू

### कानून व्यवस्था को लेकर पीएम को लिखा पीसीसी चीफ ने पत्र

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 31 मई को भोपाल प्रवास से पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने उन्हें पत्र लिखा है ,जिसमें उन्होंने महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर अनके सलाह खड़े किए हैं। जीतू ने पत्र में मंत्री विजय शाह को लेकर भी सवाल पूछें है। पीसीसी चीफ ने अपने पत्र में लिखा है कि प्रधानमंत्री मध्यप्रदेश आ रहे हैं, तो यहां की महिलाओं की अनसुनी बातों को सुनें और महिलाओं की असली समस्याओं पर



गहराई से मंथन जरूर करें ! क्योंकि, केवल नारों से नहीं, नीतियों की ईमानदार समीक्षा और जमीनी क्रियान्वयन से ही महिला कल्याण संभव है। पत्र में पटवारी ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य की लाखों महिलाओं की सिसकियों को आज दबाया जा रहा है। वही आवाजें जो आज भी सुरक्षा, सम्मान, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए संघर्ष कर रही हैं। एनसीआरबी की रिपोर्ट कहती है कि महिला अपराधों में मध्य प्रदेश देश में पहले स्थान पर है! अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाओं के विरुद्ध अत्याचारों में भी हमारा प्रदेश देश में शीर्ष पर है। बालिकाओं के साथ दुष्कर्म के मामलों में इंदौर, भोपाल, ग्वालियर जैसे शहर रेड जोन घोषित हो चुके हैं। पटवारी ने पत्र में कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले लाड़ली बहनों को 3000 प्रतिमाह देने का वादा किया गया था। लेकिन उन्हें मात्र 1250 ही दिए जा रहे हैं। कई पात्र महिलाएं तकनीकी कारणों से योजना से वंचित हैं, न कोई अपील की व्यवस्था, न सुनवाई का मंच। इसी तरह ग्रामीण बालिकाओं की स्कूल ड्रॉपआउट दर 22 प्रतिशत से अधिक है। इसके लिए सरकारी गंभीरता कब दिखाई देगी? स्कूलों में शौचालय, सेनेटरी पैड्स, महिला शिक्षिकाएं, अन्य बुनियादी सुविधाएं तक अधूरी हैं। शिक्षा के बजट का उपयोग कहां और कैसे हो रहा है, इस सच को सरकार कब स्वीकार करेगी?

## इंदौर-बड़वाह के वन क्षेत्र को मिलाकर अभयारण्य बनाने सीएम को लिखा पत्र

### पूर्व सांसद ने कहा-स्टेपिंग स्टोन कॉरीडोर होगा विकसित

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पूर्व सांसद प्रेमचंद गुड्डू ने इंदौर और बड़वाह के वन क्षेत्र को मिलाकर नया अभयारण्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के अधिकांश जंगल वन सुधार क्षेत्र में आता है। गुड्डू ने अपने पत्र में कहा है कि पिछले कई वर्षों से शासन के पास इंदौर और बड़वाह के वन क्षेत्र को मिलाकर अभयारण्य बनाने का प्रस्ताव विचाराधीन है, जिसे अहिल्याबाई होल्कर अभयारण्य के नाम पर बनाया जाना है। 3278.821 हेक्टेयर में प्रस्तावित इस अभयारण्य का संपूर्ण क्षेत्रफल आरक्षित वन है, जिसमें सभी अधिकार राज्य शासन के पास निहित हैं जिससे इसे बड़ी आसानी और शीघ्रता से अभयारण्य बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में कोई भी गाँव या पट्टे की जमीन नहीं है और आस-पास के ग्रामीणों के निस्तार, भविष्य में सड़क चौड़ीकरण आदि विकास कार्यों हेतु समुचित जगह का प्रावधान भी रखा गया है, जिससे किसी भी व्यक्ति के अधिकारों का हनन या विकास कार्यों में बाधा न हो सके। यह अभयारण्य ओंकारेश्वर तथा धार के बीच एक सशक्त स्टेपिंग स्टोन कॉरीडोर के रूप में विकसित हो सकता है।



पूर्व सांसद ने पत्र में लिखा है कि प्रस्तावित क्षेत्र के अधिकतर वन सुधार वन वृत्त में आते हैं और वर्तमान स्थिति में इन वनों से शासन को, तथा यहां की वन विकास समितियों को अत्यंत कम राजस्व / आमदनी प्राप्त होती है। अभयारण्य के निर्माण से यहाँ पर्यटन विकसित होगा और जनमानस के लिए रोज़गार के नए अवसर बनेंगे जिससे राज्य के सकल घरेलू उत्पाद को बढ़ावा मिलेगा। इन सब हितों के लिए शासन का कोई ख़ास खर्च भी नहीं होगा, क्योंकि मौजूदा अधिकारियों तथा कर्मचारियों के द्वारा ही नव-निर्मित अभयारण्य का प्रबंधन किया जा सकता है। गुड्डू ने आग्रह किया कि 31 मई को अहिल्याबाई की 300वीं जयंती है। ऐसे में अहिल्याबाई होलकर अभयारण्य का गठन कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है।

## प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव डीजी होमगार्ड बनीं अनिल कुमार को महिला सुरक्षा की कमान

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** 1991 बैच की आईपीएस अधिकारी प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव को होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा और आपदा प्रबंधन का महानिदेशक बनाया गया है। अब तक वे पीएचक्यू में महिला सुरक्षा शाखा की स्पेशल डीजी थीं। वहीं 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी अनिल कुमार को एडीजी राच्य औद्योगिक सुरक्षा बल (एसआईएसएफ) से एडीजी महिला सुरक्षा शाखा में ट्रांसफर किया गया है। अनिल कुमार के पास पीएचक्यू की कल्याण शाखा का अतिरिक्त प्रभार बना रहेगा। 1995 बैच के आईपीएस और वर्तमान में एडीजी एसएएफ चंचल शेखर को एसआईएसएफ के एडीजी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। गृह विभाग ने शुक्रवार की शाम यह आदेश जारी किए हैं। गौरतलब है कि भोपाल में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में पीएम के आगमन के ठीक एक दिन पहले महिला अधिकारी प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव को पीएचक्यू से हटाकर होमगार्ड यूनिट की स्वतंत्र इकाई की कमान सौंपकर महिला सशक्तिकरण का एक संदेश भी देने की कोशिश भी की गई है।



प्रज्ञा ऋचा अनिल कुमार चंचल शेखर

## पढ़ाई का महत्व समझाने नागदा विधायक की पहल

# 12वीं का टॉपर बना विधायक,जनसमस्याएं सुलझाकर एक करोड़ के किए काम



**जागरण, उज्जैन।** सालभर दिन-रात पढ़ाई कर 12वीं की मेरिट में स्थान पाने वाले साहित्य श्री ने सपनों में भी नहीं सोचा होगा कि परीक्षा में अव्वल आने पर उसे ऐसा सम्मान मिलेगा। एकाएक वह विधायक बनकर लोगों के बीच होगा और जन समस्याएं सुलझाएगा। इतना ही नहीं, चुने हुए जनप्रतिनिधि की तरह सम्मान के साथ वह अपने नगर में करोड़ों रुपए के विकास शुरू करा देगा। मगर मेहनत से की गई पढ़ाई ने यह सब एक ही दिन में दे दिया। उसने जन समस्याएं सुनीं और एक करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया। असल में, यह सब नागदा से भाजपा विधायक तेज बहादुर सिंह चौहान की अनोखी पहल का परिणाम था। विधायक चौहान ने बारहवीं की मेरिट सूची में स्थान पाने वाले उज्जैन जिले के मेधावी छात्र 18 वर्षीय साहित्य श्री सेन को सम्मान देने यह पहल की। उन्होंने साहित्यश्री को एक दिन का विधायक बनाकर सारे अधिकार भी दिए। युवाओं को शिक्षा का महत्व समझाने विधायक चौहान ने यह कदम उठाया। उनका कहना है कि प्रदेश में 10वीं-12वीं परीक्षा में टॉप करने वाले और छात्रों को भी आगे विधायक बनने का मौका मिलेगा। साहित्य श्री ने इस साल की माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र की परीक्षा में 96.20 प्रतिशत अंकों के साथ मेरिट सूची में 10वां स्थान प्राप्त किया है। साथ ही उज्जैन जिले और नागदा में प्रथम स्थान पर रहा। विधायक बनने के बाद साहित्यश्री को पूरा प्रोटोकॉल मिला, यहां तक कि विधायक चौहान भी उसके पीछे ही रहे।

**छात्रा की बात सुन बीआरसी को लगाया फोन** एक दिन के विधायक बने साहित्य श्री ने जनसुनवाई करते हुए एक छात्रा की समस्या सुनी। फिर उसके निराकरण के लिए बीआरसी को फोन लगाकर समस्या का समाधान कराया।

## 1 से 15 जून तक बंद रहेंगे प्रदेश के आंगनवाड़ी केंद्र

**विसं, भोपाल।** मध्यप्रदेश के आंगनवाड़ी केन्द्रों में आगामी 1 से 15 जून तक 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश केन्द्रों में नियमित रूप से आने वाले 3 से 6 आयु वर्ग के बच्चों एवं अन्य हितग्राहियों के लिए होगा।आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की उपस्थिति इस अवधि में अनिवार्य रहेगी। महिला बाल विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, यह अवधि आंगनवाड़ी केन्द्रों के रख-रखाव, दस्तावेज संधारण, वार्षिक सर्वेक्षण तथा पोषण संबंधित गतिविधियों के लिए निर्धारित की गई है। इस दौरान केन्द्रों में बच्चों के लिए नाश्ता एवं गर्म पका भोजन के स्थान पर रेडी टू ईट भोज्य पदार्थ महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा वितरित किया जाएगा। आदेश में कहा गया है कि केन्द्रों की साफ-सफाई और मरम्मतः भवन की सफाई, खेल सामग्री की व्यवस्था, रसोई व शौचालय की मरम्मत तथा पेयजल की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।इसके अतिरिक्त रिकॉर्ड संधारण का कार्य किया जाएगा ।

## बिजनेस प्लस

### एनबीसीसी ने पैराबैडमिंटन एथलीट को दी स्पेशल व्हीलचेयर



**नईदिल्ली।** एनबीसीसी ने सामाजिक उत्तरदायित्व प्रतिबद्धता निभाते हुए पैरा-बैडमिंटन एथलीट मुन्ना खालिद को विशेष व्हीलचेयर प्रदान की। मुन्ना खालिद राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तरों पर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रसिद्ध हैं। उनका समर्पण और उपलब्धियां पैरा-स्पोर्ट्स की बढ़ती प्रसिद्धि को विशिष्ट रूप से दर्शाते हुए संपूर्ण देश के एथलीटों को प्रेरित करती रहेंगी। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम, नई दिल्ली के माध्यम से प्राप्त यह विशेष व्हीलचेयर 4.57 लाख रुपये की लागत की है। इसके 28 मई को आयोजित औपचारिक हस्तांतरण समारोह में केपी महादेवास्वामी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, डॉ. सुमन कुमार निदेशक (वाणिज्य), श्रीमती रितु पांडे, मुख्य सतर्कता अधिकारी और एनबीसीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### डॉ सन्तराम देशवाल को पद्मश्री पुरस्कार से नवाजा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में आयोजित अलंकरण समारोह में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए डॉ सन्तराम देशवाल को पद्मश्री पुरस्कार-2025 से नवाजा। समारोह में भारत सरकार के अनेक उच्च अधिकारियों के साथ साथ पद्म पुरस्कार विजेता और उनके परिजन भी उपस्थित थे। डॉ सन्तराम देशवाल हिन्दी साहित्य के साथ साथ हरियाणवी लोकसाहित्य एवं संस्कृति के प्रख्यात साहित्यकार हैं। शिक्षा, हिन्दी साहित्य, हरियाणवी लोक संस्कृति, लोक साहित्य, हरियाणवी भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन, पत्रकारिता और समाज सेवा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने के लिए डॉ सन्तराम देशवाल को पद्मश्री से नवाजा है।



### आईईएस यूनिवर्सिटी में नेशनल सेमिनार का आयोजन





**भोपाल।** आईईएस यूनिवर्सिटी के आयुर्वेदा विभाग, आरोग्य भारती एवं पतंजलि भारतीय आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान के तत्वधान में आईईएस परिसर के सभागार में तनाव विकार प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई। स्वामी रामदेव महाराज योग ऋषि पतंजलि ने वर्चुअल जुड़कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ अशोक कुमार विशिष्ट अतिथि आईईएस विवि पतंजलि आयुर्वेद महाविद्यालय के चांसलर इंजीनियर बीएस यादव आदि मौजूद रहे। साथ ही देश के अलग-अलग शहरों में स्थित उद्योग जगत से जुड़े विशेषज्ञ, शिक्षाविद एवं प्रोफेसर, प्रमुख विशेषज्ञों ने संगोष्ठी में हिस्सा लिया और अपने विचार व्यक्त किए। स्वामी रामदेवजी महाराज योग ऋषि पतंजलि ने अपने संबोधन में कहा कि कुछ लोग करियर को लेकर तनाव में रहते हैं तो कुछ व्यापार को लेकर। हर क्षेत्र में तनाव है। शिक्षा के क्षेत्र में भी लोग तनाव में हैं। डॉ. अशोक कुमार ने तनाव प्रबंधन के लिए दिनचर्या और ध्यान की भूमिका, जीवन में संतोष के महत्व को समझाया। अंत में आईईएस विवि के सीईओ देवांश सिंह ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस मौके पर छात्रों द्वारा पेपर प्रस्तुतियां भी दी गईं।

### डबलूसीएल को दहेगांव माकरधोकड़ा कोयला खदान के लिए वेस्टिंग ऑर्डर प्राप्त





**नागपुर।** वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्लूसीएल) ने प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया के माध्यम से दहेगांव माकरधोकड़ा कमर्शियल कोल ब्लॉक हासिल किया है। इसे लेकर 27 मार्च, 2025 को इस कोयला खदान के विकास एवं उत्पादन के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इसके उपरान्त दिनांक 29 मार्च को भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा जारी, दहेगांव माकरधोकड़ा कोयला खदान हेतु वेस्टिंग ऑर्डर प्राप्त हुआ। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि डब्लूसीएल के कोयला उत्पादन क्षमता को बढ़ाने और भारत की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण पहल है। डब्लूसीएल, कोल इंडिया लिमिटेड की पहली सहायक कंपनी है, जिसने प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया के माध्यम से एक कमर्शियल कोल ब्लॉक हासिल किया है।इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर डब्लूसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक जय प्रकाश द्विवेदी तथा सभी निदेशक गण ने कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी, सचिव (कोयला) विक्रम देव दत्त, अपर सचिव (कोयला) रूपिंदर बरार तथा कोयला मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन हेतु आभार व्यक्त किया।

## चेक पोस्ट पर अवैध वसूली मामले में दो परिवहन आरक्षक सस्पेंड

**जागरण, सेंधवा।** बड़वानी जिले के सेंधवा में नेशनल हाईवे-52 पर बालसमुद चेक पोस्ट पर परिवहन आरक्षकों की अवैध वसूली का मामला सामने आया है। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो में दो परिवहन आरक्षक ट्रक ड्राइवरों से गाड़ी पास कराने के लिए अवैध वसूली करते नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद ग्वालियर परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा ने चेक पोस्ट पर तैनात दोनों आरक्षक देवेंद्र दांगी और नरेंद्र बरखड़े को निलंबित कर दिया है। दोनों को ग्वालियर में अटैच किया है। वीडियो में आरक्षक नरेंद्र बरखड़े ट्रक ड्राइवर से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए रुपए भी मांग रहा है। यहां तक कि रुपए न देने पर ई-चालान की धमकी दे रहा है। साथ में साथी आरक्षक देवेंद्र दांगी भी है। एक ड्राइवर आरक्षक से गुहार लगाता दिख रहा है। वह इसी रूट से हमेशा आने-जाने की बात कहकर गाड़ी के कागजात वापस मांग रहा है। आरक्षक 500 रुपए लेने के बाद ही वाहनों के कागजात लौटा रहे हैं। मौके पर आरटीओ की स्कॉर्पियो वाहन भी मौजूद है।

## सुकतरा रनवे पर लैंडिंग के दौरान फिसलकर पलटा ट्रेनी विमान

**जागरण, सिवनी।** जिले के सुकतरा रनवे में लैंडिंग के दौरान एक ट्रेनी एयरक्राफ्ट क्रैश होने से बच गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। दरअसल, हवाई पट्टी पर लैंडिंग करते समय एक प्रशिक्षु विमान अचानक पलट गया। घटना में विमान उड़ा रहा ट्रेनी पायलट बाल-बाल बच गया। यह विमान रेड बर्ड एविएशन प्राइवेट लिमिटेड का था। इस विमान को ट्रेनी पायलट उड़ा रहा था। लैंडिंग के समय संतुलन बिगड़ने की वजह से प्लेन हवाई पट्टी पर पलट गया। गनीमत रही कि इस हादसे में प्लेन में आग नहीं लगी। इससे ट्रेनी पायलट बच गए। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। रेड बर्ड एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों ने आनन-फानन में घटना को छिपाने के लिए रनवे पर पलटे विमान को तत्काल तिरपाल से ढंक दिया है। इस विमान में केवल ट्रेनी पायलट ही मौजूद था।

## इंजीनियर मैदान पर नहीं गए तो होगी कार्रवाई

**विसं, भोपाल।** विद्युत वितरण कम्पनी के एसई, ईई, एई और डीई लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर विद्युत वितरण सिस्टम की समीक्षा करें। क्षेत्र का दौरा नहीं करने वाले इंजीनियरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश शनिवार को विद्युत वितरण कम्पनियों के एमडी और अन्य अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बिजली ट्रिपिंग की समीक्षा के दौरान दिये। तोमर ने कहा कि हर अधिकारी बिजली उपभोक्ताओं के फोन जरूर सुने। फोन नहीं उठाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि आँधी और वर्षा के दौरान बिजली गुल होने पर त्वरित कार्यवाही कर विद्युत आपूर्ति शुरू करवायें। तोमर ने कहा कि आवश्यकता अनुसार एफओसी की टीम बढ़ायें। मंत्री तोमर ने कहा कि विद्युत वितरण ट्रांसफार्मर में अधिक लोड के कारण बिजली गुल होने के साथ ही वह जल भी जाते हैं। इसके लिये जरूरी है कि सर्वे करवा कर उपयुक्त क्षमता के ट्रांसफार्मर स्थापित किये जायें।

## पृष्ठ एक के शेष

### 'ऑपरेशन सिंदूर' आतंकियों ...

शौर्य का प्रतीक बना और दुनिया ने भी राष्ट्र रक्षा के लिए भारतीय बेटियों के सामर्थ्य को समझा। स्कूल से लेकर युद्ध के मैदान तक आज देश अपनी बेटियों के शौर्य पर अभूतपूर्व भरोसा कर रहा है।

### मुद्दा यह नहीं कि ...

अपने घर पहुंच गए हैं। राफेल के बारे में उचित अवसर आने पर बताया जाएगा। भारती के इस बयान के बाद संदेह बढ़ गया था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना को नुकसान हुआ है। बता दें कि पाकिस्तान ने 7 मई को 5 भारतीय लड़ाकू विमान गिराने का दावा किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### देश में कोरोना के 1828 एक्टिव केस, 15 मौतें

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। एक्टिव मामलों की संख्या शुक्रवार को 1828 पहुंच गई। अहमदाबाद में एक दिन के नवजात की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। बच्चे को आईसीयू में रखा गया है। पिछले सप्ताह बच्चे की मां भी पॉजिटिव पाई गई थी। हालांकि, अब उनकी रिपोर्ट निगेटिव है। 8 महीने की एक बच्ची गुरुवार से ऑक्सीजन सपोर्ट पर है। वहीं, देश में कोरोना से जान गंवाने वालों का आंकड़ा 15 हो गया है,इनमें सबसे ज्यादा 6 मौतें महाराष्ट्र में हैं। राज्य सरकार कोरोना वायरस के लिए इन्फ्लूएंजा और सांस से जुड़ी बीमारियों पर सर्वे करा रही है। उधर, केरल में एक्टिव मामले 727 हो गए हैं। सीएम पिनराई विजयन ने कहा, ओमिक्रॉन जेएन वैरिएंट एलएफ7 के मामले आ रहे हैं। केंद्रीय मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग और आयुष मंत्रालय पूरी तरह सतर्क हैं और लगातार नजर रखे हुए हैं।

### सीएम के घर, दफ्तर को बम से उड़ाने की धमकी

**हरियाणा।** मुख्यमंत्री आवास और सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। शुक्रवार को चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास संत कबीर कुटीर और सचिवालय में फिदायीन हमले की धमकी मिली। सूत्रों के मुताबिक सीआईडी के सीनियर अधिकारियों को मेल भेजकर कहा गया कि दोनों जगह फिदायीन हमले होंगे। सूचना मिलते ही चंडीगढ़ पुलिस की टीमें एक्टिव हो गईं। सीएम आवास और सचिवालय की सुरक्षा बढ़ा दी गई। सचिवालय में अनाउंसमेंट कराकर बिल्डिंग खाली कराई है। अधिकारियों ने कहा कि कोई भी कर्मचारी किसी भी फ्लोर पर न रहे। बिल्डिंग और आसपास के इलाके में बम और डॉग स्क्वायड बुलाकर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है, जिस समय धमकी आई, उस समय मुख्यमंत्री नायब सैनी आवास पर नहीं थे।

### पठानकोट में पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार

**पठानकोट।** सुरक्षा एजेंसियों ने पठानकोट भारत-पाक सीमा के पास बमियाल सेक्टर में सिंबल पोस्ट से एक घुसपैठिए को गिरफ्तार किया है। आरोपी को सुबह पकड़ा गया। बताया जाता है कि उसे फिलहाल नारनोट जैमल सिंह थाने में रखा गया है। एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि वह वहां से कैसे आया। हालांकि, अधिकारी इस मामले में कुछ भी कहने से बच रहे हैं। पिछले महीने से ही देश की सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर है। इसी बीच बीएसएफ जवानों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से घुसपैठिए को पकड़ा है। जवानों को उसकी गतिविधि संदिग्ध लगी, तो उसे तुरंत सीमा से पकड़ कर पूछताछ की। पुलिस अब यह पता लगाने में लगी है कि आखिर वह इस एरिया में क्या कर रहा था। उसे किस काम के लिए यहां पर भेजा गया था।



# जन्नत में सन्नाटा, लुभावने ऑफर भी बेअसर

## अमरनाथ यात्रा के शांतिपूर्ण समापन के बाद आशा की उम्मीद

**70 फीसदी कारोबार हुआ खत्म**

**श्रीनगर, जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद कई लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। बंगस घाटी जैसी जगहों पर जाने के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस की अनुमति सहित कई तरह की अनुमतियों की जरूरत होती है। बारामूला में होटल चलाने वाले फहद गयास कहते हैं, बारामूला और उरी आने वाले पर्यटकों की संख्या में भारी कमी आई है। सीमा पर झड़पों के बाद हमने 70 प्रतिशत कारोबार खो दिया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद न सिर्फ नियंत्रण रेखा के पास के स्थानों पर बल्कि पूरे कश्मीर में पर्यटकों की संख्या में कमी आई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2024 में 35 लाख से अधिक पर्यटक कश्मीर आए और पूरे जम्मू-कश्मीर में 2.35 करोड़ पर्यटक आए। इस साल यह आंकड़ा और भी अधिक बढ़ने की उम्मीद थी, लेकिन अब यह बदल गया है। पहलगाम में आतंकी हमले को एक महीना हो चुका है। ट्रैवल एजेंट, जो गर्मियों के चरम पर्यटन सीजन का इंतजार कर रहे थे, उन्हें लगभग 100 प्रतिशत बुकिंग रद्द करनी पड़ी। अब युद्ध विराम लागू होने के बाद टूर ऑपरेटरों की रिपोर्ट है कि केवल पांच से दस प्रतिशत पर्यटक ही घाटी में लौटे हैं। गर्मियों में पर्यटकों को लुभाने के लिए भारी छूट की पेशकश कर रहे टूर ऑपरेटरों का मानना है कि आगामी अमरनाथ यात्रा का शांतिपूर्ण समापन एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम साबित हो सकता है तथा शरद ऋतु और सर्दियों में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हो सकती है।

### इंडोनेशिया पहुंचे कांग्रेस नेता व पूर्व विदेश मंत्री खुर्शीद ने जकार्ता में की आर्टिकल 370 की सराहना

# धारा 370 हटने से कश्मीर में खुशहाली आई दुर्भाग्य है कुछ लोग खुशी नहीं देखना चाहते

**नई दिल्ली/श्रीनगर, जेएनएन।** कांग्रेस नेता और पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा, कश्मीर में आर्टिकल 370 बड़ी समस्या थी। इससे यह धारणा बन गई थी कि कश्मीर देश के बाकी हिस्से से अलग है। यह सरकार की सोच में भी झलकता था। खुर्शीद ने कहा, 2019 में आर्टिकल 370 हटने के बाद यह धारणा खत्म हो गई। इसके बाद चुनाव हुए और 65 फीसदी लोगों ने मतदान लिया। अब कश्मीर में चुनी हुई सरकार है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग कश्मीर में आर्टिकल 370 फिर से बहाल करवाना चाहते हैं। वे कश्मीर में आई खुशहाली नहीं देखना चाहते। वहीं कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने ऑपरेशन सिंदूर पर कोलंबिया सरकार की प्रतिक्रिया की आलोचना की। थरूर ने कोलंबिया के बोगोटा में कहा, कोलंबियाई सरकार ने भारत के प्रति सहानुभूति जताने के बजाय ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान में हुई जानमाल की नुकसान पर दुख जताया। भारत इससे निराश है। थरूर ने कहा, भारत ने सेल्फ-डिफेंस में हमला किया था। हमला करने वालों और बचाव करने वालों में फर्क होता है। जैसे कोलंबिया ने कई आतंकी हमलों को झेला है, वैसे ही हमने भारत में भी चार दशकों तक हमलों को झेला है। थरूर और सलमान खुर्शीद ऑपरेशन सिंदूर पर दुनिया को ब्रीफ करने गए भारतीय डेलिगेशन का हिस्सा हैं।



### केंद्र की विदेश नीति नाकामः कांग्रेस

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने शुक्रवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर मोदी सरकार की विदेश नीति को नाकाम बताते हुए आरोप लगाया कि सरकार की फेल डिप्लोमैसी और कमजोर विदेश नीति की वजह से भारत की छवि को नुकसान हुआ। उन्होंने कहा, कोई देश पाकिस्तान को आतंकी देश नहीं कह रहा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी किसी ने भी आपके समर्थन में बयान नहीं दिया। यहां तक कि रूस ने भी पाकिस्तान के साथ पुरानी स्टील मिल दोबारा शुरू करने के लिए रूस साइन किया है। अब इससे पाकिस्तान को रूस से 2.6 अरब डॉलर (21,660 करोड़ रुपए) मिलेंगे।

### राहुल पाक के नैरेटिव को आगे बढ़ा रहेः भाजपा

बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा, राहुल गांधी फिर देश और दुनिया के सामने बेनकाब हो गए हैं। राहुल गांधी एक गैरजिम्मेदार और बालक बुद्धि वाले नेता हैं, जिनकी प्राथमिकता देश नहीं, बल्कि पाकिस्तान का पक्ष लेना है। भंडारी ने कहा, राहुल गांधी पाकिस्तान के नैरेटिव को सबसे बेहतर तरीके से आगे बढ़ाने में सक्षम हैं।

### शाह बोले-बीएसएफ ने 118 चौकियां ढेर की

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को पुंछ में गीता भवन मंदिर में पूजा की और पाक गोलीबारी से नुकसान का निरीक्षण किया। पुंछ में शाह ने बीएसएफ जवानों की सराहना करते हुए कहा कि जवानों ने सतर्कता से रक्षा की। पाकिस्तान से हमले के जवाब में जम्मू फ्रंटियर के बीएसएफ जवानों ने 118 से ज्यादा पाक चौकियों को नष्ट और क्षतिग्रस्त किया।

### भारत से हमारे रिश्ते बिगाड़ना चाहता है पाक

**रूस ने भी सुनाया कहा-पाक से नहीं कर रहे डील**

**मॉस्को।** रूस ने शुक्रवार को उन फर्जी रिपोर्टों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि वह पाकिस्तान से आर्थिक संबंधों को बढ़ा रहा है। पाकिस्तानी मीडिया में खबर आई थी कि मास्को व इस्लामाबाद मिलकर औद्योगिक सहयोग बढ़ाने पर काम कर रहे हैं। इसके तहत पाकिस्तान में नई स्टील मिलें स्थापित की जाएंगी, ताकि 1970 के दशक जैसे सहयोग को फिर से जीवित किया जा सके, जब सोवियत संघ ने पाक स्टील मिल्स को डिजाइन और वित्तपोषित किया था। इस पर विचार करने के लिए पाकिस्तान के पीएम के विशेष सहायक हारून अख्तर खान और मास्को के प्रतिनिधि डेनिस नजरूफ के बीच 13 मई को इस्लामाबाद में बैठक हुई थी। मॉस्को में सूत्रों ने इस मुद्दे पर बातचीत की बात स्वीकार की, लेकिन उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया, जिनमें दावा किया गया था कि दोनों देशों के बीच मल्टीबिलियन डॉलर के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने कहा कि फर्जी और मनगढ़ंत रिपोर्ट के जरिए पाकिस्तान ने भारत-रूस विशेष और रणनीतिक साझेदारी को नुकसान पहुंचाने का एक और असफल प्रयास किया है। एक वरिष्ठ रूसी अधिकारी ने कहा कि यह बढ़ा-चढ़ाकर पेश की गई खबर है।

# नेपाल में मप्र के आशीष सहित 15 भारतीय पर्वतारोहियों का सम्मान

### एवरेस्ट दिवस पर नेपाल में 100 पर्वतारोहियों को किया गया सम्मानित



**काठमांडू, जेएनएन।** नेपाल में अंतरराष्ट्रीय एवरेस्ट दिवस पर 100 से अधिक पर्वतारोहियों को सम्मानित किया गया। इसमें भारत के 15 पर्वतारोही भी शामिल थे। नेपाल के पर्यटन मंत्री बद्री पांडे ने सभी पर्वतारोहियों को प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इसमें मप्र के पर्वतारोही आशीष सिंह भी शामिल हैं। आशीष मप्र के सतना जिले रामपुर बाघेलान तहसील के हिनौती गांव के हैं। एलपीयू से मैकेनिकल इंजीनियर आशीष वर्ष २०२३ में दुनिया की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट (8848.86 मीटर) फतह किया था। वहीं हिमाचल प्रदेश के अमित नेगी भी सम्मानित किया गया गया। नेगी भारत के सबसे युवा एवरेस्ट विजेताओं में से एक हैं। उन्होंने एवरेस्ट (8848.86 मीटर), कंचनजंगा (8,586 मीटर) और अन्नपूर्णा (8091 मीटर) को सफलतापूर्वक फतह किया है। समारोह में भारत से आशीष सिंह, निशा कुमारी, अनुजा वैद्य, बलजीत कौर, सुविधा कदलाग, सूर्य प्रकाश, शेख हिमांशु, सत्यरूप सिद्धांत, ज्योति रात्रे और नवोदिता समेत अन्य पर्वतारोही भी सम्मानित हुए। इस अवसर पर एवरेस्ट एलायंस नेपाल ने एक विशेष सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें पर्वतारोहण के साथ ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण परिवर्तन पर भी चर्चा की गई। नेपाल सरकार ने पर्वतीय पर्यटन को बढ़ावा देने, पर्वतारोहियों की सुरक्षा के साथ हिमालय के संरक्षण की प्रतिबद्धता जताई।

## इंडिगो को 3 महीने का अल्टीमेटम, टर्किश एयरलाइन्स के साथ खत्म करें समझौता

**नई दिल्ली, जेएनएन।** डीजीसीए (डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन) ने इंडिगो को टर्किश एयरलाइन्स के 2 विमान उड़ाने का आखिरी 3 महीने का अल्टिमेटम दिया है। इंडिगो ने टर्किश एयरलाइन्स से 2023 में डील के तहत दिल्ली-मुंबई से इस्तांबुल के लिए डायरेक्ट फ्लाइट उड़ाने के लिए 2 बड़े प्लेन (बोइंग 777) लीज पर लिया हुआ था। डील में विमानों के लिए तुर्किये एयरलाइंस के पायलट और क्रू सदस्य भी शामिल हैं। यह करार 6 महीने के लिए होता है। इसे हर छह महीने में नए सिरे से अप्रूव कराना होता है। एअर इंडिया ने सिविल एविएशन मंत्रालय से इसे आगे बढ़ाने से मना किया है। ये फैसला ऐसे वक्त में आया है जब तुर्की ने पाकिस्तान का साथ देते हुए भारत के खिलाफ बयान दिया था। 15 मई को भारत सरकार ने तुर्की की कंपनी का सिक्योरिटी क्लीयरेंस भी कैंसिल कर दिया था।

# ओडिशा में इंजीनियर के घर से 2 करोड़ रु. कैश बरामद



**भुवनेश्वर।** ओडिशा में विजिलेंस डिपार्टमेंट ने शुक्रवार को एक चीफ इंजीनियर के 7 ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान उसके दो घरों से 2 करोड़ से ज्यादा कैश बरामद हुआ। लाखों रुपए के सोने के गहने और मंहगे कपड़े भी मिले हैं। विजिलेंस टीम को देखते ही चीफ इंजीनियर भुवनेश्वर स्थित अपने फ्लैट की खिड़की से 500 रुपए के नोटों के बंडल फेंकने लगा था। अधिकारियों ने नोटों की गड्डी बरामद कर ली है। कैश गिनने के लिए मशीनों का सहारा लेना पड़ रहा है। नोटों की गिनती जारी है। इंजीनियर की पहचान ओडिशा सरकार के कर्मचारी बैकुंठ नाथ सारंगी के रूप में हुई है। वह राज्य के ग्रामीण विकास विभाग में काम करता है। उसके पास आय से अधिक संपत्ति होने का शक है।

### फ्लैट और पैतृक आवास से 1-1 करोड़ कैश

बयान में बताया गया कि ओडिशा पुलिस की एंटी करप्शन विंग ने भुवनेश्वर, अंगुल और पुरी में चीफ इंजीनियर के ठिकानों पर पर रेड मारी। उनके भुवनेश्वर स्थित फ्लैट से करीब 1 करोड़ रुपए कैश बरामद किए गए, जबकि अंगुल स्थित पैतृक आवास से 1.1 करोड़ रुपए मिले हैं। अंगुल में विजिलेंस के स्पेशन जज ने उनके खिलाफ सर्च वारंट जारी किया था, जिसके आधार पर छापेमारी की जा रही है। विजिलेंस ने अंगुल के करदागड़िया में दो मंजिला घर, भुवनेश्वर और पुरी जिले के पिपिली के सिउला में फ्लैट सहित 7 ठिकानों का पता लगाया। इसके बाद 26 पुलिस अधिकारियों की एक टीम ने सभी 7 ठिकानों पर एक साथ छापा मारा। टीम में आठ डीएसपी, 12 इंस्पेक्टर और 6 एएसआई शामिल थे।

## जाह्नवी ने 'धक-धक' को वल्गर बताने वाली रील को किया लाइक, मचा बवाल



**मुंबई।** अभिनेत्री जाह्नवी कपूर कान्स डेब्यू और फिल्म 'होमबाउंड' को लेकर सुर्खियों में रही हैं। अभी उनकी फिल्म 'परमसुंदरी' का भी टीजर आ गया है, जिसे ऑडियंस बेहद पसंद कर रहे हैं। इन सबके बीच इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट लाइक करना उनके लिए मुसीबत बन गया। एक्ट्रेस ने जिस पोस्ट को लाइक किया है वो उनकी दिवंगत मां श्रीदेवी और माधुरी दीक्षित की रायवलरी के बारे में है। दरअसल, इंस्टाग्राम पर एक पेज से माधुरी और श्रीदेवी की तुलना करते रील बनाई गई है। उसमें रील में एक तरफ माधुरी के फेमस गाने 'धक-धक' को दिखाया गया और दूसरी तरफ श्रीदेवी की फिल्म 'खुदा गवाह' का सीन है। दोनों की वीडियो पर कैप्शन में लिखा है- 'उन्हें वल्गर स्टेप और कुछ नहीं करने के लिए फिल्मफेयर बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला।' श्रीदेवी के लिए कैप्शन में लिखा है, 'कमाल एक्टिंग के साथ डबल रोल निभाया, जिसने पूरी फिल्म को कंधों पर संभाला, फिर भी फिल्मफेयर ने बेस्ट एक्ट्रेस के लिए इग्नोर कर दिया।' जान्हवी कपूर ने रील को लाइक किया है,जब इंस्टाग्राम यूजर्स की नजर जाह्नवी की लाइक पर पड़ी तो उन्होंने सवाल खड़े कर दिए। यूजर्स सवाल उठा रहे हैं कि क्या जाह्नवी इनडायरेक्ट माधुरी की आलोचना कर रही हैं? रेडिट पर एक यूजर लिखते हैं कि अब वो भी एल्गोरिदम की कहानी लेकर आएंगी।

# स्विमिंग पूल में डूबे युवक को सीपीआर की जरूरत थी, अस्पताल लेकर भागे... मौत

### खुशी में मातमः गुनगा इलाके के फार्म हाउस में चल रहे शादी समारोह के बीच घटना


मृतक

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** गुनगा इलाके में दोस्त की बहन की शादी समारोह में गए युवक की स्विमिंग पूल में डूबने से मौत हो गई। बताया गया कि साढ़े पांच फीट गहरे पूल में डूबते देख दोस्तों ने उसे बाहर निकाला, तब उसकी सांसें चल रही थीं। होश में भी था। गले में पानी फंसा होने से हिचकी आ रही थी। उसकी हालत देख दोस्त तुरंत उसे गाड़ी में बैठाकर बैरसिया अस्पताल लेकर रवाना हुए। रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। सांस रोग विशेषज्ञ ने कहा कि अस्पताल से पहले युवक को सीपीआर की जरूरत थी। साथ ही उसके शरीर में भरे पानी को निकालने की जरूरत थी। यदि ऐसा किया जाता तो संभवतः उसकी जान बचाई जा सकती थी। पानी में डूबे व्यक्ति को तुरंत सीपीआर देकर बचाया जा सकता है। गुनगा थाना प्रभारी हरिशंकर वर्मा ने बताया कि कबीटपुरा टीला जमालपुरा निवासी 20 वर्षीय अयान अहमद खुद का ई-रिक्शा चलाता था। गुरुवार को उसके दोस्त की बहन की शादी गुनगा इलाके के हर्राखेड़ा गांव में बने विकेशन विला फार्म हाउस में थी। पूरा दिन वह शादी की तैयारियों में लगा रहा। शाम करीब साढ़े छह बजे शादी समारोह से पहले दोस्तों के साथ स्विमिंग पूल में नहाने उतर गया। वह नहाते हुए स्लाइड से गहरे पानी में चला गया। इसके बाद ऊपर नहीं आया। जब अयान पानी में डूबा तो पूल में दस से अधिक लोग मौजूद थे। अचानक एक युवक का ध्यान गया कि अयान पानी में जाने के बाद बाहर नहीं आया। तब जाकर उसे बाहर निकाला गया। लोगों ने पेट दबाकर उसे बचाने का प्रयास किया। तब अयान होश में भी आया, लेकिन अस्पताल ले जाने के बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

#### पेट दबाकर पानी निकालने की कोशिश

अयान के जीजा शाहजेब ने बताया कि स्लाइड से तेजी से पानी में जाने के बाद अयान बाहर नहीं आया। करीब 30-35 सेकेंड तक तो किसी को कुछ समझ नहीं आया। इसके बाद उसे बचाने की कवायदें शुरू कीं गईं। पानी से निकलने के बाद वह चंद मिनट तक होश में था। हालांकि वह कुछ बोल नहीं पा रहा था। उसे अस्पताल लेकर रवाना हुए। थोड़ी देर बाद उसने दम तोड़ दिया। बताया गया कि अयान परिवार का इकलौता बेटा था। पिता किसी कारखाने में मजदूरी करते हैं। 6 महीने पहले ही अयान ने ई रिक्शा खरीदा था।

#### पूल के सुरक्षा इंतजाम की जांच करेगी पुलिस

पुलिस को घटना के कुछ वीडियो मिले हैं। थाना प्रभारी हरिशंकर वर्मा ने बताया कि पूल के सुरक्षा इंतजामों की जांच की जाएगी। प्रारंभिक तौर पर पूल की गहराई साढ़े पांच फीट होने का पता चला है। पुलिस को यह भी पता चला कि युवक को तैरना नहीं आता था। उसे पूल की गहराई का अंदाजा भी नहीं था।

#### सीपीआर देते तो बच सकती थी जान



इस मामले में सांस रोग विशेषज्ञ डॉ. हरीष पाठक ने बताया कि यदि मौके पर युवक को सीपीआर दिया जाता तो उसकी जान बचाई जा सकती थी। यदि वहां पर कोई बेसिक सीपीआर का जानकार होता तो मदद हो सकती थी। डॉ. पाठक के अनुसार जब भी किसी मामले में पल्स धीमी पड़ जाए या हार्ट काम करना बंद कर दे तो सीपीआर एकदम अचूक इलाज होता है। कई बार सीपीआर देने से व्यक्ति का हार्ट फिर से काम करने लगता है और उसकी जान बच जाती है। यही कारण है कि सीपीआर के प्रति लोगों को जागरूक बनाने के लिए कई अभियान चलाए जा रहे हैं। स्कूलों से लेकर कॉलेज स्तर पर यदि छात्रों को सीपीआर की ट्रेनिंग दी जाए तो कई लोगों की आकस्मिक मौत को टाला जा सकता है।

**जोखिम** | थाईलैंड में भारतीय शख्स को बाघ के साथ सेल्फी लेना पड़ा महंगा, साथी युवक ने बचाया

# बाघ को समझ बैठा 'फ्लावर', छूते ही निकली चीख



**नई दिल्ली।** सेल्फी के चक्कर में अक्सर हादसे की खबरें आती रही हैं। ऐसा ही ताजा मामला थाईलैंड में सामने आया है, जहां एक भारतीय ने जान जोखिम में डालकर बाघ के साथ सेल्फी लेने की कोशिश की। इसके बाद वही हुआ जिसका डर था। शख्स पर बाघ ने हमला कर दिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। वीडियो में एक अज्ञात व्यक्ति बाघ के साथ चलते हुए दिखाई देता है। वह बाघ के पास बैठकर तस्वीर लेने की कोशिश करता है, जबकि एक ट्रेनर बाघ को बैठने का इशारा करने के लिए छड़ी का इस्तेमाल करता हुआ दिखता है। अचानक बाघ आक्रामक हो जाता है और उस पर हमला कर देता है। शख्स की चीखें वीडियो में सुनाई दे रही है। घटना ने न सिर्फ पर्यटक की सुरक्षा, बल्कि अहम स्थानों पर जानवरों की देखभाल पर भी सवाल खड़े किए हैं।

### इसलिए चिढ़ गया टाइगर

वीडियो के कमेंट सेक्शन में कई लोगों ने व्यक्ति की हालत के बारे में चिंता जताई और पूछा कि क्या वह ठीक है। कुछ ने भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए बेहतर सुरक्षा उपायों की मांग की। वीडियो पोस्ट करने वाले व्यक्ति ने जवाब दिया, हां, जाहिर तौर पर मामूली चोटें आई हैं। एक अन्य यूजर ने बताया कि बिल्लियों को आमतौर पर उनके निचले (पिछले) हिस्से पर सहलाना पसंद नहीं होता। उन्होंने कहा, इस व्यक्ति ने बाघ को लगातार उस हिस्से पर सहलाया, जिससे शायद बाघ चिढ़ गया। आखिरी बार जब उसने तस्वीर के लिए बाघ को पकड़ा, तो यह हमले का कारण बन गया।

### बाघों को दिया जाता है नशा?

यह घटना टाइगर किंगडम जैसे पर्यटक स्थलों पर जानवरों के साथ होने वाले व्यवहार को लेकर गंभीर सवाल उठाती है। कई लोग इन जगहों पर बाघों को नशे में रखने और उनके साथ क्रूरता करने की आलोचना करते हैं। एक यूजर ने लिखा, मैं वहां गया हूं। वे बाघों को इतना नशा देते हैं कि उनमें हमला करने की इच्छा न रहे। मैं हमेशा से डरता था कि ऐसा हो सकता है। टाइगर किंगडम जैसी जगह में पर्यटकों को बाघों के साथ फोटो खिंचवाने और उन्हें छूने की इजाजत होती है, लेकिन ऐसी गतिविधियों पर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। विश्व पशु संरक्षण के अनुसार, इन बाघों को छोटी पिंजरों में रखा जाता है और कई बार भूखा रखकर सजा दी जाती है।

# पॉलीटेक्निक एवं आईटीआई के रोजगार आधारित पाठ्यक्रम हैं कैरियर के बेहतर विकल्प : कलेक्टर



**जागरण, पन्ना ।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा है कि कौशल विकास एवं तकनीकी दक्षता आधारित शासकीय पॉलीटेक्निक एवं आईटीआई संस्थानों में संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रम रोजगार के लिए एक सशक्त एवं व्यवहारिक विकल्प प्रस्तुत कर सकते हैं। इन संस्थाओं के विभिन्न ब्रांच एवं ट्रेड में प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राओं के लिए रोजगार आधारित पाठ्यक्रम कैरियर निर्माण का बेहतर माध्यम हो सकता है। केन्द्रीय एवं राज्य शिक्षा बोर्ड के कक्षा 10वीं के घोषित परिणाम के आधार पर विद्यार्थी शैक्षणिक सत्र 2025-26 में पॉलीटेक्निक अथवा आईटीआई संस्था में प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। कलेक्टर श्री कुमार ने बताया कि यह समय विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के लिए भविष्य की दिशा तय करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से परिवार की आर्थिक व वित्तीय स्थिति के अनुसार विद्यार्थियों के लिए जॉब ओरिएंटेड कोर्स लाभकारी हैं। प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए शासन के निर्देशानुसार नियमित रूप से प्रोत्साहन, तकनीकी मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। इसके अलावा जिला कलेक्टर द्वारा जरूरतमंद छात्रों को पॉलीटेक्निक अथवा आईटीआई में प्रवेश को पढ़ाई एवं रोजगार के लिए प्रथम विकल्प के रूप में अपनाने की सलाह भी दी गई है। तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा भी डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम की समकक्षता हायर सेकण्डरी की भांति निर्धारित करने तथा डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग के उपरांत चार वर्षीय इंजीनियरिंग डिग्री के द्वितीय वर्ष में प्रवेश की व्यवस्था भी की जा रही है। कलेक्टर ने कक्षा 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों से पॉलीटेक्निक एवं आईटीआई में प्रवेश के लिए वर्तमान में संचालित प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन पंजीयन कराने की अपील की है।

# देवी अहिल्या बाई होल्कर की जयंती पर हुई कार्यशाला



**पन्ना ।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शनिवार को लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती पर जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में पन्ना नगर के वार्ड क्रमांक 13 स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण में अहिल्या बाई के योगदान पर प्रकाश डाला गया। साथ ही लोकमाता द्वारा विकास के साथ विरासत को सहेजने, गरीब व वंचितों को प्राथमिकता, शासिका के रूप में राष्ट्र निर्माण के लिए परिवर्तन लाने जैसे उपायों पर भी चर्चा की गई। बताया गया कि देवी अहिल्या बाई राष्ट्र के निर्माण में नारी शक्ति के अमूल्य योगदान का प्रतीक थीं। इस दौरान कार्यशाला में मौजूद वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक कविता पाण्डेय एवं पर्यवेक्षक अंजली गुप्ता द्वारा उपस्थित बालिकाओं एवं महिलाओं की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।

# मूलचंद सिंह, सहायक ग्रेड-3 का अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर सेवा निवृत्ति



**जागरण, पन्ना ।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य अरविंद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि संस्था में कार्यरत मूलचंद सिंह, सहायक ग्रेड-3, को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर दिनांक 31 मई 2025 को अपराह्न में सेवा से विधिवत रूप से सेवानिवृत्त किया गया। मूलचंद सिंह ने अपने दीर्घ सेवाकाल में निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्यपरायणता के साथ संस्थान की सेवा की। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में एक सादगीपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। संस्था के विभागाध्यक्ष उत्कर्ष कुमार श्रीवास्तव ने मूलचंद सिंह के कार्यों को याद करते हुये कहा कि मूलचंद कार्यालयीन कार्यों में दक्षता, समयबद्धता एवं सहयोगपूर्ण व्यवहार के लिए सदैव प्रशंसा के पात्र रहे हैं। उनके योगदान को महाविद्यालय परिवार सदैव स्मरण करेगा। मूलचंद सिंह ने अपने उद्बोधन में सभी सहयोगियों के प्रति आभार प्रकट किया और संस्थान के उत्तरोत्तर विकास की कामना की। समारोह का समापन संस्था प्राचार्य अरविंद कुमार त्रिपाठी द्वारा श्री सिंह को शाल तथा श्रीफल भेंट कर सम्मानित करते हुए किया गया। इस अवसर पर संस्था के लेब तकनीशियन राकेश कुमार द्विवेदी,देव व्रत चतुर्वेदी, हरीश कुमार पाठक, राघवेंद्र खरे(सेवानिवृत्त लेखापाल), सहायक ग्रेड-3 शिवम चौबे, अतिथि व्याख्याता अंशुमान रेले, श्रीमती शिवांगी जैन तथा चतुर्थ श्रेणी अशोक पांडे, ओमप्रकाश, जितेंद्र वाल्मीक, बुद्धसेन वर्मा, सुनील वाल्मीक, कल्लू वाल्मीक, चमन विश्वकर्मा, ताराचंद सभी ने श्री सिंह के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी एवं उनके स्वस्थ, सुखद एवं सक्रिय भविष्य की मंगलकामनाएँ कीं।

# एक समुदाय का हटाया गया अतिक्रमण, दूसरे पर मेहरबान नपा प्रशासन



**जागरण, टीकमगढ़ ।** अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर लगातार प्रशासन कार्यवाही करता है लेकिन इसमें भेदभाव साफ नजर आता है। भेदभाव भी अमीरी गरीबी का अब तक जितनी भी अतिक्रमण की कार्यवाही देखी गई उनमें सिर्फ गरीबों पर बुल्डोजर या उनके ठेलों को हटाकर प्रशासन वाहवाई लूटता नजर आता है लेकिन गरीब परेशान और भरण पोषण को मजबूर होता नजर आता है। जबकि अमीरों पर यह उल्ट नजर आता है। यह हम इसलिए कह रहे है क्योंकि वर्तमान में टीकमगढ़ प्रशासन इन्हीं बातों को अमल करता दिखाई दे रहा है। जहां एक तरफ नाले नालियों पर अतिक्रमण को मुक्त कराने कई शिकायते और मीडिया के बताए अनुसार नपा प्रशासन जागा लेकिन यह कहा जा सकता है कि वह अभी भी नींद में है क्योंकि नाले पर अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर जहां कटरा में एक समुदाय के गरीब की दुकान को नाले पर से अतिक्रमण मुक्त कराया गया जबकि कई 181 की शिकायतों को नजर अंदाज किया जा रहा है। बात कर रहे शैल सागर के चौराहे की जहां किसी दबंग व्यक्ति की दुकान को जमीदोज नहीं किया गया हैं। ये कैसा प्रशासन है... ? ऐसे में लगता है कि गरीब के पास गांधी छाप कागज नहीं है जिसके चलते और गरीबी में गीला आटा किया जा रहा वही अमीर के पास गांधी छाप कागज है जिसके जादू से वह हर परिस्थितियों में मजबूत हो रहा है और प्रशासन नस्मस्तक दुकान गिरने के बाद पीड़ित ने कलेक्टर को दिया शिकायती पत्र स्वामित्व की दुकान को जबरन अभद्रता पूर्वक तोड़ने का आरोप : शिकायतकर्ता शिवचरण कुशवाहा तनय गनपत लाल कुशवाहा निवासी ग्राम देवपुर ने मामले की शिकायत कलेक्टर से की है। शिकायतकर्ता ने ज्ञापन में बताया की उसकी दुकान कटरा बाजार टीकमगढ़ स्थित है।घटना दिनांक 28.05.2025 को दोपहर 3.00 बजे शिकायतकर्ता अपनी मिठाई की दुकान पर था कि नगरपालिका के कर्मचारी आए और बोले कि बगल वालों की दुकान तोड़ना है, दुकान का सामान निकलों इसके बाद बोले तुम अपना सामान निकालों तुम्हारी दुकान तोड़ना है, जिसके बाद शिकायकर्ता ने कहा कि हमारी दुकान की रजिस्ट्री है तब अनावेदकगण बोले कि आप अपने कागजात दिखाओं इसके बाद आवेदक अपने कागजात उठाने के लिये घर पर गया और कागज लेकर नपा कर्मचारियों को दिखाने के लिये दुकान पर आया तब आवेदक ने देखा कि अनावेदकगण द्वारा बगैर आवेदक के कागजात देखे बगैर सूचना पत्र दिये आवेदक की दुकान तोड़ दी, जिसका सामान भी अलग नहीं किया गया और आवेदक की दुकान तोड़ दी, जिससे आवेदक हक व कब्जे की दुकान जिसमें 50-60 हजार रूपये का सामान रखा हुआ था तथा काउण्टर में 20 हजार रूपये अलग से रखे हुए थे, अनावेदकगण द्वारा जानबूझकर दुकान बगैर किसी सूचना के तोड़ दी गयी जिसमें आवेदक का भारी नुकसान हो गया है। उक्त कार्यवाही आपसी द्वेष भाव से की गई है। मौके के वीडियो एवं फोटोग्राफ भी अवलोकन हेतु प्रस्तुत है। अनावेदकगण के विरूद्ध कार्यवाही किया जाना न्यायहित में आवश्यक है।

# जन शिक्षा केन्द्र पवई के 13 केंद्रों में पूरक परीक्षाओं की तैयारी शुरू





**जागरण, पवई ।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार जन शिक्षा केंद्र पवई के 13 परीक्षा केंद्रों में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की पूरक परीक्षाओं का आयोजन 2 जून 2025, दिन सोमवार से प्रारंभ किया जा रहा है। इस संबंध में केंद्र स्तर पर बैठक आयोजित की गई, जिसमें परीक्षा की रूपरेखा, संचालन प्रक्रिया तथा शिक्षकों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जन शिक्षा केंद्र के प्रभारी अधिकारी सहित क्षेत्र के सभी संबंधित शालाओं के प्रधानाध्यापक एवं अध्यापक उपस्थित रहे। पूरक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों की सूची पहले ही तैयार कर ली गई है तथा परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है। शिक्षा विभाग का कहना है कि इन पूरक परीक्षाओं का उद्देश्य छात्रों को अगली कक्षा में प्रवेश हेतु एक और अवसर प्रदान करना है ताकि शिक्षा में निरंतरता बनी रहे। सभी स्कूलों को निर्देशित किया गया है कि वे समय पर परीक्षा सामग्री की व्यवस्था कर लें और छात्रों को पूर्व सूचना देकर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करें। जन शिक्षा केंद्र पवई के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के केंद्राध्यक्ष हरिलाल अहिरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र मे लगभग बारह सौ परीक्षार्थी सम्मिलित होने है जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण की जा रही हैं ताकि परीक्षा सुचारू रूप से सम्पन्न हो सके।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन



**जागरण, टीकमगढ़ ।** पुलिस परेड ग्राउंड में एक महीने तक चले ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को समापन हो गया। खेल और युवा कल्याण विभाग की ओर से 1 मई से 31 मई तक बच्चों को विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में बच्चों को फुटबॉल, ऐथलेटिक्स, हॉकी, सॉफ्टबॉल, कराटे, योग, वॉलीबॉल, लॉन टेनिस, बास्केटबॉल और मलखंभ का प्रशिक्षण दिया गया। समापन के अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई समापन समारोह में जिला पंचायत सीईओ नवनीत धुर्वे और एसपी मनोहर मंडलोई मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्य अतिथियों ने बच्चों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया साथ ही कहाँ खेल खेलने से मानसिक विकास और एक साथ कार्य करने की प्रेरणा मिलती हैं। एडिशनल एसपी सीताराम ससत्या ने बताया कि कार्यक्रम में सभी प्रतिभागी बच्चों और प्रशिक्षकों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। समारोह में एएसपी सीताराम ससत्या, एसडीओपी राहुल कटरे, यातायात प्रभारी कैलाश पटेल, सूबेदार उत्तम सिंह, कोतवाली थाना प्रभारी पंकज शर्मा, देहात थाना प्रभारी चंद्रकांत यादव, खेल प्रशिक्षक अनूप मंडल, पी प्रसन्ना और सुनीता के साथ बड़ी संख्या में बच्चे और अभिभावक मौजूद रहे।

# प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और बजाज पावर प्लांट जनरेशन ललितपुर को किया नोटिस जारी





**जागरण, टीकमगढ़।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण भोपाल द्वारा बजाज पावर प्लांट एनर्जी ललितपुर के विरूद्ध नोटिस जारी किए गए है। जिसमे अधिवक्ता रोहित शर्मा द्वारा एक याचिका प्रस्तुत की गई, जिसमें याचिकाकर्ता की ओर से माननीय अधिकरण को इस बात का संज्ञान करवाया गया कि उनके हाल ही में टीकमगढ़ जिले में किए गए दौरे में यह पाया गया कि टीकमगढ़ में ललितपुर पॉवर प्लांट के प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न जगहों पर फ्लाई ऐश की डम्पिंग की गई है । इस मुद्दे पर सुनवाई करते हुए आज दिनांक 30.05.2025 को राष्ट्रीय हरित अधिकरण भोपाल द्वारा नोटिस जारी किए गए और समस्त सक्षम अधिकारियों एवं ललितपुर पॉवर प्लांट से जवाब मांगा गया है। इसके अतिरिक्त माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण भोपाल द्वारा एक कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण मण्डल एवं म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण मण्डल से रिपोर्ट मांगी गई है । यह आवेदन राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 की धारा 14 और 15 के तहत प्रतिवादी संख्या 5/ मेसर्स ललितपुर पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड द्वारा फ्लाई ऐश के अवैध डंपिंग के खिलाफ दायर किया गया है, जो टीकमगढ़, मध्य प्रदेश से मात्र 25-30 की दूरी पर स्थित है, जिसके कारण मृदा प्रदूषण, वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण और अन्य पर्यावरणीय खतरे पैदा हुए हैं। इसमें आगे तर्क दिया गया है कि प्रतिवादी संख्या 5 ने स्थानीय ठेकेदार यानी प्रतिवादी संख्या 6 को काम पर रखा है, जो खुलेआम फ्लाई ऐश डंप कर रहा है, जिससे मृदा क्षरण, भूजल संदूषण, वायु प्रदूषण और स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव सहित गंभीर पर्यावरणीय और स्वास्थ्य जोखिम पैदा हो रहे हैं। प्रतिवादी संख्या 5 की कार्रवाई फ्लाई ऐश के निपटान के लिए जारी दिशा-निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है। याचिकाकर्ता को यह जानकर बहुत आश्चर्य हुआ कि प्रतिवादी संख्या 5 द्वारा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्राप्त सहमति केवल खसरा संख्या 408/1, ग्राम सेमरखेड़ा, तहसील मोहनगढ़, जिला टीकमगढ़ में 50,000 मीट्रिक टन तक राख भरकर निचले इलाके का पुनरुद्धार। हालांकि, उक्त सहमति के विपरीत, सरकारी स्कूल परिसर सहित कई अनधिकृत स्थानों पर अंधाधुंध तरीके से फ्लाई ऐश डाली जा रही है। जिसमे पर्यावरण का एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया गया है। प्रतिवादियों को नोटिस जारी करें। चार सप्ताह के भीतर जवाब देना है। प्रतिवादियों को ई-फाइलिंग पोर्टल के माध्यम से छह सप्ताह के भीतर अपना जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया जाता है, समिति को साइट का दौरा करने और छह सप्ताह के भीतर तथ्यात्मक और की गई कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया जाता है।

# पेरेंट्स और खिलाड़ियों के बीच हुई रस्साकसी



**रीवा।** खेल और युवा कल्याण विभाग के तात्वाधान में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 31 मई तक शहरी क्षेत्रों के विभिन्न खेल मैदान पर किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी युवाओं में खेलों के प्रति जागरुकता, खेल को सर्व सुलभ बनाने, प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान व आधुनिक तकनीकी पद्धति से खेलों में आगे आने का अवसर प्रदान करना है। शहरी क्षेत्र में कबड्डी, वालीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, क्रिकेट, हॉकी, खो-खो, हैण्डबॉल, एथलेटिक्स, कुश्ती, बैडमिन्टन, बॉक्सिंग, कराटे, ताईक्वाण्डो, टेबल-टेनिस, तीरंदाजी, क्रिकेट, मार्शल आर्ट एवं शतरंज का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी के तहत स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में समर कैंप खेल स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं जिसमें शुक्रवार को खिलाड़ियों की टीम, महिला अभिभावक टीम एवं पुरुष अभिभावक टीम के बीच रस्साकसी खेल आयोजित किये गये। एम.के.धौलपुरी संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने जानकारी देते हुये बताया कि आज 31 मई को शाम 05:30 बजे स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स पर ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन कार्यक्रम में किया जाएगा, समस्त प्रशिक्षक, खिलाड़ियों एवं अभिभावकों से समय पर पहुंचने की अपील की गयी है।

## प्रधानाध्यापक की नहीं सुन रहे शिक्षक

**रीवा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरहा टोला टीक के प्राधानाध्यापक ने शिक्षक की मनमानी की शिकायत संकुल प्राचार्य से की जिसके बाद संकुल प्राचार्य ने डीइओ से मामले की शिकायत की है। प्रधानाध्यापक रामश्रय कोल ने बताया स्कूल में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक संतोष कुमार सिंह को पूरक परीक्षा का प्रवेश पत्र एवं सामेकिक छात्र वृत्ति का खाता संख्या एकत्रित करने हेतु 27 मई को निर्देशित किया गया था, इसके बावजूद उ.माध्यमिक शिक्षक ने विद्यालय में उपस्थित नहीं दी और अनुपस्थित रहा। जिसके कारण प्रवेश पत्र का वितरण व सामेकिक छात्रवृत्ति का खाता संख्या अपडेशन का कार्य नहीं हो सका, साथ ही शासकीय कार्य में बाधा पहुंची है। प्रधानाध्यापक ने शिकायत में यह भी कहां है कि इसके कारण उन्हे मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ रहा है, जिससे एसे शिक्षक की लापरवाही पर विशेष सेवा अधिनियम में लापरवाही मानते हुए कठोर कार्रवाई के लिए पत्राचार किया गया है।

## रीवा-चर्लपल्ली स्पेशल ट्रेन 05-05 ट्रिप के लिए निरस्त रहेगी

**रीवा।** रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास कार्य हेतु दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मण्डल में बेल्लमपल्ली रेलवे स्टेशन पर यार्ड में प्री एनआई व एनआई कमीशनिंग के तहत थर्ड रेल लाइन कनेक्टिविटी का कार्य करने का निर्णय लिया गया है। इस कार्य के दौरान पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ व टर्मिनेट होने वाली रीवा-चर्लपल्ली (सिकन्दरबाद)-रीवा द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 05-05 ट्रिप निरस्त रहेगी। जानकारी दी गई कि गाड़ी संख्या 01704 रीवा से चर्लपल्ली (सिकन्दरबाद) स्पेशल अपने प्रारम्भिक स्टेशन रीवा से 05 जून से 19 जून 2025 तक निरस्त रहेगी साथ ही गाड़ी संख्या 01703 चर्लपल्ली (सिकन्दरबाद) से रीवा स्पेशल अपने प्रारम्भिक स्टेशन चर्लपल्ली (सिकन्दरबाद से दिनाँक 06 जून से 20 जून 2025 तक निरस्त रहेगी।

# डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में हुए रोमांचक मुकाबले




## 12 टीमों ने लिया भाग, क्रिकेट प्रेमियों का उमड़ा हुजूम

**जागरण, रीवा।** शहर के मार्तण्ड हायर सेकंडरी स्कूल के प्रांगण में आयोजित डे-नाइट सर्कल क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल 12 टीमों ने भाग लिया। इस रोमांचक प्रतियोगिता में जिले और आसपास के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ-साथ कुछ प्रशासनिक अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सभी मैच 10-10 ओवर के खेले गए, जिससे खेल में गति और रोमांच बना रहा। क्रिकेट प्रेमियों की भारी भीड़ ने आयोजन को यादगार बना दिया। मैच में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी व कांग्रेस के प्रदेश महासचिव गुरमीत सिंह मंगू ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना से खेलने की बधाई दी व शानदार प्रतियोगिता कराने आयोजन समिति के निखिल लखेरा, सुनील दाहिया, विपिन लखेरा, रवी लखेरा, दीपू सोनी, प्रशांत वर्मा, किशोर लखेरा, राजमणि तिवारी उर्फ भोला भैया, विपुल सिंह, शहनवाज, पियूष मिश्रा और वारिस भाई की क्रिकेट के प्रति लगाव की तारीफ बधाई देते हुए कहा कि इस तह समय समय पर आयोजन होने से क्रिकेट के नए खिलाड़ियों को अपना खेल दिखाने का अवसर मिलता है। आयोजन समिति ने बताया कि फाइनल मुकाबले के बाद विजेता टीम को नकद पुरस्कार और आकर्षक शील्ड देकर सम्मानित किया जाएगा।

# मप्र. शिक्षक संघ संभाग इकाई का चुनाव आज

**रीवा।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ संभागीय इकाई का त्रैवार्षिक निर्वाचन 1 जून को द वण्डर पब्लिक स्कूल आदर्श नगर में सुबह 10 बजे सम्पन्न होना सुनिश्चित किया गया है। संभागीय संयोजक रामकृष्ण तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि संभागीय इकाई में अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, उप सचिव के एक पद एवं कार्यकारिणी सदस्य के 4 पदों एवं 2 मनोनीत सदस्यों का मनोनयन किया जायेगा। रीवा संभाग के रीवा, सीधी, सिंगरौली, मैहर एवं मऊगंज जिले के पदाधिकारी निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेगें। प्रान्तीय इकाई द्वारा राजीव शर्मा सह संगठन मंत्री एवं गणेश शंकर गर्ग को निर्वाचन पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। संभागीय संयोजक रामकृष्ण तिवारी ने सभी अपेक्षित पदाधिकारियों से समय से निर्धारित स्थान पर पहुंचने की अपील की है।


# डॉ सतेन्द्र डहेरिया बनें एमसीयू के नए प्रभारी




**रीवा।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय रीवा परिसर में नवीन परिसर प्रभारी के रूप में वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ सतेन्द्र डहेरिया को प्रभार सौंपा गया है। डॉ डहेरिया ने शुक्रवार को अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजित स्वागत समारोह में उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय एक परिवार है और पूरा परिवार मिलकर विश्वविद्यालय के इस परिसर को नई दिशा देकर कीर्तिमान स्थापित करेंगे। नए अकादमिक सत्र के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कर परिसर के शिक्षकों को शोध एवं अकादमिक गुणवत्ता बढ़ाने और रिसर्च प्रोफाइल को अपडेट करने पर बल दिया। कार्यभार ग्रहण के अवसर पर कार्यवाहक निदेशक डॉ संदीप भट्ट, प्रशासनिक अधिकारी डॉ बृजेश शुक्ल सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# 4179 परिवारों ने किया आवेदन, सत्यापन के बाद 3617 परिवार चयनित हुए और 2800 के लिए हुआ आवंटन

## शहरी क्षेत्र में आए सबसे ज्यादा आवेदन त्योंथर में नहीं ली गई रुचि




**जागरण, रीवा।** जिले के 2800 वंचित और कमजोर परिवारों के लिए राहत भरी खबर है कि उनके बच्चे पास के निजी स्कूलों में निःशुल्क शिक्षा ग्रहण करेंगे और सुनहरे भविष्य की तरफ अपने कदम बढ़ाएंगे। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अशासकीय विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश के लिए राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा रेंडम आधार पर ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। बता दें कि इसके पूर्व अभिभावकों द्वारा 7 मई से 21 मई तक निःशुल्क प्रवेश के लिए स्वेच्छा अनुसार प्राथमिकता क्रम में अपनी बसाहट के नजदीक की शालाओं का चयन कर ऑनलाइन फॉर्म भरे गए थे। जिनका जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर 23 मई तक सत्यापन किया गया। रीवा और मऊगंज जिले को मिलाकर कुल 4179 आवेदन किए गए थे, जिसमें सत्यापन के बाद कुल 3617 आवेदन पात्र मिले। अब प्रथम चरण में कुल 2800 सीटो के प्रवेश के लिए आवंटन किया गया है। प्रवेश के लिए आवंटित विद्यालयों की सूचना अभिभावकों के मोबाइल नंबर पर मैसेज द्वारा राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा भेजी जा रही है एवं स्कूलों की आईडी में भी चयनित विद्यार्थियों की सूची प्रदर्शित हो रही है। अशासकीय विद्यालय द्वारा चयनित विद्यार्थी को किसी भी स्थिति में प्रवेश देने से वंचित नहीं किया जाएगा।

# कत्थक नृत्य कार्यशाला के आयोजन का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत के बीज को नन्हीं बालिकाओं के भीतर बोना





## एनटीपीसी सिंगरौली में बिरजू महाराज कत्थक संस्थान द्वारा कथक नृत्य कार्यशाला का आयोजन

**जागरण शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली में आज शाम काफ़ी उत्साहपूर्ण रही। जिसमें परियोजना द्वारा बालिका सशक्तीकरण अभियान जेम 25 की बालिकाओं को एक ख़ास तोहफा दिया गया। जिसमें प्रसिद्ध बिरजू महाराज कत्थक संस्थान लखनऊ संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं एनटीपीसी सिंगरौली के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क ग्रीष्मकालीन कथक नृत्य कार्यशाला का विशेष आयोजन मुख्य अतिथि बतौर श्रीमती पीयूषा अकोटकर अध्यक्षा वनिता समाज द्वारा स्थानीय सरस्वती सभागार में दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर कुछ नामित बालिकाओं का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। इसके अनुरूप कार्यशाला का आयोजन 29 मई से 4 जून तक स्थानीय कर्मचारी विकास केंद्र में आयोजित किया जा रहा है। बता दें कि इस कथक नृत्य कार्यशाला से जेम 25 की सभी बालिकाओं के साथ .साथ स्थानीय वनिता समाज की सदस्याएँ एवं टाउनशिप की बालिकाएं भी लाभान्वित हो रहीं हैं। जिसमें उन सभी को मार्गदर्शक एवं प्रशिक्षक के रूप में डॉ रंजना उपाध्याय सहायक आचार्य कथक नृत्य बीएचयू. द्वारा कथक नृत्य का उचित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। सप्त दिवसीय इस कत्थक नृत्य कार्यशाला के आयोजन का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत की बीज को इन नन्हीं बालिकाओं के भीतर बोना है। जिससे उन्हें हमारे भारत वर्ष की विविध संस्कृति एवं उनके नैतिक मूल्यों के बारे में ज्ञान हो सके। ज्ञात हो कि एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा प्रति वर्ष इन ग्रामीण इलाकों कि बालिकाओं के सम्पूर्ण विकास के लिए निःशुल्क उनके रहने खाने. पीने सोने कपड़े पढ़ाई. लिखाई व्यायाम सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग तथा सह पाठ्यक्रम गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान दिया जाते रहा है जिसका मूल उद्देश्य समाज में नारी शक्ति को बढ़ावा देना तथा उन्हें और सशक्त बनाना रहा है। इस संबंध में एनटीपीसी सिंगरौली कि इस योजना को सफल बनाने में प्रयासरत डॉ ओम प्रकाश उप महाप्रबंधक मानव संसाधन ने संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश बिरजू महाराज कत्थक संस्थान लखनऊ एवं स्थानीय वनिता समाज शक्तिनगर का विशेष धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि शास्त्र ही शस्त्र है किसी भी कार्य को अच्छे तरीके तथा निर्धारित समय में पूर्ण करने के लिए हमें संबन्धित विषय के मूल ज्ञान का होना अति आवश्यक है। इस कत्थक कार्यशाला के द्वारा बालिकाओं को हमारे भारत कि संस्कृति को जानने तथा उनसे जुड़ने का भी अवसर मिलेगा। इस अवसर पर वनिता समाज कि अन्य सदस्याएँ स्थानीय विद्यालय एवं जेम कार्यशाला के अध्यापक गण आदि भी उपस्थित रहे।

# चौपाल में किसानों को मृदा परीक्षण एवं रासायनिक खाद के उपयोग संबंध में दी जानकारी

**जागरण बैढ़न।** विकसित कृषि संकल्प अभियान 25 अंतर्गत आज विकास खण्ड बैढ़न के ग्राम हर्रइया चितरंगी विकासखंड के ग्राम चकरिया बैरिहवा में चौपाल का आयोजन किया गया तथा किसानों को मृदा परीक्षण रासायनिक खाद के उपयोग के बारे में रासायनिक खाद के उपयोग के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के मार्गदर्शन में जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर ने कृषि विभाग उद्यानिकी कृषि विज्ञान केन्द्र पशुधन विकास विभाग मत्स्य पालन विभाग को आपसी समन्वय एवं सहयोग से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। चौपाल में किसानों को खेती.किसानी के नवीनतम तकनीक के संबंध में जानकारी दी गई। इस अभियान के दौरान वरिष्ट कृषि वैज्ञानिको द्वारा किसानो को मृदा परीक्षण के लाभ कीटनाशक एवं खरपतवार का कम उपयोग किस तरह करना चाहिए इस संबंध में जानकारी दी जा रही है। किसानों को इकोनॉमिक थ्रेसहोल्ड लेवल के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कीटो की संख्या को देखते हुए कीटनाशक का समुचित मात्रा में उपयोग करते हुए कीटों का प्रबंधन करना चाहिए। किसानों को कम लागत में अच्छी खेती करने के लिए विभिन्न उपाय एवं सुझाव दिए गए।

# वीबा क्लब एनटीपीसी में तम्बाकू निषेध दिवस पर बच्चों को दिलाई गई शपथ



**जागरण बैढ़न।** आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर विवा क्लब विंध्यनगर के समर कैम्प में बच्चों से नशा मुक्ति के बारे में बात की तथा शपथ दिलाई और टी शर्ट भी वितरित की विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर छात्र.छात्राओं को शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं नशा नहीं करेंगे और अपने.अपने अभिभावकों को भी नशा नहीं करने के लिए प्रेरित करेंगे। ज्ञात हो कि विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिसके माध्यम से जागरूकता पैदा की जा सके।

# लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की मनाई गई 300वीं जयंती



**जागरण चितरंगी।** विकास खंड चितरंगी मुख्यालय पर विमुक्त घुमक्कड़ अर्धघुमक्कड़ जन जाति संगठन के जिला अध्यक्ष जागेश्वर पाल द्वारा ब्लाक स्तरीय लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300 वी जयंती बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। जिला अध्यक्ष ने अहिल्या बाई के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला और समाज को संदेश देने का प्रयास किया। अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के जामखेड कस्बे के ग्राम चांडी में हुआ था। अब इस जिले को अहिल्यानगर कहा जाता है। उनके पिता मनकोजी राव शिंदे मराठा सेना में एक सैनिक थे। होलकर वंश की महारानी अहिल्याबाई होलकर की आज जयंती है। जब देश में सती होने की कुप्रथा हुआ करती थी उस दौर में अहिल्याबाई होलकर ने होलकर वंश कमान संभाली। कहा जाता है कि उन्होंने अपनी प्रजा को अपनी संतान से भी ज्यादा प्यार किया। न्याय ऐसा कि अपने बेटे की गलती के लिए उसे मौत की सजा सुना दी। उन्हें लोग लोकमाता कहकर संबोधित करते थे। उनका सादगीपूर्ण जीवन धर्म संस्कृति और राष्ट्र के लिए समर्पण ऐसा था कि उन्हें द फ्लॉसफर क्वीन की उपाधि दी गई। शिव भक्ति के अलावा नित्य नर्मदा दर्शन व मछलियों को दाना खिलाना व गरीबों को दान देना उनकी दिनचर्या में शामिल था। अहिल्याबाई ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए भी काफी काम किया। उन्होंने महिलाओं के संपत्ति का अधिकार दिया साथ ही उन्हें सशक्त बनाने के लिए अस्त्र शस्त्र की शिक्षा भी दी। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित संतकुमार अमरेश पाल रामधनी पाल रामचंद्र पाल जागेश्वर पाल छविंद्र पाल मथुरा पाल लालता पाल चंद्रवती पाल राजकुमार पाल शिवकुमार पाल जगनाधन पाल खजांची पाल दूधनाथ पाल भागवत पाल आदि मौंजुद रहे।

# समर कैम्प में 55 बच्चों ने लिया भाग





## सासन पावर लिमिटेड के तियरा टाउनशिप में समर कैम्प का आयोजन

**जागरण बैढ़न।** सासन पावर लिमिटेड के तियरा टाउनशिप में सीईओ एवं स्टेशन डायरेक्टर, प्रोजेक्ट डायरेक्टर के कुशल मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशन में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सासन पावर लिमिटेड के अधिकारियों के सामूहिक पहल पर परियोजना के आवासीय परिसर तियरा टाउनशिप में बड़े हर्ष एवं उल्लास के साथ समर कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 55 बच्चों ने भाग लिया । इस कैम्प के माध्यम से बच्चों को जरूरी एवं उपयोगी जानकारी संबंधित विभाग के कुषल एवं अनुभवी लोगों के द्वारा दी गई । जिसमें बच्चों को पर्यावरण सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया, और पेड़ और पौधों का हमारे पर्यावरण, जलवायु एवं पारिस्थितिक तंत्र में महत्वपूर्ण योगदान में बारे में जानकारी दी गई समर कैम्प के माध्यम से बच्चों के साथ पर्यावरण सुरक्षा कार्यक्रम प्रोग्राम मनायाा है जिसमें बच्चों ने गीला और सूखा कचरा प्रबंधन के बारे में जाना कि कैसे उन्हें सही स्थान पर रखना चाहिए और कैसे वापस उपयोग कर सकते हैं । टाउनशिप में रहने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को घर-घर जाकर गीले और सूखे कचरे के प्रबंधन के बारे में बताया कि उन्हें सही और सुनिश्चित कचरेदान में ही डालें और वृक्षारोपण के महत्व के बारे में बताया गया कि पेड़ हमारे जीवन के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं और हमें अपने घरों में और अपने आस-पास पेड़ लगाने चाहिए। सासन पावर प्लांट द्वारा इस तरह के समर कैंप निरंतर आयोजित किये जाते रहेंगे। ईएचएस हेड- जितेन्द्र प्रसाद द्वारा ऐसे आयोजनों को सफलतापूर्वक आयोजित किये जाने की प्रतिबद्धता जाहिर की। जिससे अधिक से अधिक बच्चों को इसका लाभ मिल सके । इस आयोजन को सफल बनाने में समन्वयक जसपाल सिंह, मो. सईद, श्रीमती आरती राय, श्रीमती माया राय, और श्रीमती बबिता राव तथा आयोजक मंडल का अहम योगदान रहा ।

# मई में एनसीएल से निदेशक तकनीकी संचालन सहित 48 कर्मी हुए सेवानिवृत्त




**जागरण सिंगरौली।** आज नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल के निदेशक तकनीकी/संचालन जितेन्द्र मलिक सहित 6 अधिकारी और 42 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। एनसीएल मुख्यालय से जितेन्द्र मलिक निदेशक तकनीकी/संचालन विक्टर कुजूर महाप्रबंधक मानव संसाधन राजेन्द्र प्रसाद वरीय निजी सहायक सत्यानन्द गुड़िया वरीय निजी सहायक बिरेन्द्र राय सहायक पर्यवेक्षक परिवहन तथा श्री सुमेश्वर सहायक फोरमैन सेवानिवृत्त हुए। इन सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सम्मान में एनसीएल मुख्यालय में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कंपनी के अध्यक्ष.सह.प्रबंध निदेशक सीएमडी बी. साईराम निदेशक मानव संसाधन मनीष कुमार निदेशक वित्त रजनीश नारायण निदेशक तकनीकी/परियोजना एवं योजना सुनील प्रसाद सिंह मुख्यालय के विभागाध्यक्ष अन्य अधिकारीगण कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन उपस्थित रहे। अभिनंदन समारोह के दौरान एनसीएल के अध्यक्ष.सह.प्रबंध निदेशक बी.साईराम ने कहा कि जितेन्द्र मलिक एक कुशल निर्णयकर्ता समाधानकर्ता तथा कंपनी की उत्कृष्टता में बहुमूल्य योगदान देने वाले निदेशक रहे। अपने संबोधन में उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को संस्था का ध्वजवाहक बताते हुए उनके योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा उनके सुखद और स्वस्थ भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। श्री साईराम ने यह भी कहा कि आज कोल इंडिया में अनेक परिवर्तन हो रहे हैं जिनके हम सभी साक्षी हैं। अपने उद्बोधन में निदेशक मानव संसाधन मनीष कुमार ने कहा कि निदेशक तकनीकी/संचालन श्री मलिक बड़े ही सौम्य व शांत स्वभाव के अधिकारी हैं। खनन क्षेत्र की कठिन परिस्थितियों में भी इसका स्पष्ट उदाहरण देखने को मिला है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि टीम एनसीएल को भविष्य में भी उनका मार्गदर्शन प्राप्त होता रहेगा। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों की सेवाओं को नमन करते हुए उनके सुखद एवं स्वस्थ भविष्य की कामना की। इस दौरान निदेशक वित्त रजनीश नारायण ने कहा कि आज सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मी समृद्ध व्यक्तित्व के धनी हैं। उन्होंने यह कामना की कि सभी का सेवानिवृत्त जीवन तनए मन और धन से प्रसन्न रहे तथा आने वाले समय में वे समाज में अपना योगदान सुनिश्चित करेंगे। साथ ही सभी को उज्वल भविष्य की स्वर्णिम शुभकामनाएँ दी । सेवानिवृत्त हो रहे एनसीएल के निदेशक तकनीकी/संचालन जितेन्द्र मलिक ने कार्यक्रम में कहा कि सेवानिवृत्ति एक पड़ाव है और अब एक नया सफर शुरू होगा। उन्होंने इस अवसर पर सभी को सहयोग प्रेम और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने दूरदृष्टि पक्का इरादा और अनुशासन को सफल कार्यकाल का मूलमंत्र बताया। टीम एनसीएल की कुशलता व कार्यसंस्कृति की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कंपनी के उत्तरोत्तर विकास की कामना की। अभिनंदन समारोह के दौरान निदेशक तकनीकी/परियोजना एवं योजना सुनील प्रसाद सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों की पूर्ति असंभव होती है। हमें आशा है कि सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों की भविष्य की सभी योजनाएँ भी आपकी ही तरह सफल होंगी। टीम एनसीएल की ओर से उन्होंने सुखद स्वस्थ और यशस्वी सेवानिवृत्ति के लिए शुभकामनाएँ दीं। समारोह में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों ने अपने कार्यकाल की स्मृतियों को साझा किया। साथ ही उपस्थित अधिकारियों ने भी सेवानिवृत्त कर्मियों से जुड़े संस्मरण एवं विचार व्यक्त किए। अंत में सभी सेवानिवृत्त अधिकारियो/कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति से संबंधित उपादेय भेंट किए गए।

एनसीएल की सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों में भी सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के सम्मान में अभिनंदन समारोह आयोजित किए गए।

# ईशानगर में फर्जी क्लीनिक पर छापा, दवाएं जब्त

**छतरपुर।** स्वास्थ्य विभाग ने विशेष अभियान के तहत गत रोज कस्बे के एक फर्जी क्लीनिक पर छापेमारी कर झोलाछाप डॉक्टर जमील खान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। जांच में पाया गया कि जमील खान बिना वैध दस्तावेज और डिग्री के मरीजों का इलाज कर रहा था। गुरुवार को ईशानगर थाने में उसके खिलाफ मध्य प्रदेश उपचार्य गृह अधिनियम और मध्य प्रदेश राज्य आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम के तहत प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एसडीएम अखिल राठौर और तहसीलदार के निर्देश पर 26 मई को ईशानगर में फर्जी क्लीनिकों पर छापेमारी की। इस दौरान जमील खान को बिना किसी वैध डिग्री या क्लीनिक पंजीकरण के एलोपैथी दवाओं और इंजेक्शनों से मरीजों का इलाज करते पाया गया। टीम ने क्लीनिक से बड़ी मात्रा में एलोपैथी दवाएं और इंजेक्शन जब्त किए। बीएमओ डॉ. गिरीश साहू ने 27 मई को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसके आधार पर 29 मई को एफआईआर दर्ज की गई और क्लीनिक को सील कर दिया गया। बीएमओ डॉ. गिरीश साहू ने बताया, बिना दस्तावेज और डिप्लोमा के इलाज करना जनस्वास्थ्य के लिए खतरा है। हमने सख्त कार्रवाई की और क्लीनिक सील कर दिया। थाना प्रभारी शैलेंद्र सक्सेना ने कहा कि कानूनी प्रक्रिया के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है और जांच जारी है। कार्रवाई के दौरान डॉ. गिरीश साहू और शैलेंद्र सक्सेना मौजूद रहे।

# विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में कर्मचारियों के योगदान को हमेशा रखा जाएगा याद: फणि कुमार



## एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा 9 कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर दी गई विदाई

**जागरण विंध्यनगर।** एनटीपीसी.विंध्याचल परियोजना मे आज अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात 9 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों मे त्रिलोक सिंह महाप्रबंधक आरएल श्रीमन नारायण मिश्रा उप महाप्रबंधक बीएमडी फरजन्द हुसैन उप प्रबन्धक पीएंडएस आत्माराम पटेल अभियंता/एसएलपीएस प्रचालन विजय केरकेट्टा अभियंता/एसएलपीएस प्रचालन आटो ब्रुनो मिंज अभियंता/एसएलपीएस प्रचालन रमेश अभियंता/एसएलपीएस फ्यूल हैंडिलिंग राजेश कुमार शर्मा अधिकारी/एसएलपीएस रसायन एवं सूरज लाल साहू प्रचालक ईएमजी शामिल हैं। एनटीपीसी.विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान परियोजना के उमंग भवन के सभागार में किया गया। स्वागत की कड़ी में कार्यकारी निदेशक विंध्याचल ई सत्य फणि कुमार महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण संजीब कुमार साहा नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। साथ ही परियोजना की यूनियन/एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी पुष्पमाला पहनाकर अतिथि कर्मचारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक विंध्याचल ई सत्य फणि कुमार ने सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी.विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और एनटीपीसी.विंध्याचल सदा ही आपकी सेवा के लिए आपका कृतज्ञ रहेगा। साथ ही महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण संजीब कुमार साहा नें भी सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपने जीवन की नई पारी की नए सिरे से शुरुआत करने हेतु शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इसी कड़ी मे विभागाध्यक्षों ने भी सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। सम्मान की कड़ी में सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का कार्यकारी निदेशक विंध्याचल ई सत्य फणि कुमार महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण संजीब कुमार साहा एवं अन्य महाप्रबंधकगणों द्वारा श्रीफल शाल एवं स्मृति.चिन्ह से सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को एनटीपीसी मे उनके द्वारा दी गई दीर्घ सेवाओं के लिए दीर्घ सेवा प्रमाण.पत्र आदि भी प्रदान किया गया । तत्पश्चात सेवानिवृत्त कर्मचारीगण ने भी मंच पर आकर अपने अनुभव साझा किए और एनटीपीसी के साथ बिताए गए समय को अविस्मरणीय बताया। उन्होंने कहा कि उनकी पहचान एनटीपीसी के कारण ही बनी है और वे सदैव इसके आभारी रहेंगे। उन्होंने अपने सहकर्मियों के सहयोग और स्नेह के लिए विशेष धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर महाप्रबंधकगण विभागाध्यक्षगण यूनियन एवं एसोसिएशन प्रतिनिधिगण संबंधित विभागों के कर्मचारी तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन उपस्थित रहे। समारोह का सफल संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन श्रीमती पूर्णिमा चतुर्वेदी द्वारा किया गया।



## मैदान से हटकर

### गुजरात के आईपीएल से बाहर होते ही रोने लगे नेहरा के बच्चे



गुजरात टाइटंस की टीम को शुक्रवार को एलिमिनेटर में हार का सामना करना पड़ा। मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा (81) और जॉनी बेयरस्टो (47) की पारियों के दम पर पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 228 रन बनाए। जवाब में आईपीएल के इस सत्र में सर्वाधिक रन बनाने वाले साइ सुदर्शन के 49 गेंद में 80 रन के बावजूद गुजरात की टीम छह विकेट पर 208 रन ही बना सकी और 20 रनों से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। गुजरात के बाहर होने पर टीम के मुख्य कोच आशीष नेहरा के बच्चे अपने इमोशन पर काबू नहीं रख सके और काफी भावुक नजर आए। वहीं कप्तान शुभमन गिल की सिस्टर शहनील गिल भी काफी इमोशनल दिखीं। गुजरात का सफर खत्म होते ही फैंस काफी मायूस नजर आए। स्टेडियम में खिलाड़ियों के परिवार भी इमोशनल को रोक नहीं सके। मुख्य कोच आशीष नेहरा के बच्चे रोतें हुए दिखे।

(जेएनएन)

### ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 759 |
| सूर्यकुमार यादव (मुंबई) | 673 |
| शुभमन गिल (गुजरात) | 650 |
| मिचेल मार्श (लखनऊ) | 627 |

### पर्पल कैप (गेंदबाज)



| | |
|---|---|
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 25 |
| नूर अहमद (चेन्नई) | 24 |
| जोस हेजलवुट (आरसीबी) | 21 |
| ट्रेंट वोल्ट (मुंबई) | 21 |

### बाउंड्री मीटर



1251 छक्के
2191 चौके
141 अर्धशतक

रोहित शर्मा ने आईपीएल में 266 पारियों में 7000 रन पूरे किए हैं। इस मामल में पहले नंबर पर विराट कोहली (258 पारियों में 8618 रन) हैं। तीसरे नंबर पर शिखर धवन (184 पारियों में 6769 रन) और चौथे नंबर पर सुरेश रैना (200 पारियों में 5528) आते हैं।

### अहलावत ऑस्ट्रियाई ओपन में संयुक्त 11वें स्थान पर

**साल्जबर्ग (ऑस्ट्रिया), जेएनएन।** भारत के वीर अहलावत दूसरे दौर में दो अंडर 68 का कार्ड खेलने के बाद ऑस्ट्रियाई अल्पाइन ओपन गोल्फ में संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर है। अहलावत ने पार 70 के कोर्स पर शुरुआती राउंड में 67 का कार्ड खेला था। उनका कुल स्कोर पांच अंडर का है। वह तालिका में शीर्ष पर काबिज मार्सेल श्नाइडर (63-66) से छह शॉट पीछे हैं। टूर्नामेंट में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय शुभंकर शर्मा ने दूसरे दौर में अपने प्रदर्शन में सुधार करते हुए एक अंडर का कार्ड खेला लेकिन यह कट में प्रवेश करने के लिए काफी नहीं था। अहलावत ने तीसरे, पांचवें, नौवें और 18वें होल में बर्डी लगाई जबकि दूसरे और 15वें होल में बोगी कर बैठे। शर्मा को शुरुआती दौर में तीन ओवर 73 का कार्ड खेलना महंगा पड़ा।



# पंजाब किंग्स के सामने होगी मुंबई इंडियंस की कड़ी चुनौती

**अहमदाबाद, जेएनएन।** अपने पहले खिताब की कवायद में लगी पंजाब किंग्स की टीम को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे क्वालीफायर में रविवार को यहां पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस की टीम की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स को पहले क्वालीफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा जिससे निश्चित तौर पर उसका आत्मविश्वास डिग गया होगा।

### दोनों के लिए मैच सेमीफाइनल जैसा

पंजाब किंग्स को अगर पहली बार चैंपियन बनना है तो उसे इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दोनों टीमों के लिए यह मैच सेमीफाइनल जैसा है। मुंबई इंडियंस ने एलिमिनेटर में खिताब की प्रबल दावेदार गुजरात टाइटन्स को हराकर छठे खिताब की ओर एक और कदम बढ़ाया। इस जीत से मुंबई का निश्चित तौर पर आत्मविश्वास बढ़ा होगा। आरसीबी और पंजाब किंग्स की तुलना में मुंबई इंडियंस की टीम नॉकआउट चरण में जीत दर्ज करने का अधिक अनुभव रखती है। उसके मुख्य कोच माहेला जयवर्धने के सामने चुनौती अपनी टीम को संगठित रखने की होगी। श्रीलंका के पूर्व कप्तान ने हालांकि अभी तक यह भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। पिछले सत्र में सबसे निचले पायदान पर रही मुंबई इंडियंस को प्लेऑफ में पहुंचाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।




### पंजाब के बल्लेबाजों को गेंदबाज की भरपाई करनी होगी

पंजाब किंग्स में कप्तान श्रेयस अय्यर और मुख्य कोच रिकी पोंटिंग की जोड़ी के लिए चुनौती यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके खिलाड़ी पिछले मैच में मिली करारी हार को भूल जाएं और अपनी ऊर्जा को उन चुनौतियों से लड़ने में लगाएं जो विशेषकर गेंदबाजी विभाग में कुछ खिलाड़ियों के बाहर हो जाने से सामने आई हैं। इससे उसके मुख्य तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर अतिरिक्त दबाव बन रहा है। मार्को यानसन की अनुपस्थिति और आईपीएल में सर्वाधिक विकेट लेने वाले युजवेंद्र चहल की अनुपलब्धता टीम के लिए परेशानी का सबब बन गई है क्योंकि उसने इन खिलाड़ियों की जगह पर जो विकल्प आजमाए वे अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके। इसकी भरपाई करने के लिए पंजाब किंग्स के बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।आरसीबी के खिलाफ पिछले मैच में उसके बल्लेबाज नहीं चल पाए थे और टीम प्रबंधन अब अच्छी तरह से जानता है कि किसी भी विभाग में गलती करने का बड़ा खामियाजा भुगतना होगा।

**मुंबई इंडियंस-** हार्दिक पंड्या (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, बेवोन जैकब्स, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), कृष्णन श्रीजीत (विकेटकीपर), नमन धीर, राज बावा, मिशेल सेंटनर, जसप्रीत बुमराह, अर्जुन तेंदुलकर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, सत्यनारायण राजू, मुजीब उर रहमान, रघु शर्मा, जॉनी बेयरस्टो (विकेटकीपर), रिचर्ड ग्लीसन, चैरिथ असलंका।

**पंजाब किंग्स-** श्रेयस अय्यर (कप्तान), नेहल वढेरा, विष्णु विनोद (विकेटकीपर), जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), हरनूर पन्नू, पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, हरप्रीत बराड़, अजमतुल्लाह उमरजई, प्रियांश आर्य, आरोन हार्डी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, मिच ओवेन, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, विशाल विजयकुमार, यश ठाकुर, कुलदीप सेन, जेवियर बार्टलेट, प्रवीण दुबे, काइल जैमीसन।

### मुंबई के रोहित लय में लौटे



जहां तक मुंबई इंडियंस का सवाल है तो अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने शुरू में मिले दो जीवनदान का फायदा उठाकर गुजरात टाइटंस के खिलाफ बड़ी पारी खेली। रोहित फिर से लय में लौट आए हैं और पंजाब किंग्स के गेंदबाजों के लिए उन पर अंकुश लगाना आसान नहीं होगा। अगर समग्र तौर पर देखा जाए तो मुंबई इंडियंस की टीम में कोई कमी नजर नहीं आ रही है क्योंकि उसने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। फाइनल में पहुंचने के लिए उसकी टीम काफी हद तक रोहित, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और कप्तान हार्दिक पंड्या पर निर्भर रहेगी। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले इस मैच का नतीजा काफी हद तक गेंदबाजों के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा क्योंकि यहां की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है जिस पर काफी बड़े स्कोर बने हैं।

# दोहरा शतक लगा करुण नायर ने कंफर्म की अपनी सीट, लायंस के गेंदबाजों को थकाया

**लंदन, जेएनएन।** भारतीय बल्लेबाज करुण नायर ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहले गैर आधिकारिक टेस्ट के दूसरे दिन भारत ए के लिए दोहरा शतक जड़ दिया है। आठ साल बाद भारतीय चयनकर्ताओं का ध्यान खींचने में कामयाब रहे करुण नायर ने दोहरे शतक से भारतीय टीम में अपनी जगह लगभग कंफर्म कर ली है। 2017 में इंग्लैंड के खिलाफ तिहरा शतक लगाने के बाद करुण नायर को लंबे समय के लिए टीम से बाहर रखा गया। हालांकि उन्होंने घरेलू क्रिकेट में दमदार प्रदर्शन करके एक बार फिर अपनी जगह बनाई है। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने शुक्रवार को सरफराज खान के साथ 181 और ध्रुव जुरेल के साथ 195 रन की साझेदारी की। टेस्ट टीम में जगह बनाने से चूके सरफराज ने 92 रन बनाए जबकि टेस्ट टीम में शामिल जुरेल दूसरे दिन 94 रन पर आउट हुए। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में चौथे नंबर पर या उससे नीचे बल्लेबाजी करने वाले नायर अपनी नाबाद पारी में बिल्कुल सहज लगे और लायंस के गेंदबाज उन्हें तनिक भी विचलित नहीं कर पाए। अब विदर्भ के लिए खेलने वाले बेंगलुरू के इस बल्लेबाज ने नॉर्थम्पटनशर के लिये काउंटी क्रिकेट खेलने के अपने अनुभव का पूरा इस्तेमाल किया और 24वां प्रथम श्रेणी शतक जड़ा। उन्होंने अपनी पारी में 26 चौके और एक छक्का लगाया। करुण नायर 280 गेंद में 204 रन बनाकर आउट हुए।




**करुण नायर का 2024 से प्रदर्शन**

करुण नायर ने घरेलू क्रिकेट में धमाकेदार प्रदर्शन किया। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में 5 शतक लगाए। रणजी ट्रॉफी 2024-25 में भी उन्होंने चार शतक लगाए। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में करुण ने 6 पारियों में तीन अर्धशतक लगाए। काउंटी 2024 में दोहरा शतक जड़ा था और अब इंडिया ए के लिए दोहरा शतक लगाया है।

# अल्काराज और होल्गर रूण फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में

**पेरिस, जेएनएन।** गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज़ ने चार सेट तक चले संघर्ष पूर्ण मुकाबले में जीत दर्ज करके होल्गर रूण के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के चौथे दौर में प्रवेश किया। अल्काराज ने रात के सत्र में खेले गए मैच में बोस्निया के 33 वर्षीय खिलाड़ी दामिर दज़ुमुर को 6-1, 6-3, 4-6, 6-4 से हराया। यह पहला अवसर था जबकि स्पेन के दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज बोस्निया के खिलाड़ी के खिलाफ खेल रहे थे। उन्होंने स्वीकार किया कि इस मैच में जीत हासिल करना आसान नहीं था। अल्काराज ने कहा, आज मुझे काफी परेशानी हुई। पहले दो सेट में मैंने नियंत्रण बनाए रखा था लेकिन इसके बाद उसने आक्रामक होकर खेलना शुरू कर दिया। यह मेरे लिए वास्तव में मुश्किल था। चौथे दौर में उनका सामना बेन शेल्टन से होगा। इस बीच डेनमार्क के 10वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी रूण ने फ्रांस के क्वेंटिन हेलिस को पांच सेट तक चले मैच में 4-6, 6-2, 5-7, 7-5, 6-2 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई।





# पाकिस्तान ने दूसरे टी-20 में बांग्लादेश को 57 रन से हराया

**लाहौर, जेएनएन।** इस जीत के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। टीम ने पहले मुकाबले में 37 रन से जीत दर्ज की थी। शुक्रवार को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 201 रन बनाए। 202 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी बांग्लादेश टीम 19 ओवर में 144 रन पर सिमट गई। तीसरा और अंतिम मैच 1 जून 2025 को लाहौर में खेला जाएगा। ओपनर साहिबजादा फरहान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 74 रन बनाए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। पाकिस्तान की तरफ से फरहान के अलावा नवाज की भी फिफ्टी साहिबजादा फरहान ने 41 बॉल में 74 रन की पारी खेली। हसन नवाज ने नाबाद फिफ्टी (51 रन) लगाई। वहीं, मोहम्मद हारिस ने भी 25 गेंद में तेजी से 41 रन बनाए। बांग्लादेश की तरफ से हसन महमूद और तंजिम हसन साकिब ने 2-2 विकेट लिए। 1 विकेट रिशाद हुसैन ने भी लिया।

तंजिम की फिफ्टी, बांग्लादेश का मिडल ऑर्डर फ्लॉप रहा 202 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की टीम 19 ओवरों में 144 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम की बल्लेबाजी पूरी तरह से फ्लॉप हो गई। बांग्लादेश के लिए तंजिम हसन साकिब ने सबसे ज्यादा 50 रन बनाए। लेकिन बांग्लादेश का मिडल ऑर्डर पूरी तरह से फ्लॉप रहा। ऑलराउंडर मेहिदी हसन मिराज (23) के अलावा कोई भी मिडल ऑर्डर का खिलाड़ी दहाई के आकड़ें तक नहीं पहुंच पाया। पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा 3 विकेट अबरार अहमद ने लिए।

# 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' को तिरंगा रैली के रूप में मनाया जाएगा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया इस रविवार को देशव्यापी कार्यक्रम 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' के 25वें संस्करण तिरंगा रैली का नेतृत्व करेंगे जिसमें भारतीय सशस्त्र बलों को भी सम्मानित किया जाएगा। ओलंपिक पदक विजेता पहलवान योगेश्वर दत्त, पहलवान सरिता मोर, पूर्व क्रिकेटर और चयनकर्ता सबा करीम और बॉलीवुड अभिनेता शारवरी रैली के दिल्ली चरण में मांडविया के साथ शामिल होंगे।

रैली को यहां मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। राष्ट्रीय राजधानी में 1,200 से अधिक साइकिल चालकों के इस तिरंगा रैली में भाग लेने की उम्मीद है। इसके साथ ही देश भर में 2000 से अधिक स्थानों पर तिरंगा रैली का आयोजन किया जाएगा। ओडिशा में राज्य के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति तिरंगा रैली के भुवनेश्वर संस्करण को हरी झंडी दिखाएंगे।

# बदलने जा रहे हैं बीसीसीआई के कई नियम, टेस्ट और वनडे में होगा बड़ा बदलाव, गेंदबाजों को होगा फायदा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) अगले महीने से क्रिकेट के नियमों में कुछ बदलाव करने जा रही है। वनडे में अब एक गेंद का नियम फिर से लागू होगा। टेस्ट क्रिकेट में ये बदलाव जून से लागू होंगे। वहीं, सफेद गेंद वाले क्रिकेट (वनडे और टी20) में ये नियम जुलाई से लागू होंगे। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पुराने नियम ही लागू रहेंगे। नए नियम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के अगले चक्र से लागू होंगे, जिसकी शुरुआत श्रीलंका और बांग्लादेश के टेस्ट सीरीज से होगी। सफेद गेंद वाले क्रिकेट में ये बदलाव श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच होने वाली सीरीज से लागू होंगे।

**कन्कशन नियम में भी बदलाव :** जो गेंद ओवर 35 से 50 के लिए इस्तेमाल नहीं होगी, उसे बदलने वाली गेंदों में शामिल किया जाएगा। आईसीसी ने कन्कशन (सिर में चोट लगने पर) के नियम में भी बदलाव किया है। अब टीमों को मैच शुरू होने से पहले मैच रेफरी को पांच खिलाड़ियों के नाम देने होंगे, जिन्हें कन्कशन होने पर बदला जा सकता है। इन पांच खिलाड़ियों में एक विकेटकीपर, एक बल्लेबाज, एक तेज गेंदबाज, एक स्पिनर और एक ऑलराउंडर होगा। अगर किसी खास परिस्थिति में कन्कशन के कारण बदले गए खिलाड़ी को भी चोट लग जाती है, तो मैच रेफरी स्थिति को देखेंगे और पांच खिलाड़ियों के बाहर से भी खिलाड़ी को बदलने पर विचार कर सकते हैं। आईसीसी ने यह भी बताया है कि बाउंड्री लाइन पर कैच और डीआरएस (डिसीजन रिव्यू सिस्टम) के नियमों में बदलाव के बारे में बाद में जानकारी दी जाएगी।

### 2 गेंदों से शुरू होगा वनडे, एक गेंद का नियम होगा खत्म

### एक गेंद के नियम पर होगा फैसला

आईसीसी ने वनडे क्रिकेट में एक गेंद के नियम पर ध्यान दिया है। आईसीसी ने अपने सदस्यों को बताया है कि अब ओवर 1 से 34 तक दो नई गेंदें इस्तेमाल होंगी। ओवर 34 के बाद फील्डिंग करने वाली टीम दोनों गेंदों में से एक को चुनेगी। इस गेंद का इस्तेमाल ओवर 35 से 50 तक होगा। मैच में इसी गेंद का इस्तेमाल होगा, जब तक कि इसे बदलने की जरूरत न पड़े। अगर मैच 25 ओवर या उससे कम का है, तो हर टीम के पास सिर्फ एक नई गेंद होगी। पहले वनडे में दोनों छोर से नई गेंद का इस्तेमाल होता था। आईसीसी ने यह भी कहा है कि कुछ पुराने नियम पहले जैसे ही रहेंगे। अगर गेंद को बदलने की जरूरत पड़ती है, तो वैसी ही गेंद दी जाएगी।

# सचिन और पारुल को रजत, कुजूर सहित तीन खिलाड़ियों ने भी कांस्य पदक जीते

**गुमी (दक्षिण कोरिया), जेएनएन।** पारुल चौधरी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दूसरा रजत पदक जीता और भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव भी दूसरे स्थान पर रहे जबकि धावक अनिमेष कुजूर ने राष्ट्रीय रिकार्ड तोड़ते हुए कांस्य पदक जीता। इस तरह से 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अंतिम दिन शनिवार को भारत का पदक अभियान जारी रहा। विथ्या रामराज और पूजा ने भी अपनी-अपनी स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीते। इससे पहले 3000 मीटर स्टीपलचेज में रजत पदक जीतने वाली पारूल चौधरी महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में 15 मिनट 15.33 सेकंड (15:15.33 सेकंड) का समय लेकर दूसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में उभरते सितारे 25 वर्षीय यादव ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 85.16 मीटर तक भाला फेंका। वह मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम से पीछे रहे, जिन्होंने 86.40 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश में बागपत के निकट खेकड़ा गांव के एक किसान परिवार में जन्में यादव का इससे पहले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84.39 मीटर था। इस स्पर्धा में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी यशवीर सिंह ने भी प्रभावित किया तथा 82.57 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पांचवां स्थान हासिल किया। इससे पहले कुजूर ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए 20.32 सेकंड का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए कांस्य पदक जीता। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने 20.40 सेकंड का अपना पिछला रिकॉर्ड बेहतर किया, जो उन्होंने इस वर्ष की शुरुआत में राष्ट्रीय फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था।





### अनिमेष ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर पुरुषों की 200 मीटर स्पर्धा में कांस्य जीता

**गुमी (दक्षिण कोरिया), जेएनएन।** भारत के अनिमेष कुजूर ने शनिवार को यहां 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की 200 मीटर स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए कांस्य पदक जीता। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने 20.32 सेकंड का समय लेकर 20.40 सेकंड का अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा और पोडियम पर अंतिम स्थान प्राप्त किया। जापान के तोवा उजावा ने 20.12 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक, जबकि सऊदी अरब के अब्दुलअजीज अताफी (20.31 सेकंड) ने रजत पदक जीता। कुजूर के कांस्य पदक से भारत के कुल पदकों की संख्या 19 हो गई है, जिसमें आठ स्वर्ण पदक शामिल हैं।



# काउंटी क्रिकेट ने मुझे बल्लेबाजी के 'बेसिक्स' की याद दिलाई : सुदर्शन

**मुल्लांपुर, जेएनएन।** भारत के उदीयमान बल्लेबाज साईं सुदर्शन को काउंटी क्रिकेट में कुछ मैच खेलने के बाद यकीन हो गया कि बल्लेबाजी में 'बेसिक्स' (बुनियादी चीजों पर ध्यान देना) सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे इंग्लैंड के अपने पहले टेस्ट दौरे से पहले उन्हें काफी आत्मविश्वास मिला है। सुदर्शन ने आईपीएल में शानदार बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटन्स के लिए 54.21 की औसत से 759 रन बनाए। उनकी टीम के शुक्रवार की रात को एलिमिनेटर में मुंबई इंडियंस से हारने के बाद उनका ध्यान लाल गेंद की क्रिकेट पर केंद्रित हो गया है। पिछले कुछ सत्र में सरे के लिए खेलने वाले बाएं हाथ के इस बल्लेबाज के छह जून से नॉर्थम्पटन में भारत ए और इंग्लैंड के बीच होने वाले दूसरे मैच में खेलने की उम्मीद थी, लेकिन उन्हें यकीन नहीं है कि ऐसा संभव है। टेस्ट टीम छह जून को इंग्लैंड के लिए रवाना होगी। सुदर्शन ने कहा, मैंने काउंटी क्रिकेट में सात मैच खेले हैं, इसलिए ईमानदारी से कहूं तो इससे मुझे बहुत अच्छा अनुभव हासिल हुआ।

### लाल से सफेद गेंद पर ध्यान केंद्रित करने में समय लगेगा



उन्होंने कहा, निश्चित रूप से, सफेद गेंद के टूर्नामेंट के तीन महीने के लंबे समय के बाद आपकी बल्लेबाजी में कुछ चीजें बदल गई होंगी। मुझे लगता है कि 'बेसिक्स' पर अधिक ध्यान केंद्रित करने और उन्हें लाल गेंद के क्रिकेट में लागू करने में कुछ समय लगेगा, लेकिन श्रृंखला शुरू होने से पहले तैयारी करने के लिए हमारे पास कुछ अच्छा समय होगा। सुदर्शन से पूछा गया कि क्या आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें भारत की टी20 टीम में चुने जाने की उम्मीद है, उन्होंने कहा देश के लिए खेलना हर किसी का सपना होता है, इसलिए मैं भी ऐसा चाहता हूं लेकिन अभी मैं इस बारे में नहीं सोच रहा हूं क्योंकि एक टी20 बल्लेबाज के रूप में मुझे अपने खेल में अभी काफी सुधार करना है। जब भी मुझे मौका मिलेगा मैं निश्चित तौर पर देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहूंगा।

# प्रधानमंत्री ने एयरपोर्ट का किया वर्चुअल लोकार्पण



## सतना को मिली हवाई उड़ान की सुविधा, विकास को मिलेगी रफ्तार

## उड़ान योजना अगले दस वर्षो तक क्रियान्वित रहेगी:केन्द्रीय राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोल

जागरण सतना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्बूरी मैदान भोपाल में आयोजित लोकमाता देवी अहिल्या बाई महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन के अवसर पर वर्चुअल माध्यम से सतना एयरपोर्ट का लोकार्पण किया। सतना को हवाई उडान की सुविधा मिलने से क्षेत्र के औद्योगिक विकास, पर्यटन, चिकित्सा एवं आर्थिक समृद्धि को बढावा मिलेगा। सतना एयरपोर्ट के लोकार्पण अवसर पर सतना में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में केन्द्र सरकार के नागरिक उडड्यन एवं विमानन राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उडान योजना के माध्यम से आने वाले समय में हवाई अड्डों की संख्या 200 तक बढाई जायेगी और विकसित भारत बनने तक देश में कुल हवाई अड्डों की संख्या 400 के लगभग हो जायेगी। उन्होंने कहा कि उडान योजना अगले 10 साल तक क्रियान्वित रहेगी। मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश के सतना और दतिया धार्मिक महत्व के शहर को प्रधानमंत्री ने हवाई उडान की सौगात दी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा यह वर्ष महिला सशक्तीकरण को समर्पित किया गया है। इस मौके पर सतना सांसद गणेश सिंह, विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार, रामपुर बघेलान विक्रम सिंह, महापौर योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह परिहार, स्पीकर नगर निगम राजेश चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी, मेम्बर ऑफ प्लानिंग कमेटी अनिल कुमार गुप्ता, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना भी मंचासीन रहे।





### एयरपोर्ट का लोकापर्ण जन आकांक्षाओं के पूरे होने का प्रतीक

सतना के नवनिर्मित एयरपोर्ट में आयोजित स्थानीय लोकार्पण कार्यक्रम का शुभारंभ केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री मुरलीधर मोहोल ने दीप प्रज्जवलन कर किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री ने कहा कि विंध्य की धरती में मां शारदा देवी की नगरी तथा प्रभु श्री राम की वन स्थली से जुडे सतना में एयरपोर्ट का लोकार्पण जनआकांक्षाओं के पूरे होने और भविष्य की संभावनाओं का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई की जयंती का 300 वर्ष मनाया जा रहा है। उन्होंने कुशल प्रशासन के साथ ही शिक्षा, पेयजल, विकास, आध्यात्म सहित अन्य गतिविधियों से समाज को सशक्त बनाने का कार्य किया। राज्यमंत्री ने कहा कि देवी अहिल्याबाई की जन्म भूमि महाराष्ट्र और कर्मभूमि मध्यप्रदेश रही है। लेकिन उन्होंने सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से पूरे देश को जोडने का काम किया। सतना का यह एयरपोर्ट औद्योगिक विकास, रोजगार, चिकित्सा, पर्यटन सुविधाओं के साथ आर्थिक समृद्धि को बढावा देगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में पिछले 11 सालों में देश के हर क्षेत्र में प्रगति से क्रांतिकारी बदलाव हुए है। देश में वर्ष 2014 के पहले मात्र 74 एयरपोर्ट थे। इन वर्षो में एयरपोर्ट की संख्या 160 तक पहुंच गई है। सतना का एयरपोर्ट 160वां एयरपोर्ट है। अब हवाई चप्पल पहनने वाले गरीब व्यक्ति भी हवाई सफर की सुविधा ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की डबल इंजन सरकार विकास के नये आयाम लिख रही है। उन्होंने कहा कि सतना की जनता को विश्वास दिलाता हूं कि सतना एयरपोर्ट में नाइट लैडिंग सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास के लिए नागरिक विमानन मंत्रालय द्वारा सकारात्मक विचार कर कार्य किये जायेंगे।

### इस हवाई अड्डे को देश के बडे एयरपोर्ट से जोडने की आवश्यकता : सांसद

सांसद सतना गणेश सिंह ने सतना जिले को हवाई सेवा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोल, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सतना के एयरपोर्ट लोकार्पण के साथ ही यह क्षेत्र भी देश के हवाई सेवा के मानचित्र में अंकित हो गया है। उन्होंने कहा कि सतना विंध्य क्षेत्र का औद्योगिक जिला है। इस हवाई अड्डे को देश के बडे एयरपोर्ट से जोडने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी की मंशा हवाई चप्पल पहनने वाले आम मजदूर और नागरिक भी हवाई सेवा का लाभ उठाये, इसी के दृष्टिगत सतना एयरपोर्ट से प्रारंभ हो रही हवाई सेवा की पहली उडान में 7 अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलायें इस सेवा का लाभ ले रही है। इसके पूर्व सतना एयरपोर्ट के लोकार्पण अवसर पर एयरक्राफ्ट फ्लाई ओला की कैप्टन मोहिंदर कौर और कोआर्डिनेट डॉ. मोनिका का अभिनंदन किया गया और पहली बार उडान पर जाने वाली महिला यात्री ग्राम कैमा सोहावल की छोटी बाई कोल, नगर पंचायत कोठी की पार्षद बूटी कोल, सतना बदखर वार्ड नम्बर 12 की संगीता कोल, रामपुर बघेलान की ग्राम मगरवार की सुमित्रा आदिवासी, मैहर ग्राम लखवार वार्ड नम्बर 23 की रितु कोल, माधवगढ सरिया टोला की मैना देवी कोल और धवारी वार्ड नम्बर 31 की भूरी बाई कोल को बोर्डिंग पास प्रदान किये गये।

### देश की सीमाओं को किया गया सुरक्षित

मध्यप्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जन्म जयंती वर्ष को राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तीकरण के रूप में मनाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के कुशल नेतृत्व में रेल, सडक, हवाई सेवा सहित सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास कार्य हो रहे है। मध्यप्रदेश प्रधानमंत्री के विकसित भारत बनाने के संकल्प के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश की सीमाओं को सुरक्षित किया गया है। वही पडोसी देश की कायराना हरकत का मुंहतोड जबाब भी हमारी सेना ने दिया है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की मध्यप्रदेश सरकार ने तेज गति से रेल, सडक, हवाई सेवा, मेडीकल कॉलेज, शिक्षा, पीएमश्री विद्यालय, संदीपनी स्कूल सहित सभी क्षेत्रों में तेजी से कार्य किये हैं।

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती के अवसर पर 6 महिलाओं का सम्मान



**जागरण सतना।** सतना एयरपोर्ट पर लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित महिला सशक्तीकरण के कार्यक्रम में केन्द्रीय विमानन राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोल और कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने सतना जिले की विभिन्न की सेवाओं में उल्लेखनीय कार्य के लिए 6 महिलाओं को सम्मानित किया। इनमें नागौद जनपद की सितपुरा निवासी सुश्री नीतू सिंह को स्व सहायता समूह के माध्यम से 500 से भी अधिक महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण देने, सोहावल विकासखण्ड की करही कोठार गांव की श्रीमती कमला चौधरी को बैंक सखी के रूप में कार्य करने तथा महिलाओं को स्वरोजगार प्रशिक्षण देने, रामपुर बघेलान की खैरा निवासी श्रीमती आशा अहिरवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 57 स्व-सहायता समूह को 1 करोड 93 लाख की राशि बैंक के माध्यम से दिलाने के उल्लेखनीय कार्य हेतु सम्मानित किया गया। इसी प्रकार से उचेहरा विकासखण्ड की गडौली निवासी अर्चना दुबे को आचार, बडी, पापड, मुरब्बा, बर्फी का स्वरोजगार शुरू कर अन्य महिलाओं को रोजगार देने, नागौद विकासखण्ड की सरपंच जसो निशा कुशवाहा को स्वच्छ भारत मिशन और वृक्षारोपण के कार्यक्रम में उल्लेखनीय कार्य के लिए तथा नगर निगम क्षेत्र की श्रीमती नुसरत सीरी को 150 समूहों का गठन कर शहरी पथ विक्रेताओं के आर्थिक संवर्धन के लिए 4370 हितग्राहियों को बैंकों के माध्यम से 13 करोड 11 लाख रूपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने में मदद के लिए सम्मानित किया गया।

# पानी भरने के दौरान डंडे से पीट-पीट कर हुई थी हत्या



## चंद घंटो में पुलिस ने गिरफ्तार कर पहुंचाया सलाखों के पीछे

**जागरण सतना।** पानी भरने के दौरान हुये विवाद के बाद युवक की हत्या का मामला सामने आते ही हडकम्प मच गया मगर पुलिस ने आरोपी को चंद घंटे के अंदर दबोच कर सलाखो के पीछे डाल दिया। यह कार्यवाही नागौद टीआई अशोक पाण्डेय द्वारा एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश एएसपी के मार्गदर्शन में की गई है।

**ये है मामला :** पुलिस ने बताया कि पोखरा टोला नई बस्ती भर्री थाना नागौद के फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 29 मई की शाम 6 बजे भर्री में रामपाल कोल के बोर में फरियादियॉ व उसका पति राजेन्द्र कोल तथा विजय कोल बोर के पास पानी भरने के लिए खडे थे बोर मालिक रामपाल कोल सबको दो-दो डिब्बे पानी दे रहा था मगर राजेन्द्र रावत दो डिब्बा पानी भरकर घर में रख आया और फिर से पानी ले ने के लिए आग गया इसी बात को लेकर विजय कोल गाली गलौच करने लगा मगर जब राजेन्द्र ने गाली गलौच करने से मना किया तो वहीं पास में ही बाडी में लगे डंडे को निकालकर विजय ने राजेन्द्र कोल के ऊपर ताबतोड हमला कर दिया। जिससे चोट राजेन्द्र के बाये तरफ सिर मे लगी और वह वहीं गिर कर बेहोश हो गया। परिजन उसे घर ले जाकर घरेलू उपचार करते रहे मगर कोई आराम नही लगा । रात होने की वजह से अस्पताल नही ले जापाये 30 मई को सुबह उपचार कराने जिला अस्पताल में भर्ती कराया मगर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। फरियादियॉ की रिपोर्ट पर थाना नागौद में धारा 103 (1) भारतीय न्याय संहिता का अपराध दर्ज कर आरोपी विजय कोल पिता कोदूलाल कोल उम्र 30 साल निवासी भर्री थाना नागौद को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है। पुलिस ने घटना में प्रयोग किया गया डंडा भी बरामद कर लिया है। इस कार्यवाही में नागौद टीआई अशोक पाण्डेय एवं उनके टीम की सराहनीय भूमिका रही।































जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com